वाराणसी, शनिवार, 12 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 274, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

अंदर- भारतीय टीम पर बिफरे कपिल देव, कहा- अब कहने को क्या बचा, जब कप्तान ही कह रहा कि दबाव नहीं झेल पाए



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर- विद्रोही नहीं, संवाद पुरुष थे बुद्ध

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# राजीव गांधी हत्याकांड के सभी दोषी बरी

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला: 6 दोषियों को जेल से रिहा करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। बता दें कि शुक्रवार(11 नवंबर) को देश की सर्वोच्च अदालत ने राजीव गांधी हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे नलिनी और आरपी रविचंद्रन सहित छह आरोपियों को रिहा करने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी 6 दोषियों को रिहा करने का आदेश सुनाते हुए साफ किया कि अगर इन सभी दोषियों के खिलाफ कोई अन्य मामला नहीं है, तो फिर इन्हें रिहा कर दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल ने लंबे समय से इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया, ऐसे में हम कदम उठा रहे हैं। बता दें कि मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने मई में रिहा हुए एक अन्य दोषी ए जी पेरारिवलन के मामले पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया। राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी, रविचंद्रन

**फैसला**

**21 मई 1991 को हुई थी पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या**

**नलिनी, रविचंद्रन व रॉबर्ट पॉयस के साथ मुरुगन, संथन, जयकुमार को रिहा करने का आदेश दिया गया**

और रॉबर्ट पॉयस के साथ-साथ मुरुगन, संथन, जयकुमार को रिहा करने का आदेश दिया गया है। इस मामले में पेरारिवलन पहले ही रिहा हो चुके हैं। मालूम हो कि नलिनी वर्तमान में पैरोल पर बाहर है। उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा अपनी याचिका को ठुकराने के बाद शीर्ष अदालत का रुख किया था।

21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी सभा में लिट्टे के आत्मघाती हमलावर ने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी थी।



इस मामले में सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 1999 में सुप्रीम कोर्ट ने सात दोषियों में से चार को मौत और अन्य तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वहीं सन 2000 में नलिनी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया गया था। जबकि 2014 में पेरारिवलन को टाडा अदालत और सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बाद दया याचिका के निपटारे में देरी के आधार पर फांसी की सजा उम्रकैद में बदल दी थी।



### हत्यारों की रिहाई पर कांग्रेस ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के आदेश दे दिए राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सभी छह दोषियों (नलिनी श्रीहरन, आर पी रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार) की रिहाई का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दे दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने मई में रिहा हुए एक अन्य दोषी ए जी पेरारिवलन के मामले पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कांग्रेस पार्टी खुश नहीं है और उसने इस आदेश पर कड़ा ऐतराज जताया है और इस फैसले को गलत कहा है। कांग्रेस के कम्युनिकेशंस इन-चार्ज और जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी के हत्यारों को मुक्त करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अस्वीकार्य और पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस इसकी आलोचना करती है और इसे पूरी तरह से अक्षम्य मानती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने भारत की भावना के अनुरूप काम नहीं किया। नलिनी, जो वर्तमान में पैरोल पर बाहर है, उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा याचिका को ठुकराने के बाद जेल से जल्द रिहाई की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश देने के बाद नलिनी की याचिका दायर की थी। संविधान के अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत (सुप्रीम कोर्ट) को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश पारित करने में सक्षम बनाता है। नलिनी ने पेरारीवलन के मामले का हवाला दिया क्योंकि उसने इसी तरह की राहत मांगी थी।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत : बोले जयराम रमेश**

# चुनाव बाद हुए गठबंधन स्वीकार्य : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार के खिलाफ दायर एक याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किए गए गठबंधन स्वीकार्य हैं। याचिका में राजद-जदयू गठबंधन को गलत बता शीर्ष अदालत से नीतीश कुमार को बर्खास्त करने को कहा गया था।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम संदरेश की बेंच ने कहा कि दल बदल कानून में भी इस तरह के गठबंधन का प्रावधान है। संविधान का 10वां शेड्यूल भी इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का कहना था कि याचिका में कोई मजबूत दलील नहीं दी गई है, जिस पर कोर्ट विचार करने का मन बनाए। लिहाजा इस याचिका को सिरे से खारिज किया जाता है। चंदन कुमार नाम के शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके दलील दी थी कि नीतीश और जदयू का महागठबंधन जनता के साथ धोखा है। हॉर्स ट्रेडिंग और करप्ट पॉलिटिक्स के चलते लोगों को एक स्थिर सरकार नहीं मिल पा रही है। उनका कहना था कि ये गठबंधन

**याचिका खारिज**

**जदयू-राजद के गठबंधन पर कोर्ट की लगी मुहर**

संविधान का सरासर उल्लंघन है। नीतीश कुमार को सुप्रीम कोर्ट तत्काल बर्खास्त करने का आदेश जारी करे।

याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनाव बाद हुए इस गठबंधन को अदालत फ्राड घोषित करे। ऐसी पार्टियों के लिए शीर्ष अदालत दिशा निर्देश जारी करे जो करप्ट और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति में लिप्त हैं। उनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट संसद को आदेश जारी करे, जिससे एक ऐसा कानून बनाया जा सके जिसमें चुनाव से पहले हुए गठबंधन पैसे और बाहुबल के इस्तेमाल से न तोड़े जा सकें। उनकी दलील थी कि सत्ता के लालची नेता अपने फायदे के लिए चुनाव पूर्व किए गठबंधन तोड़कर अपनी मर्जी से गठजोड़ कर लेते हैं। याचिका में संसद को ये भी निर्देश देने के लिए कहा गया था कि वो संविधान की 10वीं अनुसूची में व्यापक फेरबदल करे, जिससे इस तरह के मौकापरस्त गठबंधनों के होने का रास्ता बंद हो सके।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

### भागलपुर में टीचर ने बच्चों को पीट-पीटकर छिपकली वाला खाना खिलाया

**पटना।** बिहार में भागलपुर के एक स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 200 बच्चे बीमार हो गए। बच्चों ने खाने में छिपकली होने की शिकायत की तो टीचर ने पहले उन्हें डांटकर कहा- छिपकली नहीं बैंगन है। जब बच्चों ने खाने से मना किया तो टीचर ने पीट-पीटकर उन्हें खाना खिलाया। मामला नवगछिया प्रखंड में मदत्तपुर गांव के मध्य विद्यालय का है। क्लास 6 की छात्रा शिवानी कुमारी ने बताया कि गुरुवार को मिड-डे-मील परोसा गया। आयुष नाम के एक छात्र की थाली से छिपकली मिली। वह जोर से चिल्लाया तो सभी बच्चे खाना छोड़ खड़े हो गए। इसकी जानकारी टीचर चितरंजन को मिली तो वह पहुंचे और थाली देखकर कहने लगे कि छिपकली नहीं बैंगन है। टीचर ने थाली से छिपकली निकाल दी और बोले- चुपचाप खाना है तो खाओ नहीं तो घर जाकर खाओ। इसके बाद भी जब बच्चे नहीं खा रहे थे तो उन्होंने पीट-पीटकर खाना खिलाया। इसके बाद सभी को उल्टी होने लगीं। करीब 200 बच्चे बीमार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद धीरे-धीरे परिजन स्कूल पहुंचने लगे। सभी बच्चों को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**200 स्टूडेंट्स बीमार, टीचर ने कहा- बैंगन है चुपचाप खाओ**

# हिमाचल में 68 सीटों पर वोटिंग आज

## निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदान से पूर्व सारी तैयारियां पूरीं

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होने हैं। हिमाचल में चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है और कल होने वाले मतदान पर सभी की नजरें हैं। चुनाव के दौरान अधिक से अधिक मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हिमाचल प्रदेश में एक चरण में होने वाले मतदान के नतीजे 8 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। इसी दिन गुजरात विधानसभा चुनावों के नतीजे भी आएंगे। पिछली बार के चुनाव में हिमाचल की 68 सीटों में से 44 पर

**विधानसभा चुनाव**

**बागियों ने बढ़ाई बीजेपी-कांग्रेस की मुश्किलें**




बीजेपी ने जीत दर्ज की थी और सरकार बनाई थी। जबकि, कांग्रेस के खाते में 21 सीटें आईं थी।

इस चुनाव में दोनों दलों को बागी उम्मीदवारों ने टेंशन दिया है और ऐसे में कुछ सीटों पर बेहद कांटे की टक्कर होने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा ने 11 मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है, जिसके बाद पार्टी को विरोध का सामना करना पड़ा है। टिकट काटे जाने से नाराज विधायकों के बागी तेवरों ने बीजेपी को हलकान कर दिया है। बागियों की नाराजगी के बीच, सत्ताधारी दल भाजपा हिमाचल के मिथक को तोड़ते हुए राज्य में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश में जुटी है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से उसे जोरदार टक्कर मिल रही है। भाजपा जहां स्टार प्रचारक पीएम मोदी और सीएम जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। वहीं, कांग्रेस अपने नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है।

# ‘शिवलिंग’ को संरक्षित रखने का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (11 नवंबर, 2022) को एक अहम फैसले में कहा है कि शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश को बरकरार रखा है। हिंदू पक्ष को इस मामले में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। कोर्ट ने इससे पहले 12 नवंबर तक वजूखाने के संरक्षण का आदेश दिया था।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग (ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में) के सीलिंग आदेश को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। अदालत ने हमें मुस्लिम पक्ष की एक याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ज्ञानवापी परिसर के

**अहम फैसला**

**सुप्रीम कोर्ट ने तीन हफ्ते में मांगा सभी पक्षों से जवाब**

अरक सर्वे कराने की मांग पर अब 28 नवंबर को सुनवाई करेगी। वहीं श्रृंगार गौरी और ज्ञानवापी मस्जिद मामले में जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई की अगली तारीख 5 दिसंबर को तय की है। बता दें, इसके पहले ज्ञानवापी की श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन, पूजा पाठ और अन्य मामलों के संरक्षण के लिए 21 अक्टूबर को जिला जज की कोर्ट में हिन्दू पक्ष की ओर से कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई हुई थी। वहीं मुस्लिम पक्ष ने अधिवक्ता आयुक्त की कार्रवाई की मांग पर आपत्ति के लिए समय मांगा था। जिला जज ने इस पर 100 रुपये का



जुमार्ना सुनाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 नवंबर की तारीख दे दी थी। वहीं इसके पहले श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार के लिए आए सभी आवेदनों को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। आपको बता दें कि ज्ञानवापी परिसर के लिए राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने याचिका डाली थी। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज हो गई थी। राखी सिंह सहित पांचो वादी महिलाओं ने अब एक बार फिर से ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग की थी। इन महिलाओं के इस प्रार्थना पत्र को 17 मई को अदालत के सामने रखा गया था।

इन पांचों महिलाओं की दी गई याचिका में कहा गया है कि 16 मई को कमीशन की कार्यवाही के दौरान सर्वे में मिले शिवलिंग को पूरब की ओर दीवार में दरवाजे को ईंट से ढका गया है। वहीं तहखाने में नंदी के सामने ये मलबा रखा गया है और उत्तर दिशा की ओर भी एक दीवार बनाई गई है। इसमें उन्होंने मांग की है कि दीवार व मलबे को हटाकर शिवलिंग की ऊंचाई, लंबाई व चौड़ाई के साथ ही तहखानों में सर्वे की कार्रवाई की जाए।

# ओबरा में 660 मेगावाट की पहली इकाई की स्टीम ब्लोइंग शुरू

**जनसंदेश न्यूज**

**ओबरा।** ओबरा सी 1320 मेगावाट क्षमता की परियोजना की पहली इकाई में स्टीम ब्लोइंग शुरू हो गया है। स्टीम ब्लोइंग के बाद जनवरी के अन्तिम सप्ताह में कोल फायरिंग करने की योजना दुसान के अभियन्ताओं ने बनाया है। इस महत्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान मुख्य मंत्री योगी का ओबरा दौरा सम्भावित है। इसे लेकर अभियंताओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुयी है।

किसी भी हाल में तय समय पर कोल फायरिंग के लिये कमर कस लिये हैं। किसी भी परियोजना के लिये स्टीम ब्लोइंग एक महत्वपूर्ण स्टेज है जिसमे कोरिया की दुसान सिस्टम इण्डिया लिमिटेड के अभियंताओं को बड़ी

**उपलब्धि**

**जनवरी के अन्तिम सप्ताह में हो सकती है कोल फायरिंग**

**कोल फायरिंग के समय मुख्यमंत्री का हो सकता है दौरा**

सफलता मिल गयी है। स्टीम ब्लोइंग के दौरान ब्यायलर ट्यूब की सफाई होती है।

ब्यायलर ट्यूब में किसी भी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिये। इसलिये स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया से किसी भी नई इकाई को गुजरना पड़ता है। स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया 35 दिनों की होती है। इस दौरान तेज आवाज के साथ स्टीम को छोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान इतनी तेज आवाज होती है कि कोई भी आस पास बिना ईयर प्लग के खड़ा नहीं रह सकता। इसलिये दुसान के हजारों मजदूर ईयर प्लग का प्रयोग कर कार्य कर रहे हैं।

स्टीम ब्लोइंग की प्रक्रिया में यदि कोई खराबी नही आयी तो दुसान जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक कोल फायरिंग कर सकता है। कोल फायरिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का भी दौरा ओबरा में हो सकता है। फिलहाल मुख्य मंत्री के सम्भावित कार्यक्रम को लेकर दुसान के अभियन्ता दिन रात एक कर अगली कोल फायरिंग की प्रक्रिया को समय पर करने के लिये जुट गये हैं। जरूरी कार्यो के लिये दुसान कम्पनी ने मैन पावर की संख्या में काफी इजाफा कर दिया है।

## फिरोजपुर जेल में गैंगस्टर्स को ड्रोन से पहुंचाया मोबाइल

**जेल का डिप्टी सुपरिंटेंडेंट गिरफ्तार**

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर जेल में गैंगस्टर, तस्करों और कैदियों को मोबाइल फोन और नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में थाना सिटी पुलिस ने जेल के डीएसपी डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इसने ड्रोन के जरिए जेल की हाई सिक्योरिटी जोन में मोबाइल भेजे हैं। गैंगस्टरों से इसके बदले भारी धनराशि वसूली गई है। जेल मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि केंद्रीय जेल फिरोजपुर के उपाधीक्षक गुरचरण धालीवाल को एनडीपीएस अधिनियम, आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। धालीवाल पर सेंट्रल जेल फिरोजपुर में बंद हाई रिस्क कैदियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

# आयुष कॉलेजों के 891 विद्यार्थी होंगे बर्खास्त

**गोरखपुर।** प्रदेश के आयुष कॉलेजों में फर्जीवाड़ा कर प्रवेश लेने वाले 891 निलंबित विद्यार्थियों को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय ने बर्खास्त करने का फैसला लिया है। साथ ही इन छात्रों को इनरोलमेंट नंबर जारी करने पर रोक लगा दी है। जिन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर जारी कर दिए गए हैं, उन्हें निरस्त करने का फैसला लिया गया है।

अब तक प्रदेश के 12 कॉलेजों ने 200 से अधिक निलंबित छात्रों की सूची विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध करा दी है। जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के 104 सरकारी और निजी कॉलेजों को मिलाकर आयुष, यूनानी और होम्योपैथी की 7338 सीटें हैं। इन सीटों पर इस बार नीट काउंसिलिंग के जरिए प्रवेश हुआ है। लेकिन, प्रवेश के बाद रजिस्ट्रेशन और फार्म भरने की प्रक्रिया के दौरान 891 छात्र ऐसे मिले,

**कार्रवाई**

**फर्जीवाड़ा कर कॉलेजों में लिया था प्रवेश, 200 निलंबित छात्रों की मिली सूची**

जिन्होंने कागजों में हेर-फेर कर प्रदेश के कॉलेजों में सत्र 2021-22 में दाखिल ले लिया। इनके बारे में आयुर्वेद निदेशालय को सूचना दी गई। जांच में पता चला कि इनमें 22 छात्र ऐसे हैं, जो नीट की प्रवेश परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए थे, लेकिन इनका भी दाखिला आयुष कॉलेजों में हो गया है। कई अन्य छात्रों का दाखिला मेरिट में हेर-फेर के जरिए आयुष कॉलेजों में हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयुष निदेशालय ने ऐसे 891 छात्रों को निलंबित कर दिया। वहीं, आयुष विश्वविद्यालय ने अब इन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर जारी करने पर रोक लगा दी है। साथ ही बर्खास्त करने का फैसला भी लिया है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्टार आरबी सिंह ने बताया कि प्रदेश में 104 आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेज हैं। इनमें 2021-22 के लिए 85 आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेजों को मान्यता दे दी गई है। इनमें आयुर्वेद के 55 निजी और आठ सरकारी, यूनानी के नौ निजी और दो सरकारी, होम्योपैथी के दो सरकारी और दो निजी कॉलेज शामिल हैं। कुल 19 सरकारी और 69 निजी कॉलेजों को मान्यता दी गई है। रजिस्टार आरबी सिंह ने बताया कि प्रदेश के 12 कॉलेज ऐसे हैं, जिन्होंने 200 ऐसे छात्रों की सूची भेज दी है, जिन्होंने फर्जीवाड़ा कर दाखिला लिया है। अन्य कॉलेज भी ऐसे छात्रों की सूची भेज रहे हैं। इन छात्रों के इनरोलमेंट नंबर पर रोक लगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

# जल परिवहन से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत: सर्बानंद सोनोवाल

## उप्र में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध, इससे विकास की रफ्तार और होगी तेज : मुख्यमंत्री

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान शुक्रवार को बड़ालालपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल सभागार में आयोजित अंतर्देशीय जलमार्गों की भूमिका को और मजबूत करने के उद्देश्य से पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम गति शक्ति योजना के जरिए हर क्षेत्र में जो प्रगति हो रही है, वह पूरा देश देख रहा है। इसका सबसे लाभ उत्तर प्रदेश को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध है और इससे विकास की रफ्तार और तेज पकड़ेगी। उन्होंने सम्मेलन को दुनिया के सबसे प्राचीन एवं महादेव की नगरी काशी में आयोजित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन के दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। 12 से 13 एक्सप्रेस-वे पर कार्य तेजी से चल रहा है। रोड कनेक्टिविटी को फोरलेन से जोड़ा गया है। यहां से कृषि उत्पाद विदेशों एवं गल्फ कंट्रीयों में निर्यात किए जा रहे हैं। जिससे जहां किसानों की आय दोगुनी करने में सफलता मिली है, वहीं किसानों का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि पहला इनलैंडवाटर वेज प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बना है। उसकी जेटी

**शिखर सम्मेलन**

**पीएम गति शक्ति योजना के जरिए हर क्षेत्र में जो प्रगति हो रही है वह पूरा देश देख रहा है**

**पहला इनलैंडवाटर वेज पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बना**

का आज लोकार्पण व शिलान्यास भी यहां हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति बहुत बड़ा प्लेटफार्म आ गया है। जो विकास योजनाओं को पूर्ण करने में तकनीकी रूप से मदद करेगी और काफी कम समय में ही विकास योजनाएं मूर्त रूप ले सकेंगे। जिसका लाभ सीधे- सीधे जनता को मिलने लगेगा। उन्होंने




मंत्रीद्वय केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि हिमालय से निकलने वाली सिल्ट से काफी नदियां क्षिक्षिलि हो गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कई नदियों का ड्रेजिंग कराया गया, जिसका परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में मात्र चार-पांच जिलों में ही बाढ़ आती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को मूर्त रूप देने व उसे धरातल पर उतारने का प्रयास होगा।

सम्मेलन में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी, तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए सरकार के अलग-अलग मंत्रालय महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से देशवासियों में भरोसा जगा है कि आज हम हर क्षेत्र में तरक्की कर रहे हैं। सोनोवाल ने कहा कि जब तक यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तब तक हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत नही होगी। आज सरकार लॉजिस्टिक पॉलिसी के जरिए सारी योजनाओं को गति देने में जुटी है। आज देश का हर प्रांत इस पॉलिसी के साथ जुड़ रहे हैं और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। श्री सोनोवाल ने कहा कि जनता की शक्ति को दोगुना बढ़ाने के लिए पीएम ने सशक्तिकरण के लिए जो दिशा दी है जो विषय दिया है आज उसी के जरिए हम आगे बढ़ रहे हैं।? पिछले आठ वर्षों विकास के पायदान पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज अगर वॉटरवेज की बात करें तो देश में 111 वॉटरवेज हैं जिसके जरिए हमारी यातायात व्यवस्था और दुरुस्त होगी। प्रधानमंत्री जी के विजन की बात करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम अब कई कदम आगे बढ़ चुके हैं और आज भारतीय के अंदर आत्मनिर्भर बनने की ललक भी जाग चुकी है। प्रधानमंत्री गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन की चर्चा करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए जो विशेषज्ञों की राय निकलकर सामने आएगी उसके जरिए विकास को गति दी जाएगी। सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि गति शक्ति जैसा टूल्स किसी के पास नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। शिखर सम्मेलन में असम के लिए इलेक्ट्रिक-बैटरी चालित हाइब्रिड कटमरैन के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। सम्मेलन में खालिद महमूद चौधरी जहाजरानी राज्य मंत्री बांग्लादेश सरकार, डॉ तरुण कपूर भारत के प्रधान मंत्री के सलाहकार, डॉ संजीव रंजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### खड़े ट्रक में भिड़ा मांस लदा ट्रक



**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के रखौना गांव के सामने रिंग रोड के पास शुक्रवार तड़के खड़ी ट्रक में दिल्ली से मांस लादकर बंगाल जा रही ट्रक ने पीछे टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर चारों तरफ मांस के अवशेष बिखर गए। जिससे आस-पास दुर्गंध से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने ग्रामीणों व एनएचआई की मदद से ट्रक को हटवाकर मांस के अवशेष को थोड़ी दूर गड्ढे में दफनाया। साथ ही सड़क पर फैले मांस के खून को टैंकर से पानी मंगवाकर धुलवाकर साफ कराया। चौकी प्रभारी ने बताया कि ट्रक के चालक व खलासी दोनों गायब हैं, ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

### डेंगू पर लगाम के लिए कराई फॉगिंग

**वाराणसी।** डेंगू की रोकथाम के लिए शुक्रवार को शहर में व्यापक फॉगिंग की कार्यवाही की गई। जिसमें गंगा घाट क्षेत्रों के अलावा सड़कों और नगर निगम क्षेत्र की सीमा में आने वाले मुहल्लों और गलियों में फॉगिंग कराई गई। नगर खोजवा में माधव मार्केट से नगवा चौराहा, संत रविदास गेट एवं पार्क के चारों तरफ, नगवा रोड से हनुमान मंदिर घाट, यादव बस्ती एवं पंडाल वापसी अस्सी घाट, अस्सी चौराहा, रविंद्रपुरी कॉलोनी शुक्ला चौराहा, एवं आसपास के क्षेत्रों में फागिंग कार्य कराया गया। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के आगमन पर नगर निगम द्वारा वाटर स्प्रिंकलर का कार्य हुआ। जो तिलक मूर्ति से प्रारंभ होकर रथयात्रा, गुरुबाग, कमच्छा, भेलूपुर, रविंद्रपुरी बिरहा से लंका, सिगरा रुद्राक्ष, पटेल चौराहा आदि क्षेत्रों में किया गया।

### इन स्थानों पर आज होगी फॉगिंग

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया गया कि 12 नवंबर शेनिवार को सबजोन, सारनाथ, सिगरा , खोजवा ग्रामीण, सारनाथ ग्रामीण, फर्स्ट राउंड तथा सेकंड राउंड सब जोन भेलूपुर, खोजवा , शिवपुर ग्रामीण, आदमपुर ग्रामीण और सब जोन शिवपुर, सबजोन, नगवा ग्रामीण, फर्स्ट राउंड तथा सेकंड राउंड सब जोन नदेसर, सब जोन जेतपुरा सेकंड राउंड सब जोन नगवा, डीएलडब्ल्यू के साथ सब जोन दशाश्वमेश जोन में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जायेगा।

### बम ब्लास्ट की धमकी देने वाले की जमानत मंजूर

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने शुक्रवार को फोन कर मुख्यमंत्री की सभा में और कचहरी में बम ब्लास्ट करने की धमकी देनें के मामले में आरोपित फुलवरिया कैंट निवासी मोनू सोनकर की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी विवेक कुमार पांडेय ने कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### मजार पर चादरपोशी की सुनवाई आठ दिसम्बर को

**वाराणसी।** सिविल जज (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में शुक्रवार को ज्ञानवापी परिसर में मजार पर चादरपोशी व उर्स की अनुमति मांगने के प्रार्थना पत्र सुनवाई हुई। लोहता निवासी मुख्तार अहमद अंसारी सहित चार की ओर से कमीशन की करवाई सबंधित अर्जी पर सुनवाई करने की गुहार लगाई गई है। इस मामले में अगली सुनवाई आठ दिसंबर की होगी।

### दुष्कर्म मामले में आरोपी की जमानत मंजूर

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने शुक्रवार को नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में आरोपित जिम संचालक नरिया, लंका निवासी प्रशांत कुमार सिंह की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, वरूण प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी ने एक अक्टूबर 2022 को सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वर्ष 2016 में स्कूल में काम करने के दौरान उसके सहयोगी ने उसकी मुलाकात नरिया, लंका निवासी प्रशांत से कराई थी। जिसके बाद प्रशांत उसके घर आना-जाना शुरू कर दिया। इस बीच जनवरी 2017 में प्रशांत उसके घर आया और नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**वाराणसी।** भेलुपुर स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय अस्पताल के पूर्वी छोर पर पड़ोस में रहने वाला एक कारोबारी नींव खुदवाने लगा। जो अस्पताल की आराजी में करीब बीस फिट भीतर निर्माण के लिए नींव खुदवा रहा था। इसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे चिकित्सा प्रभारी डॉ. क्षितिज त्रिपाठी ने काम को बंद कराया। साथ ही मामले की जानकारी पुलिस को दी। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि निर्माण काम को बंद करा दिया गया है। दोबारा निर्माण करने पर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। अस्पताल के लिए महराज विजया नगरम ने 1961 में राज्य सरकार को अस्पताल के लिए दो एकड़ जमीन दान की थी।

### फब्तियां कसने वाले को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बड़ागांव।** स्थानीय थाने के एंटी रोमियो टीम ने कालेज आने-जाने वाले लड़कियों व महिलाओं को फब्तियां कसने वाले को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम की महिला उप निरीक्षक भारती गुप्ता ने अन्य महिला पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय कस्बे में स्थित कालेज में पढ़ने के लिए आने-जाने वाली लड़कियों को अश्लील फब्तियां कस रह रतनपुर निवासी शिवकांत हिरासत में लेकर कार्रवाई की।

### ससुर ने विधवा बहू को कमरे में किया बंद

**तरना।** शिवपुर थानाक्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी पीड़ित महिला को नाराज ससुराल जनों ने उसे कमरे में बंद कर दिया। पीड़ित ने मामले की सूचना अपने अधिवक्ता को दी और मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ज्योति सिंह का आरोप है कि पति की मौत के बाद ससुराल में हिस्सा न देना पड़े इसलिए सास, ससुर और ननद उसे घर से निकालने की नीयत से प्रताड़ना देने लगे। पीड़ित ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था, इससे नाराज सास मीना सिंह और ससुर सुरेंद्र नाथ सिंह ने गुरुवार की दोपहर उसे कमरे में बंद कर दिया और धमकी देते हुए कहीं चले गए। उसने 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी लेकिन ताला बंद होने से पुलिस लौट गई। पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से तहरीर देकर कमरे का ताला खुलवाने और जान-माल की रक्षा के लिए गुहार लगाई।

### मारपीट मामले में दो पक्षों पर मुकदमा दर्ज

**सिंधोरा।** थानाक्षेत्र के जलालपुर गांव में शुक्रवार को दो पड़ोसी आपस में मेड पर घास काटने को लेकर आपस में गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। दोनों पक्षों की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार मुन्नी देवी पत्नी भोनु शंकर ने तहरीर में बताया कि मेरे पति भोनु शंकर मेड पर घास काट रहे थे, इसी बात को लेकर दिनेश से झगड़ा हो गया। जिसपर वह और उसकी पत्नी गाली देते हुए मारने पीटने लगे। जिसमें भोनु शंकर को कुछ चोटे आ गईं। वहीं दूसरे पक्ष दिनेश का कहना है कि मैं रास्ते से जा रहा था तभी भोनू शंकर और उनकी पत्नी एका एक हमला कर मुझे और मां को चेटिल कर दिए।

### नेचुरोपैथी एंड योग के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 18 को

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन नेचुरोपैथी एंड योगा के दिवतीय समेस्टर सत्र 21-22 की प्रायोगिक परीक्षा 18 नवंबर को सुबह आठ बजे आयोजित की गई है। वहीं सत्र 22-23 के प्रथम सेमेस्टर के सभी विषयों के छात्रों की कक्षाएं 14 नवंबर से शुरू होंगी।

### छात्र पर चाकू से हमला

**सिंधोरा।** थानाक्षेत्र के राजपुर में कक्षा आठ के छात्र को सहपाठी और तीन अज्ञात ने स्कूल से लौटते समय चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मामले की शिकायत पीड़ित के नाना ने पुलिस से की। जिसपर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शिवदास पुत्र राजू अपने ननिहाल में रहकर कक्षा आठ में राजबत्ता हाईस्कूल मे पढ़ाई करता है। शुक्रवार को जब वह दोपहर करीब 12:30 बजे स्कूल से वापस घर आ रहा था तभी उसी के स्कूल का सहपाठी आर्यन और तीन अज्ञात उसे सास्ते में रोककर उसपर चाकू से हमला कर दिए, जिससे शिवदास जख्मी हो गया।


जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 332 2193 का अंकपत्र और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया हैं। रेनू देवी पुत्री राजकुमार चौहान, ग्राम+पोस्ट-राजापुर, जिला -गाजीपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 5077124 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 23629531 का मूल अंकपत्र व प्रमाणपत्र तथा स्थानांतरण प्रमाणपत्र विद्यालय संख्या 74021, टीसी संख्या 211 वास्तव में खो गया है। रोमा राय पुत्री प्रद्युम्न कुमार राय, शिशुआपार-सादात, गाजीपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3263793,इंटरमीडियट वर्ष 2014 अनुकमांक 2485064 व बीए फाइनल वर्ष 2018 अनुकमांक 68118030150 वास्तव में खो गया है। भुट्ठ अंसारी पुत्र बशरुद्दीन अंसारी ग्राम व पोस्ट-सरयां गड़वार जनपद-बलिया यूपी।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि NAJBUN NISA (OLD NAME) को अब से NAJAMUN NISA (NEW NAME) से जाना व पहचाना जाय। NAJAMUN NISA W/o SAIYAD HASAN r/0 Hasanpura Satpokhari Dulhipur Mughalsarai Chandauli-232101

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SAYAD HASAN (OLD NAME) को अब से SAIYAD HASAN (NEW NAME) से जाना व पहचाना जाय। SAIYAD HASAN S/o HAYAT MOHAMMAD r/0 Hasanpura Satpokhari Dulhipur Mughalsarai Chandauli-232101


# सरकार में भी स्टार्टअप की सोच को पीएम मोदी ने किया विकसित

**बोले पीयूष गोयल**

### केंद्रीय मंत्री ने बीएचयू के अटल इंक्यूबेशन सेंटर में नव उद्यमियों से किया संवाद

### कहा-युवा नई ऊर्जा और अपने स्टार्टअप के साथ देश के विकास को दे रहे हैं गति



बीएचयू के अटल इंक्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप संचालकों की तरफ से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**वाराणसी।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार को यहां पहुंचे और बीएचयू के अटल इंक्यूबेशन सेंटर में देश के प्रमुख स्टार्टअप संचालकों से मुखातिब हुए। उन्होंने उनसे संवाद कर नवाचार को प्रोत्साहन देने की राह और सुगम बनाने के प्रयासों से भी वह अवगत हुए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार में भी स्टार्टअप की सोच विकसित किया।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एलईडी बल्ब को कम कीमत में लोगों तक पहुंचाकर देश में ऊर्जा बचत करने की पहल पीएम मोदी ने किया। जिससे पिछले पांच-छह सालों में एलईडी का इस्तेमाल घर-घर में होने लगा है। उन्होंने कहा कि जब दिल में जोश हो, नई उमंग हो और इनोवेशन का जुनून हो तो हमारे युवा सब कुछ संभव कर सकते हैं। आज भारत स्टार्टअप का हब बन रहा है। युवा नई ऊर्जा और अपने स्टार्टअप के साथ देश के विकास को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश अपनी आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अमृत काल में यूपी 7500 स्टार्टअप का घर बन गया है। स्टार्टअप के जरिए देश में नए रोजगार सृजित हुए हैं। ये आंकड़े भारत के नए विजन की ताकत को दर्शाता है। भारत का यह नया विजन नए नवाचार और उद्यम की प्रगति को दिखाता। उन्होंने कहा कि आज का युवा नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला बन रहा है। इस दौरान उन्होने सरकार की स्टार्टअप नीति के बारे में जानकारी दी। कहा कि आज दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी स्टार्टअप को लेकर जिज्ञासा पैदा हुई है, जहां सीमित उद्यम के लिए पूंजी निवेश उपलब्ध है। आज पीएम का वो सपना साकार होता दिख रहा है। करीब छह वर्षों के बाद भारत ने तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम को तैयार कर लिया है। उन्होंने स्टार्टअप की तरफ से तैयार किये गए प्रदर्शनी को भी देखा। धन्यवाद केंद्र के प्रबंधक प्रशांत रंजन ने दिया। इस दौरान एडिशनल सेक्रेटरी अरविंद कुमार, ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रुति सिंह, इनक्यूबेशन सेंटर के इंचार्ज प्रोफेसर पीवी राजीव के अलावा मेनका तिवारी, करन पाल चौहान, परिषा मालू, धारणा सिंह, दिव्यांशु सिन्हा, शुभम द्विवेदी, श्रेया महर्षि आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख स्टार्टअप संचालकों की सुनी बात

इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने देश के प्रमुख स्टार्ट अप संचालकों से मुखातिब हुए। उनसे संवाद कर नवाचार को प्रोत्साहन देने की राह और सुगम बनाने के प्रयासों से भी वह अवगत हुए। उन्होंने संचालकों से संवाद किया तो उनकी दुश्वारी से भी वह अवगत हुए। समस्याओं के निराकरण का वायदा किया तो संचालकों के प्रयासों की उन्होंने सराहना भी की। स्टार्टअप परियोजनाओं में भी आने वाली दिक्कतों के बारे में भी संचालकों ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। साथ ही सरकार से और भी सहयोग की अपील की।

### गर्विता के स्टार्टअप परिभाषा से खुश हुए केंद्रीय मंत्री

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से युवाओं से स्टार्टअप की परिभाषा पूछी। इस दौरान युवाओं ने खुलकर अपने मन की बात रखी। एमए एग्री बिजनेस की छात्रा गर्विता प्रकाश ने स्टार्टअप को अपने मन का विचार बताया, जिसे मूर्त रूप देकर समाज में उत्पन्न किसी समस्या का समाधान किया जा सकता है। जिससे देश और देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इससे लाभ हो। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर बीएचयू के सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर में अटल इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी। सेंटर में नए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने व वाणिज्यिक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है।

# तालाब में युवती का शव मिला, सनसनी



बड़ागांव इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी युवती के भाई व पिता से पूछताछ करते हुए

**बरामदगी**

### पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित लाल भाला तालाब में युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। डीह स्थित लालभाला तालाब में सुबह लगभग नौ बजे शुध्दक स्थल के समीप तालाब किनारे उतराया एक युवती का शव मिला। जिसके बाद पानी में औंधे मुंह पड़े युवती के शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को जब पानी से बाहर निकालवाया तो किसी ग्रामीणों ने भटौली से दो दिन पुर्व लापता युवती शिखा पटेल पुत्री शिवलाल पटेल के रूप में उसकी पहचान की। पुलिस द्वारा भटौली गांव में सूचना दी गई। जिसके बाद रोते बिलखते युवती का बड़ा भाई जयप्रकाश पटेल मौके पर पहुंचा और बताया कि बहन की मानसिक स्थिति खराब थी वह बीते नौ नवंबर की शाम घर से निकली उसके बाद घर नहीं लौटी तो सभी बहन को ढूंढने निकले और गुरुवार को बड़ागांव थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया।



मृतका की फाइल फोटो

### इंटर पास कर चुकी थी शिखा

मृतक शिखा के पिता शिवलाल पटेल और भाई जयप्रकाश पटेल दोनों ने बताया कि शिखा 2020 में इंटर पास कर चुकी थी। उसके बाद से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। लेकिन कभी घर से बाहर नहीं जाती थी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि तालाब में औंधे मुह मिली युवती के बदन पर कुर्ती जीन्स पैंट था, लेकिन पैंट के सभी बटन खुले थे।

# शिवलिंग पर पूजा की सुनवाई 18 दिसम्बर को

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन कुमुद लता त्रिपाठी की अदालत में शुक्रवार को ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग की आकृति की पूजा पाठ रागभोग आरती करने सबंधित मामले में सुनवाई नही हो सकी। कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 नंबर की तिथि नियत की गई है। बता दे की शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य रहे और अब उनकी मृत्यु के बाद शंकराचार्य का पद सम्हाल रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व रामसजीवन ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी,रमेश उपाध्याय चंद्रशेखर सेठ के माध्यम से अदालत में वाद दाखिल किया है जिसमे शृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के आदेश पर हुए कोर्ट कमीशन की कार्यवाही में मिले शिवलिंग की आकृति का विधिवत रागभोग,पूजन व आरती जिला प्रशासन की ओर से विधिवत करना चाहिए था,लेकिन अभी तक प्रशासन ने ऐसा नहीं किया है। न किसी अन्य सनातनी धर्म से जुड़े व्यक्ति को इसके सम्बंध में नियुक्त किया। उन्होंने बताया कि कानूनन देवता की परस्थिति एक जीवित बच्चे के समान होती है। जिसे अन्न-जल आदि नहीं देना संविधान की धारा अनुच्छेद-21 के तहत दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार का उल्लंघन है।

# देह व्यापार कराने में दो आरोपी दोषी

**कोर्ट का फैसला**

### अदालत ने एक को 15 तो दूसरे को 10 साल की सुनाई सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश ( भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) राकेश पांडेय की अदालत ने शुक्रवार को रेड लाइट एरिया में नाबालिग लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराने के मामले में दो आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी मंडुवाडीह के पूर्व प्रधान तारकेश्वर नगर कॉलोनी निवासी पप्पू उर्फ प्रेम प्रकाश को 15 साल की सजा और 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि कानपुर के बेकनगंज निवासी राजेश उर्फ लंगड़ा को 10 साल की सजा और 17 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। अर्थदंड अदा करने पर पीड़िता को आधी धनराशि देने का आदेश दिया है। अदालत में अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) रोहित मौर्य और वादी के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण ने पैरवी की। मामले में पहले भी कई लोगों को सजा हो चुकी है।

### नाबालिग लड़कियों से जबरन करवाते थे देह व्यापार

सामाजिक संस्था गुड़िया की पहल पर पुलिस ने 13 नवंबर 2005 को शिवदासपुर स्थित रेड लाइट एरिया में छापेमारी की। कई नाबालिग लड़कियां बरामद की थी। इसके बाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। आरोप था की आरोपीगण बाहर से नाबालिक लड़कियों को लाकर कोठे पर बेच देते थे और नाबालिक लड़की से जबरदस्ती देह व्यापार कराते थे। नही करने पर काफी प्रताड़ित करते थे। यही नही जबरदस्ती नशा देते थे। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने दोनों पक्ष के सुनने और पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपितों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### बंद बगीचे में पड़ा मिला अज्ञात का शव

**मंडुवाडीह।** थाना क्षेत्र के लहरतारा इलाके में स्थित एक बंद पड़े बगीचे से एक अज्ञात का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त और मौत की वजह तलाशने में जुट गई। जानकारी के मुताबिक विगत कई दिनों से इसी इलाके के एक बंद पड़े बगीचे से दुर्गंध आ रही थी जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों ने लहरतारा चौकी को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बंद बगीचे को खोलकर देखा तो एक झाड़ी के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया जो घटना की जांच कर रही है। शव के सड़ जाने की वजह से शव के उम्र का अंदाजा नहीं लग सका। मृतक के शरीर पर एक आसमानी रंग का टी शर्ट और गेरुआ लोवर था। थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की शव हफ्ते भर से ज्यादा समय से पड़ा है और जानवरों के द्वारा शव को क्षत विक्षत कर दिया गया है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# अब सभी करदाताओं के लिए एक ही आईटीआर फॉर्म

जितेंद्र श्रीवास्तव

**मंथन शुरू**

### नये आईटीआर फॉर्म को चुनने में तब आपको नहीं होगा संदेह

### वर्तमान में विभिन्न प्रकार के करदाताओं के लिए हैं अलग-अलग फॉर्म

**वाराणसी।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आयकरदाताओं की सुविधा के लिए नित नये उपायों पर विचार कर रही है। मौजूदा समय में सीबीडीटी ने सभी करदाताओ के लिए एक समान आईटीआर फॉर्म लागू करने पर मंथन कर रही है। इस नये आईटीआर फॉर्म पर हितधारकों से 15 दिसम्बर तक टिप्पणियां आमंत्रित की गयी है।

आयकर विभाग के सूत्रों की मानें तो वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के करदाताओं के लिए अलग-अलग फॉर्म भरना होता है। ऐसे में करदाता को अपना आईटीआर फॉर्म चुनना कठिन हो जाता है। बगैर चार्टर्ड एकाउंटेंट या कर सलाहकार के करदाता फॉर्म चुन नहीं पाते हैं। जब नया फॉर्म आ जाएगा तब इसे चुनने में करदाता को किसी प्रकार का शंका-सुबहा नहीं होगा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सभी करदाताओं के लिए एक समान आयकर रिटर्न फॉर्म लाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें डिजिटल एसेट्स से होने वाली इनकम को भी अलग से दर्ज किए जाने का प्रावधान होगा। ट्रस्ट और गैर-लाभकारी संगठनों को छोड़कर बाकी सभी करदाता इस प्रस्तावित नये आईटीआर फॉर्म के जरिये अपने रिटर्न जमा कर सकेंगे।

कर सलाहकारों की मानें तो वर्तमान में छोटे और मझोले करदाताओं के लिए आईटीआर फॉर्म-वन (सहज) और आईटीआर फॉर्म-फोर (सुगम) उपलब्ध है। ये करदाता इन फॉर्म के जरिये ही अपना आयकर रिटर्न जमा करते हैं। सहज फॉर्म का इस्तेमाल 50 लाख रुपये तक की सालाना वेतन आय वाले व्यक्ति कर सकते हैं। जबकि सुगम फॉर्म का इस्तेमाल 50 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों, हिन्दू अविभाजित परिवारों एवं फर्मों के लिए निर्धारित है। आईटीआर-टू फॉर्म का इस्तेमाल आवासीय सम्पत्ति से इनकम पाने करने वाले लोग कर सकते हैं। जबकि आईटीआर-थ्री फॉर्म कारोबार और पेशे से लाभ कमाने वाले लोगों के लिए है। आईटीआर-फाइव और सिक्स फॉर्म सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी) एवं कारोबारों के लिए निर्धारित हैं। जबकि आईटीआर-सेवन फॉर्म का इस्तेमाल ट्रस्ट ही कर सकते हैं।

### बने रहेंगे आईटीआर-वन और आईटीआर-फोर फॉर्म

आयकर विभाग के सूत्रों की मानें तो नियामकीय संगठन सीबीडीटी ने है कहा कि नया फॉर्म आने के बाद भी आईटीआर-वन और आईटीआर-फोर आगे भी बने रहेंगे। लेकिन व्यक्तिगत करदाताओं के पास इस साझा आईटीआर फॉर्म के माध्यम से भी रिटर्न जमा करने का विकल्प होगा। सीबीडीटी ने यह भी कहा, 'आईटीआर-सेवन फॉर्म को छोड़कर बाकी सभी रिटर्न वाले फॉर्म को मिलाकर एक साझा आईटीआर फॉर्म लाने का प्रस्ताव है। नए आईटीआर फॉर्म का मकसद व्यक्तियों और गैर-कारोबारी करदाताओं के लिए रिटर्न जमा करने को आसान बनाने और इसमें लगने वाले समय को कम करना है।'

### आयकर विभाग देगा ऑनलाइन इस्तेमाल की जानकारी

विभागीय सूत्रों की मानें तो सभी हितधारकों से मिले सुझावों के आधार पर तैयार इस साझा आईटीआर को सीबीडीटी की तरफ से अधिसूचित कर दिया जाएगा और आयकर विभाग इसके ऑनलाइन उपयोग की भी जानकारी देगा। कर सलाहकारों का कहना है कि नया फॉर्म आने के बाद आईटीआर-टू, थ्री, फाइव और सिक्स फॉर्म के जरिये रिटर्न जमा करने वाले करदाताओं के पास पुराने फॉर्म का विकल्प नहीं रह जाएगा।


न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया
वाद संख्या-डी 202115090001174
धारा उ0रा0 संहिता
मौजा-शाहापुर परगना को0 शर्की
शिवजी बनाम चन्द्रमा आदि

1-चन्द्रमा पुत्र हरखनाथ, 2- रघुनाथ, 3-यदुनाथ, 4-रामअवध, 5-विजय बहादुर पुत्रगण धर्मराज, 6-भावनाथ,7-देवनाथ, पुत्र झिंगुर, 8-रामकृत, 9-दयानन्द, 10-सुवाष चन्द पुत्रगण-महादेव, 11-भीरूग, 12-भीम पुत्रगण-चन्द्रिका, 13-भोला, 14-भरत पुत्रगण-धर्मदेव, 15-बब्बन, 16-लल्लन पुत्रगण केदार, 17-फुलझरिया पत्नी स्व0 केदार समस्त साकिनान शाहापुर परगना-को0 शर्की तहसील व जिला-बलिया। 18-गांवसभा जरिये प्रधान ग्रामसभा धर्मापुर परगना को0 शर्की तहसील व जिला बलिया। वजेह हो कि वादी ने आप के नाम एक मुकदमा दायर किया है जिसमें ता0 पेशी 16.11.022 नियत है। अतः आप नियत तिथि पर स्वयं मय अधिवक्ता उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। तिथि पर उपस्थित न होने पर वाद में एक तरफा फैसला कर दी जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया


# जमानती कार्य पुलिस लाइन से करने का वकीलों ने किया विरोध

**नाराजगी**

### नारेबाजी, प्रदर्शन कर हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी



विरोध में नारे लगाते अधिवक्ता

**पिंडरा।** पिंडरा तहसील के वकीलों ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी पुलिस के द्वारा जमानत पुलिस लाइन में लिए जाने पर नाराजगी जताते हुए परिसर में जुलूस निकालकर नारेबाजी की और अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी। तहसील बार एसोसिएशन के वकीलों कि सुबह 11 बजे बार अध्यक्ष मनोज शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें तहसील क्षेत्र के थानों कुछ मुकदमों की सुनवाई व जमानत की कार्रवाई कैंटोमेंट जोन से कराने के विरोध में प्रस्ताव पारित हुए और वकीलों ने निर्णय लिया कि अगर प्रशासन द्वारा अधिवक्ता हितों और आम लोगों के हितों को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। वकीलों ने सीओ कार्यालय में ही पुलिस न्यायालय खोलने की मांग करते हुए नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय पहुंचें। इस दौरान जमकर प्रदर्शन कर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। प्रदर्शन करने वालों में महामंत्री जयचंद, पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, विजय शर्मा, प्रितराज माथुर, कमला मिश्रा, अशोक पांडेय, महामंत्री जयचंद, श्यामशंकर सिंह, अशोक कुमार, रामभरत यादव, राजेश पटेल व सरोज राय समेत अन्य वकील मौजूद रहे।

# गायब हिस्ट्रीशीटर का शव वरुणा नदी में मिला

**सेवापुरी।** क्षेत्र के भतसार गांव के सामने शुक्रवार की सुबह वरुणा नदी में एक वृद्ध का शव उतराया मिला। सूचना लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची जंसा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पूछताछ के बाद शव की शिनाख्त भतसार गांव निवासी राम सिंह (68) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक जंसा थाने का हिस्ट्रीशीटर था, घटनास्थल से थोड़ी दूर पर कच्ची शराब बनाने की भट्ठी और खाली शराब की बोतल पाई गई। नदी के किनारे और मृतक का कपड़ा, घड़ी, डायरी भी बरामद हुई। मौके पर मृतक की पत्नी गीता देवी और पुत्र रमेश सिंह व भाई महेंद्र सिंह पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मृतक दो दिन से घर पर नहीं आया था। जिनका आज वरुणा नदी में शव मिलने की सूचना मिली। ग्रामीणों की माने तो मृतक कच्ची शराब बनाने का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही
पत्रांक स्था 084/न0पा0प0गो0/ दिनांक 07.11.2022
सार्वजनिक सूचना/इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद असगर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 04.11.2022 द्वारा भवन संख्या-68 मोहल्ला चुड़िहारी नोनियान वार्ड नं0-16 में स्थित मकान पर अंकित श्री असगर पुत्र स्व0 बकई के वरासत के आधार पर श्री मोहम्मद नईम, शमीम, आजाद, बाबू, इरफान, अलताफ, अजाना पुत्रगण स्व0 मोहम्मद असगर का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही
पत्रांक स्था 085/न0पा0प0गो0/ दिनांक 09.11.2022
सार्वजनिक सूचना/इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्रीकांत विश्वकर्मा पुत्र भोलानाथ ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 05.11.2022 द्वारा भवन संख्या- मोहल्ला बड़े शिव वार्ड नं0-03 में स्थित मकान पर विक्रेता जयप्रकाश पुत्र ज्योति प्रकाश के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्री श्रीकांत विश्वकर्मा पुत्र भोलानाथ का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही



# वाराणसी भारत



# वाराणसी-डिब्रूगढ़ के बीच रिवर क्रूज शीघ्र होगा लांच-सीएम

## पीएम गति शक्ति स्कीम के तहत अन्तर्देशीय जलमार्ग से वाराणसी बनेगा व्यापारिक केन्द्र

**जेटी लोकार्पण पर बोले सीएम**

**सीएम ने किया सात सामुदायिक जेटी का लोकार्पण और आठ की रखी आधारशिला**

**भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 62 घाटों का निर्माण कर रहा है**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को रविदास घाट पर भारत सरकार में बंदरगाह, नौवहन व जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल के साथ संयुक्त रूप से भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गंगा में तैयार किये गये जेट्टीयों का बटन दबाकर लोकार्पण किया। उन्होंने सात सामुदायिक जेट्टीयों का लोकार्पण तथा आठ सामुदायिक जेट्टीयों का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर हाइड्रोजन एवं इलेक्ट्रिक कैटामेरन (वाराणसी, अयोध्या, मथुरा) हेतु अनुबंध तथा वाराणसी एवं डिब्रूगढ़ के मध्य क्रूज के समय सारणी का विमोचन किया। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अगले 25 साल में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। भारत की आध्यात्मिक नगरी को सबसे उन्नत हाइड्रोजन फ्यूल सैल कैटमारन जलयान मिलने जा रहे हैं। वाराणसी को एक हाइड्रोजन फ्यूल सैल जलयान और चार इलेक्ट्रिक हाइब्रिड जलयान मिलेंगे। इस आयोजन के दौरान भा.अ.ज.प्रा. तथा कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड के मध्य एक करार पर दस्तखत किए गए। जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट-2 (जिसे अर्थ गंगा) भी कहा जाता है तहत भा.अ.ज.प्रा. गंगा नदी पर 62 लघु सामुदायिक घाटों का विकास/अपग्रेड कर रहा है। इनमें से 15 उ.प्र. में 21 बिहार में, 3 झारखंड में और 23 पश्चिम बंगाल में हैं।

### वाराणसी बलिया के बीच के घाट होंगे विकसित

वाराणसी और बलिया के बीच 250 किलोमीटर में घाट विकसित किए जा रहे हैं। ये घाट यात्री एवं प्रशासनिक सुविधाओं से युक्त होंगे जिनसे नदी पर सामान एवं मुसाफिरों की आवाजाही संभव होगी और समय तथा लागत की बचत होगी। घाटों का परिचालन आरंभ हो जाने से छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत में वृद्धि होगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इस सब से समुदायों को लाभ होगा। यह पहल भारत सरकार की नीतियों और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सक्रिय उपायों के अनुसार है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान जीवन एवं कारोबार के सभी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।

### जलमार्ग पर्यावरण के प्रति है अनुकूल

अन्तदेर्शीय जलमार्ग परिवहन किफायती और पर्यावरण के अनुकूल है और अब काशी में शून्य उत्सर्जन हाइड्रोजन फ्यूल सैल पैसेंजर कैटमारन जलयान के आ जाने से जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाने का मार्ग प्रशस्त होगा। भा.अ.ज.प्रा. के माध्यम से भारत सरकार ने यह प्रोजेक्ट कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, कोची को दिया है जिसने हाल ही में भारत का पहला स्वदेश निर्मित एयर क्राफ्ट कैरियर तैयार किया है। भा.अ.ज.प्रा. और कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड के बीच हुए करार के मुताबिक शून्य उत्सर्जन 100 पैक्स हाइड्रोजन फ्यूल सैल पैसेंजर कैटामारन जलयान का डिजाइन और विकास कोचिन शिपयार्ड मैसर्स केपीआईटी, पुणे के सहयोग से करेगी। राष्ट्रीय जलमार्गों में प्रदूषण का स्तर घटाने में बहुत मदद मिलेगी।

### वाराणसी-कोलकाता के बीच बनेंगे 60 जेटी

वाराणसी से लेकर कोलकाता के बीच कुल 60 जेटी बनाए जाने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में सात जेटी तैयार हुए हैं, वाराणसी के तीन, बलिया में दो और चंदौली, गाजीपुर में एक-एक जेटी शामिल है। जिनमें वाराणसी के रविदास घाट, रामनगर, कैथी, चंदौली में बलुआ, गाजीपुर में कलेक्टर घाट, बलिया में उजियार घाट बरौली और शिवपुर शामिल हैं। कार्यक्रम में भारत सरकार में बंदरगाह, नौवहन व जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, वाणिज्य व उद्योग, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं जन वितरण हेतु केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय, उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**गंगा विलास**

गंगा विलास भारत में निर्मित पहला रिवर शिप है जो वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा करेगा, कुल 3200 किलोमीटर का फासला है। 50 दिनों का यह सफर भारत व बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम्स से होकर गुजरेगा तथा वास्तुशिल्प के लिहाज से अहम 50 से अधिक जगहों पर रुकेगी जिनमें विश्व विरास्त स्थल भी शामिल हैं। यह जलयान राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों से भी गुजरेगा जिनमें सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा नेशनल पार्क भी शामिल हैं। यह यात्रा एक ही रिवर शिप द्वारा की जाने वाली दुनिया की सबसे लंबी यात्रा होगी और इस परियोजना ने भारत व बांग्लादेश को दुनिया के रिवर क्रूज नक्शे पर ला दिया है।

# पूज्य संतों की विशिष्ट परंपरा से हैं ब्रह्मलीन सतुआ बाबा

**पुण्यतिथि पर बोले सीएम**

**ब्रह्मलीन सतुआ बाबा की 10वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी ने अर्पित की श्रद्धांजलि**

**सतुआ बाबा आश्रम की ओर से संचालित गो सेवा और लोक कल्याणकारी कार्यों की सीएम ने की सराहना**



सतुआ बाबा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते सीएम योगी आदित्य नाथ

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के त्र्यंबक भवन में आयोजित षष्ठ पीठाधीश्वर सतुआ बाबा यमुनाचार्य महाराज की श्रद्धांजलि सभा व पुण्यतिथि कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। पूजन करने के पश्चात मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र दुपट्टा माला प्रसाद भेंट किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धाम के त्रियंबकेश्वर हाल में आयोजित संत श्री यमुनाचार्य सतुआ बाबा के श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर षष्ठ पीठाधीश्वर सतुआ बाबा यमुनाचार्य महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित संतो व विद्वतजनों और बटुको को संबोधित करते हुए कहा कि षष्ठम सतुआ बाबा लोक कल्याणकारी और धार्मिक जागरण कार्यक्रमों का ध्वजवाहक रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों का पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित होता है। मानवता, जीवमात्र और चराचर जगत के कल्याण के लिए समर्पित संतों की यही परंपरा उन्हें शेष समाज से अलग करती है। सतुआ बाबा की परंपरा संत समाज की विशिष्ट परंपरा है। षष्ठम पूज्य स्वामी यमुनाचार्य महाराज सतुआ बाबा का प्रादुर्भाव काशी में हुआ और उन्होंने लोक कल्याण के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्तित्व की पहचान उसके कृतित्व के आधार पर बनती है। काशी की धरती बहुत विशिष्ट है। इस भूमि को बाबा विश्वनाथ की कृपा, काल भैरव का संरक्षण और मां गंगा का आशीर्वाद मिला है। जो यहां जिस भाव से आया उसे उस भाव की प्राप्ति हुई। मुख्यमंत्री ने सप्तम सतुआ बाबा महंत संतोष दास की इस बात के लिए सराहना की कि वे अपने गुरुदेव षष्ठम सतुआ बाबा के गौ सेवा, संस्कृति और लोक कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। संतोष दास सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री सहित मंच पर उपस्थित सभी मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों का अंगवस्त्र और स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के पश्चात संतोष दास सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री को गणेश जी की धातु की प्रतिमा भेंट की। श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नेचुरल फार्मिंग को दें बढ़ावा : योगी

**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को शहंशाहपुर गांव में गोवर्द्धन योजना स्थल पर कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट जायजा लिया। मौके पर उन्होंने जीवामृत तथा पेंट बनाने पर जोर दिया। प्लांट की ओर से बनाए जा रहे जैविक खाद की जानकारी पर उन्होंने नेचुरल फार्मिंग की दिशा में कार्य करने पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरकान नेचुरल फार्मिंग को लेकर कृभको व गोरखपुर फर्टिलाइजर से बातचीत कर सुझाव लेने के निर्देश दिये। ताकि आसपास के गांवों के किसानों को इसका पूरा लाभ मिले। उन्होंने जैविक खाद की आकर्षक पैकेजिंग करने को ध्यान देने को कहा। मुआयने के दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम और प्लांट के व्यवस्थापक व भाजपा के कई पदाधिकारी भी थे।


सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को शहंशाहपुर स्थित कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का मुआयना किया

# सीएम योगी ने किया पीएम की चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**रुद्राक्ष में लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित सात दिनी पेंटिंग प्रदर्शनी**

**वाराणसी।** एकदिनी दौरे पर शुक्रवार को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित सात दिनी चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आदि भी रहे। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उसके बाद प्रदर्शनी आमलोगों के लिए खोल दी गयी।

काशी के सांसद व देश के पीएम मोदी के सियासी जीवन पर आधारित यह चित्र प्रदर्शनी आगामी 17 नवंबर तक चलेगी। इसमें चित्रकार अकबर साहब ने 40 से अधिक चित्र पेश किये हैं। उनमें मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व को उकेरा गया है। उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व नेता बनने तक की यात्रा कई आयामों में चित्रित किये गये हैं। जीएसटी, विमुद्रीकरण और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रमुख नीतिगत फैसलों को भी कैनवास पर हैं। यह पेंटिंग्स गुजरात के वडनगर से निकले युवा की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने की साहसिक यात्रा का एक दस्तावेज भी है। उद्घाटन के दौरान सूबे के कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायकगण डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह तथा सुनील पटेल, महापौर मृदुला जायसवाल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रुद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

# खेल कोई भी हो, जरूर खेलें : चौधरी

## तीन दिवसीय महिला बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज

**उद्घाटन समारोह**

**दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की तरफ से सिगरा स्टेडियम में आयोजन**

**पहले दिन दर्जनों बालिकाओं ने पहली बाधा पार कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया**


दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की तरफ से सिगरा स्टेडियम में तीन दिनी महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि प्रमुख उद्यमी आरके चौधरी

**वाराणसी।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान' की तरफ से बाल दिवस पर आयोजित तीन दिनी महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार को सिगरा डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति व इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही बालिकाओं से परिचय भी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि खेल कोई भी हो, खेलना अवश्य चाहिए। क्योंकि खेलने से जहां शरीर को ऊर्जा मिलती है, वहीं सेहत भी दुरुस्त रहता है। इसके लिए बैडमिंटन भी एक सशक्त माध्यम है। इस संस्था ने महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कर बालिकाओं के मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। पहले दिन दर्जनों बालिकाओं ने पहली बाधा पार करते हुए दूसरे चक्र में प्रवेश किया। संचालन प्रताप नारायण दुबे ने किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि शशिकांत सिंह, संस्था के कोषाध्यक्ष दीपू शुक्ला, सर्वेश पांडेय, राजेंद्र पांडेय, नागेंद्र सिंह, आरएन सरकार आदि उपस्थित थे।

# मशहूर है एसएमएस का शैक्षणिक परिवेश : दयाशंकर मिश्र



**वाराणसी।** स्कुल ऑफ मैनेजमेंट साइन्सेस (एसएमएम) ने शुक्रवार को काशी में अपनी स्थापना के 28वां गोरवशाली वर्ष पूर्ण कर लिया। संस्थान द्वारा इस अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह ₹आधारशिला 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करते हुये मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने स्थापना दिवस के अवसर कहा कि संस्था द्वारा विगत वर्षों में अर्जित अनगिनत उपलब्धियां इस संस्था के आभूषण है। इस बदलते हुए परिवेश में आज जब शिक्षण व शिक्षा को लेकर जब वैश्विक मानदंड तय हो रहे हैं, ऐसे में नवीन शिक्षा नीति के तहत यह संस्थान उन मानदंडों पर पूर्णतः खरा उतर रहा है। कहा कि पूर्वांचल सहित देशभर में एसएमएस अपने गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिवेश के लिए प्रसिद्ध हो रहा है। इस दौरान अधिशासी सचिव डॉ. एसपी सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। इस अवसर पर अधिशासी सचिव के साथ कुलसचिव संजय गुप्ता, निदेशक प्रो. पीएन झां आदि मौजूद रहे।

# ग्राहकों संग यूबीआई ने मनाया 104वां स्थापना दिवस

**वाराणसी।** भारत के पांच अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शुमार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 104वां स्थापनोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। बैंक की सभी शाखाओं में केक काटकर अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। स्थापना दिवस उत्सव सभी बैंक की शाखा में ग्राहकों के साथ मनाया गया। इस वर्ष भी बैंक की स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। केंद्रीय कार्यालय द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैंक की एमडी व सीईओ सुश्री ए. मणिमेखले द्वारा देश भर के कार्मिकों एवं ग्राहकों को संबोधित करते हुए विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया गया, साथ ही इन 104 वर्षों में बैंक पर विश्वास बनाए रखने हेतु बैंक के ग्राहकों का आभार प्रकट किया। बैंक के वाराणसी अंचल प्रमुख गिरीश जोशी ने बताया कि वर्तमान में बैंक का व्यवसाय 18 ट्रिलियन के पार पहुंच चुका है, यह हमारे सम्माननीय ग्राहकों और कार्मिकों की मेहनत का ही परिणाम है इस हेतु उन्होने ग्राहकों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी बैंक पर अपना विश्वास इसी प्रकार बनाए रखने का आग्रह किया। बैंक के वाराणसी क्षेत्र प्रमुख बिरजा प्रसाद दास ने कहा कि बैंक इन वर्षों में न सिर्फ वित्तीय समावेशन की अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहा है बल्कि सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोगों के जीवन को आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध बनाने का कार्य कर रहा है।




# शृंगार गौरी वाद की सुनवाई अब पांच दिसम्बर को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी वाद की सुनवाई शुक्रवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में टल गई। इस मामले में कार्बन डेटिंग को लेकर वादिनी के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने हाइकोर्ट में अपील की है इसी के मद्देनजर हाइकोर्ट ने यहां लंबित मामले में दिसम्बर के पहले सप्ताह में तारीख नियत करने को कहा था, इसी क्रम में जिला जज की अदालत ने 5 दिसम्बर की अगली तिथि नियत कर दी। इस मामले में ज्ञानवापी परिसर में तहखाने को तोड़कर और मलबे को हटाकर कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई होनी है जिस पर मुस्लिम पक्ष की ओर से आपत्ति दाखिल की गई है इस पर हिन्दू पक्ष की ओर से प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए अदालत ने 11 नवंबर की तिथि नियत कर दी थी,इस बीच हाइकोर्ट के आदेश के अनुपालन में 5 दिसम्बर की तिथि नियत कर दी।

परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
एम्बुलेन्स एवं इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. विनोद कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
एफ.ए.आई.एस., एफ.आई.सी.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in e-mail : vinod_sarthak21@rediffmail.com

रिटेल डायरेक्ट्री

B.Ed. सत्र 2022-23
में प्रवेश लेने हेतु उ. प्र. का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज
30 सितम्बर से हो रही काउंसलिंग के लिए कॉलेज में सम्पर्क करें

| बी.एड. काउंसलिंग कोड | | |
|---|---|---|
| SV 2673 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SV 2674 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SP 2982 | के.एस.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मरदापुर, दौलतनगर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2983 | के. एस. वी. संस्थान, हुरमुजपुर, बक्सुपुर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2999 | कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, मरदापुर, दौलतनगर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 3000 | कृष्ण सुदामा संस्थान, मरदापुर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |

कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित कोर्सेस
BAMS I D. PHARMA I ANM/GNM I NURSING I POLYTECHNIC I B.Ed. I D.El.E.D.
B.A.IB.Sc.IB.ComIB.C.A.IB.B.A.IM.A.IM.Sc.IM.ComIB.LibIM.LibIYOGA
7522803001, 7522803011, 7522803036, 7522803050, 7422803005, 9838186060
Website : www.ksgoi.in I Admission Link : https://ksgoi.in I scholar/userreg.phg

## संक्षेप

### भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी : डॉ. पांडेय



**वाराणसी।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति का संरक्षण बेहद जरूरी है। वह ज्योतिष विभाग-बीएचयू की तरफ से आयोजित दो दिनी अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन के समापन सत्र में शुक्रवार को मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि वेद एवं वेदांग सहित भारतीय संस्कृति व थाती के संरक्षण से ही भारत अपने पूर्ण स्वरूप में प्रतिष्ठापित हो सकता है। सारस्वत अतिथि प्रो. चंद्रमौली ने सामाजिक जीवन में ज्योतिषीय पक्षों के समन्वय की बात कही। विशिष्ट अतिथि का.सि. दरभंगा संस्कृत विवि के पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. रामचन्द्र झा ने ज्योतिषशास्त्र में वर्णित चतुर्विध पुरुषार्थ का शास्त्रीय विवेचन कर ज्योतिषशास्त्र के कर्मविपाक सिद्धान्त पर बल दिया। सम्मानित अतिथि नेपाल से आए प्रो. जयन्त पाल ने भारतीय ज्योतिष के सैद्धान्तिक पक्षों को उपस्थापित करते हुए भारत-नेपाल समन्वय के साथ पंचांगों के समन्वय की बात रखी। अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो. कमलेश झा ने की। स्वागत प्रो. रामजीवन मिश्र व संचालन डॉ. सुभाष पांडेय ने किया। धन्यवाद विभागाध्यक्ष प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री ने दिया। सम्मेलन को प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, प्रो. कृष्णकान्त झा, डॉ. कामेश्वर उपाध्याय, प्रो. अमित, डॉ. देशबन्धु, डॉ. लक्ष्मीकान्त, प्रो. शिवाकांत आदि ने संबोधित किया।

### फर्जी लेटर का दुरुपयोग करने वालों पर होगा ऐक्शन



**वाराणसी।** काशी विद्वत्परिषद् के अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि तथाकथित फर्जी लेटर पैड का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही होगी। जिन लोगों ने अपने को महामंत्री तथा मुझे अध्यक्ष लिखा है वह फर्जी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा जा रहा है तथा स्थानीय प्रशासन को सूचित कर कार्यवाही की मांग की जायेगी। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि मेरा नाम तथा रमाकांत पाण्डेय का नाम लिखा है वह अनुचित है कमालाकान्त त्रिपाठी ने फर्जी महामंत्री बनकर लेटर पैड में मेरे आवास नगवां का पता दिया है यह इसके पूर्व भी मेरे पास आये थे तथा कुछ अज्ञात लोगों का भी नाम आ रहा है इन सभी पर मुकदमा किया जायेगा।

### डा. रूपज्योति चौधरी मंडलीय चिकित्सा अधीक्षक

**वाराणसी।** डाक्टर रुप ज्योती चौधुरी ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बैचलर ऑफ मेडिसिन एण्ड बैचलर ऑफ सर्जरी की उपाधि 1993 में प्राप्त करने के पश्चात चौधुरी 1994 बैच के भारतीय रेल चिकित्सा सेवा (आई.आर.एम.एस.) के चिकित्सा अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आये। रेल सेवा में आने के उपरांत चौधुरी ने नेत्ररोगविशेषज्ञ की उपाधि 2021 में प्राप्त की। पहली नियुक्ति उत्तर रेलवे, मुरादाबाद में मंडल चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुई। तत्पश्चात हरिद्वार में वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी तथा अमृतसर एवं झांसी में नेत्र रोग विशेषज्ञ व वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

### अरविन्द समेत आठ बने यातायात अधीक्षक

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से वाराणसी परिक्षेत्र के दो डिपो के अलावा कुल आठ वरिष्ठ केंद्र प्रभारियों को यातायात अधीक्षक बनाते हुए पदोन्नित दी गयी है। परिवहन निगम के लखनऊ मुख्यालय से अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग की ओर से जारी पत्र के अनुसार वाराणसी परिक्षेत्र कैंट डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अरिवन्द मिश्र व गाजीपुर के राकेश कुमार पांडेय को पदोन्नत करते हुए यातायात अधीक्षक बनाया गया है। अरविन्द मिश्र को जहां प्रयागराज का यातायात अधीक्षक बनाया गया है वहीं राकेश को चित्रकुट धाम बांदा का अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा छह अन्य एसएसआई को भी विभिन्न स्थानों पर यातायात अधीक्षक पद पर भेजा गया। अरविन्द मिश्र ने बताया कि मुख्यालय से जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाया जायेगा।

### अ.भा. आ.वि.स.संगठन के अध्यक्ष बने राशि

**वाराणसी।** अखिल भारतीय आयुर्वेद विशेषज्ञ स्नातकोत्तर संगठन के चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ राशि शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। सुंदरपुर स्थित एक होटल में आयोजित वाराणसी शाखा के चुनाव की प्रो. वीडी अग्रवाल तथा प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद की अध्क्षता में समपन्न हुए इस चुनाव में प्रो. मंगला गौरी व डॉ अनुभा श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, डॉ अजय कुमार को महासचिव, तथा डॉ पूनम शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। आयुर्वेद के क्षेत्र में प्राचीन संगठनों में से एक इस संगठन की स्थापना 1979 में हुई थी। वर्तमान में देश विदेश में इसके 2000 से अधिक सदस्य है। वाराणसी ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सी एस पांडेय तथा पूर्व सचिव डॉ विजय ने अपना कार्यभार नवीन पदाधिकारियों को ग्रहण कराया। नवीन पदाधिकारियों ने आयुर्वेद और संगठन के विकास के लिए अपने विचार व्यक्त किये तथा भविष्य में राष्ट्रीय संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए योजना तैयार की गई।

### डीएम ने किया मौका-मुआयना

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने आगामी दिनों आयोजित होने वाले माहव्यापी 'काशी-तमिल संगमम' को देखते हुए शुक्रवार की शाम संबधित तैयारियों का जायजा लिया। वह बीएचयू पहुंचे और बीएचयू प्रशासन के अफसरों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली। इस मौके पर डीएम ने विवि परिसर के उन स्थलों का निरीक्षण किया जहां कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परिसर के हेलीपैड स्थल का भी मुआयना किया।

### अध्यापकों को देंगे विशेष प्रशिक्षण

**वाराणसी।** जनपद के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से अध्यापकों को डिस्लेक्सिया और अटेंशन डिफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर/ सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों की पहचान का प्रशिक्षण देगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार किये जाएंगे। मास्टर ट्रेनर बनाने का प्रशिक्षण 15 से 17 नवंबर तक पूर्वाह्न दस बजे से सायं चार बजे तक चलेगा। यह आयोजन खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग विकास संस्थान में होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक हिस्सा लेंगे। उन्हें संबंधित बीमारी के कारण, प्रकार, पहचान, उपचार, शैक्षिक पद्धति आदि की ट्रेनिंग देंगे। यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर विभिन्न स्कूलों के जाकर ट्रेनिंग देंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी।

### अजय राय ने व्यक्त किया शोक



**वाराणसी।** जनपद के सिगरा निवासी जालंधर में मृत एमआईटी बीटेक के छात्र पंकज केशरी के परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त करने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। इस मौके पर श्री राय संग राघवेंद्र चौबे, वीरेंद्र कपूर, प्रमोद वर्मा, अमित पाठक आदि रहे।

### चिरईगांव में धान खरीद शुरू

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के सरकारी धान क्रय केंद्रों पर शुक्रवार को धान खरीद की शुरूआत हुई। जाल्हूपुर सेंटर पर चुमकुनी के दलसिंगार यादव ने 40 कुं और नरायनपुर केंद्र पर पहाड़िया की चिंता देवी ने 30 कुं. धान बेचा। गौराकला सेंटर पर तोफापुर के रामअवतार यादव से 60 कुं. व राजकुमार से 76.40 कुं. धान की खरीद की गयी। इस क्रय केंद्रों के प्रभारी कैलाश, रवि यादव तथा अखिलेश यादव ने बताया कि किसान अब धान लेकर क्रय केंद्रों पर आने लगे हैं।

### पराली न जलाएं किसान : संगम सिंह



**काशी विद्यापीठ।** कलेक्ट्री फार्म स्थित ब्लॉक स्तरीय बहुउद्देशीय किसान कल्याण केंद्र पर शुक्रवार को काशी विद्यापीठ ब्लॉक के विभिन्न गांवों के किसानों को मसूर की मिनी किट निःशुल्क वितरित की गयी। डीडी कृषि रक्षाभीमसेन और जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य की मुख्य उपस्थिति में यह आयोजन था। इस अवसर पर विकास खंड के देल्हना, बेटावर, रमना व परमानंदपुर आदि गांवों के चयनिति किसान उपस्थित रहे।किसानों को मिनी किट के साथ प्रत्येक को डि-कंपोजर मुफ्त उपलब्ध कराया गया। श्री मौर्य ने पराली न जलाने की अपील करते हुए बताया कि रबी में बोवाईके लिए अबतक प्राप्त चना, मसूर व सरसों बीज के मिनी किट वितरित किये जा रहे हैं। जनपद के सभी सरकारी कृषि बीज भंडरों पर गेंहू, चना, मटर, मसूर एवं सरसों बीज उपलब्ध करा दिये गये हैं। रबी-2022 में 5687 कुं. गेंहू बीज वितरण का लक्ष्य है। रबी सामान्य बीज वितरण पर 50% अनुदान है। पंजीकृत किसान अपने ब्लॉक के सरकारी कृषि बीज भंडार से संपर्क कर उच्च गुणवत्ता वाले बीज सब्सिडी पर ले सकते हैं। कार्यक्रम में एडीओ कृषि सुरेंद्र सिंह, बीज भंडार प्रभारी ललित कुमार पटेल, विनय, अश्वनी सिंह, अरविंद, अनिल कुमार आदि भी थे।

# संपूर्णानंद में कर्मचारी संघ भंग

**ऐक्शन**

**कार्य नहीं तो वेतन नहीं का कड़ाई से होगा पालनः कुलसचिव**

**2018 में हुआ था कर्मचारी संघ का चुनाव**

जनसंदेश न्यूज

### कुलपति ने कर्मचारी संघ के अध्यक्ष से मांगा स्पष्टीकरण, दी चेतावनी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने परिसर में धरना प्रदर्शन समाप्त करने के लिए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार तिवारी को निर्देश व नोटिस जारी किया था। बावजूइ इसके धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया गया। जिसपर कुलसचिव केशलाल ने चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। कुलसचिव ने बताया कि उनके द्वारा विश्वविद्यालय विरोधी कार्यों के चलते उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ करने की चेतावनी देते हुए उन्हें दो कार्यदिवसों के भीतर अपना स्पष्टीकरण कुलसचिव कार्यालय में देने का निर्देश दिया गया है।



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ को भंग कर दिया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल की दलील देते हुए निर्वाचन से एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो जाने की बात कही गई है। कुलसचिव ने बताया कि धरना छोड़कर कार्य पर नहीं लौटने पर कार्य नहीं तो वेतन नहीं' को कड़ाई से लागू करते हुए अनुपस्थिति के दिनों के वेतन की कटौती की जायेगी।

इस संबंध में कुलसचिव केशलाल ने शुक्रवार को कर्मचारी संघ को एक पत्र जारी करते हुए बताया कि कुलपति को संबोधित कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री सुशील यादव द्वारा बीते छह नवंबर को प्रार्थना पत्र जारी किया गया था। जिसके अनुसार विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों को सूचित किया गया कि वर्ष 2018 में चुना गया (निवर्तमान) कर्मचारी संघ स्वतः भंग हो चुका है।

कुलसचीव ने बताया कि उक्त कर्मचारी संघ अपने संविधान के अनुसार स्वतः भंग हो चुका है। चुनाव कराने के लिए आम सभा निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि धरना-प्रदर्शन समाप्त कर अपने-अपने कार्यालयीय पटल पर उपस्थित होकर कार्य प्रारम्भ करें, अन्यथा अवज्ञा की स्थिति में अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध विधिक व अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

### दो दिनी वार्षिक संगोष्ठी आज से

**वाराणसी।** चिकित्सा विज्ञान संस्थान-बीएचयू के गैस्ट्रोइन्टरोलाजी विभाग (उदर रोग) एवं इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोइटरोलाजी के संयुक्त बैनर तले दो दिवसीय प्रदेशस्तरीय वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन 12 नवम्बर से नदेसर स्थित होटल ताल गंगेज में किया गया है। इसमें देश भर के 50-60 प्रसिद्ध उदर रोग विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। गैस्ट्रोइन्टरोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. वीके दीक्षित ने बताया कि संगोष्ठी में विशेषज्ञ चिकितसक आज के परिवेश में हो रहे नई-नई पेट एवं लीवर से संबंधित बीमारियों के लक्षण, उपचार एवं इसके रोकथाम के बारे में चर्चा करेंगे।

### अतिक्रमण हटवाकर वसूला 54 हजार जुर्माना

**वाराण्सी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 54,800 रुपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें कबीर चौरा स्थित जालपा देवी क्षेत्र में एक कारखाने पर छापेमारी कर 135 बोरे प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैले जब्त कर जुमार्ना किया गया। इस दौरान सभी मार्गों पर भ्रमण कर घोषणा करते हुए सड़क और पटरी खाली करवाने के साथ दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर जुमार्ना किया गया।

# 156 युवाओं को कंपनियों ने दी नौकरी



**चौबेपुर।** कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस द्वारा शुक्रवार को संचालित डॉ. विजय इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी डीवीआइईटी पालिटेक्निक कैथी के सौजन्य से मेगा रोजगार मेला कैंपस सलेक्शन प्लसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें पंजीकृत 210 में से 156 युवाओं को देश की जानी मानी कम्पनियों ने विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए कंपनियों के एचआर अभिनव यादव द्वारा विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किया। इंस्टीच्यूशंस के चेयरमैन एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार यादव की जनकल्याणकारी भावना के लिए प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं ने डीवीआइईटी पॉलिटेक्निक, कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

इंस्टीच्यूशंस ने प्लेसमेंट में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए पूरी मेहनत और लगन से कार्य करने की नसीहत दी। युवाओं को नौकरी दिलाने की उनकी नेक पहल की हर कोई सराहना कर रहा है। इस दौरान कृष्ण सुदामा ग्रुप इंस्टीट्यूटशन्स कैथी के मुख्य अधिकारी सारंग पांडेय, डीवीआइईटी पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल आदि मौजूद रहे।

# गांधीजी की बुनियादी शिक्षा के समर्थक थे कलाम : डॉ. रवि



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सेंट्रल जेल रोड भीम नगर स्थित गर्ल्स डिग्री कालेज में शुक्रवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में याद किया गया। प्राचार्य अनुपमा सिंह ने मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण किया।

प्रबंधक डॉ. रवि सिंह ने मौलाना आजाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मौलाना ने अंग्रेजों की फूट डालो नीति को समझते हुए मुस्लिम एवं हिन्दूओं को विश्वास में लेकर भारतीय आंदोलन जोड़ा। वह कई अखबार एवं पुस्तकों के रचयिता भी थे। जिनमें 'अलहिलाल' एवं 'अलबाग प्रमुख है।

शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद ने कई बड़े फैसले लिए। वह गांधी जी के बुनियादी शिक्षा के समर्थक थे। समारोह में महमूद कामरान, डॉ धर्मराज यादव, डॉ. भागीरथी, डॉ. नीता लाल, श्रवण कुमार तिवारी, शतरुद्र, पुलेंद्र, सुनील एवं गायत्री यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## विशेष अभियान आज, खुले रहेंगे शिक्षण संस्थान

**वाराणसी।** जनपद में चल रहे विधानसभाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत शनिवार को विशेष अभियान का आयोजन होगा। जिसके तहत पूर्वाह्न दस बजे से सायं चार बजे तक बूथों पर संबधित बीएलओ मौजूद रह कर दावा-आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दिन अफसर मतदान केंद्रों व बूथों का औचक मुआयना करेंगे। उस दौरान यदि कोई बूथ लेविल अफसर गैरहाजिर पाया गया को उसके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत विधिक कार्रवाई होगी। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के सभी विशेष अभियानों के दिन जिले के सभी शिक्षण संस्थान, संबंधित कार्यालय एवं ऐसे सभी संस्थान जहां बूथ स्थापित हैं, खुले रहेंगे।

# आईआईटी ने जीता नेशनल बम्बू इनोवेशन चैलेंज

**सफलता**

**शीर्ष पांच विजेताओं में चुने गये सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोद्युत धर**

**यह पुरस्कार बांस क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों व विकास के लिए दिया गया**

जनसंदेश न्यूज



प्रो. प्रोद्युत धर

**वाराणसी।** आईआईटी (बीएचयू) स्थित स्कूल ऑफ बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोद्युत धर को बीते 25 अक्टूबर को आयोजित नेशनल बम्बू इनोवेशन चैलेंज 2022 (वर्चुअल) में प्रोटोटाइप विकास चरण श्रेणी के तहत शीर्ष पांच विजेताओं में चुना गया है। यह पुरस्कार डॉ. धर और उनकी टीम को बांस क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों और विकास के लिए प्रदान किया गया, जो उद्योगों और स्टार्ट-अप के लिए नए व्यावसायिक अवसर खोलता है।

इस प्रतियोगिता को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय से समर्थित और फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर (एफएमसी) की फिनोविस्टा की तरफ से आयोजित किया गया था।

सहायक प्रोफेसर डॉ. धर ने बताया कि केमबॉयोसिस्टदम एण्ड टेक्नोलॉजी की प्रयोगशाला में उनकी टीम ने 'स्मार्टी बैम्बू' परियोजना पर काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका उद्देश्य बांस को आधार सामग्री के रूप में उपयोग करके उच्च प्रदर्शन वाले उत्पादों को विकसित करना है, जिनका व्यावसायिक स्तर पर आसानी से उपयोग किया जा सकता है। इसका उद्देश्य पेट्रोलियम आधारित उत्पादों की जगह बांस को एक स्थायी सामग्री के रूप में बढ़ावा देना है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद करना है।

इस परियोजना ने चार प्रकार के बांस आधारित मूल्य वर्धित उत्पादों को विकसित किया है, जो विभिन्न नए क्षेत्रों जैसे कृषि, स्मार्ट वस्त्र, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य पैकेजिंग, मोटर वाहन भागों, चमकदार सड़क संकेतों में सेंसर के रूप में बांस के अनुप्रयोगों को व्यापक बनाने में मदद करता है। सभी उत्पाद टिकाऊ रासायनिक आधारित प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित होते हैं, जो प्रकृति में बायोडिग्रेडेबल होते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन व डीन (आरएंडडी) प्रो. विकास कुमार दुबे ने बधाई दी। प्रो. जैन ने कहा कि इस तरह के बांस आधारित उत्पादों को कम कुशल श्रमिकों की मदद से कम लागत वाली सामग्री का उपयोग करके स्थानीय रूप से उगाए गए बांस के साथ विकसित किया जा सकता है, जो इसे ग्रामीण परिवेश में व्यावसायिक अवसरों के लिए उपयुक्त बनाता है।

# ग्रामीण बदलाव आंदोलन के लिए सकारात्मक सोच जरूरी

**बोले सूर्य प्रताप शाही**

**बीएचयू में तीन दिनी सातवें आदर्श ग्राम सम्मेलन का शुभारंभ**




आदर्श ग्राम सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. सूर्य प्रताप शाही को स्मृति चिह्न भेंट करते बीएचयू के कुलपति प्रो. एसके जैन

**वाराणसी।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हमें भारत में ग्रामीण परिवर्तन आंदोलन के लिए सोच और मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए, जो वैश्विक स्तर पर सतत विकास के लिए मॉडल के रूप में काम कर सकता है। वह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज-बीएचयू की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय सातवें आदर्श ग्राम सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि जिस दिन प्रधानमंत्री ने शपथ ग्रहण की थी, उसी दिन कहा था कि मेरी सरकार गांव-गरीब मजदूरों के लिए समर्पित है और पिछले आठ सालों में उन्होंने इसको ठीक ढंग से निभाने का काम किया है।

अर्थव्यवस्था के विकास के लिए ग्रामीण समावेशन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह सम्मेलन सिद्धांत को अभ्यास से जोड़ने का एक मंच प्रदान करता है। यदि हम एक स्थायी जीवन शैली अपनाते हैं और उपयुक्त तकनीक का उपयोग करते हैं, तो हम ग्रामीण समुदायों के उत्थान और सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रो. आनंद ने सम्मेलन उद्देश्य पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रीय आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने ग्रामीण विकास के लिए निवेश के प्रभाव पर वर्चुअली चर्चा की। कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया। सम्मेलन में 20 देशों के 800 से अधिक प्रतिभागी आए हैं। स्वागत आईएम के डायरेक्टर प्रो. एसके दुबे व संचालन डॉ. पद्मिनी रवींद्रनाथन ने किया। सम्मेलन को अर्जुन मल्होत्रा, प्रो. एचपी माथुर, डॉ. नंदिनी टंडन आदि ने संबोधित किया।

### 'आप' का संगठन विस्तार

**वाराणसी।** आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए आप में संगठन विस्तार का क्रम जारी है। शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी संगठन विस्तार किया गया। सेवापुरी विस क्षेत्र के लिए रोशन बेनबंसी व अजगरा के लिए रामाश्रय पटेल को अध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष रमाशंकर पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान यह विस्तार किया गया। संगठन के सभी सौ वार्डों में निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई।

### औद्योगिक विकास और विस्तार के लिए मंथन करेंगे उद्यमी

**वाराणसी।** पूर्वांचल में नये निवेश, नयी औद्योगिक नीति, औद्योगिक विकास और विस्तार पर उद्यमी मंथन करेंगे। मौका होगा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में 17 नवम्बर को आयोजित उद्यमी समागम का। इस समागम में चंदौली के जिलाधिकारी के साथ ही उद्योग से संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) के संयुक्त बैनर तले आयोजित इस आयोजन में प्रदेश सरकार के ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 को लेकर भी विचार-विमर्श होगा। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को ब्रांड यूपी बनाना चाहते हैं। उनके सपने को साकार करने के लिए आईआईए ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए 17 नवंबर को उद्यमी समागम में एमएसएमई, यूपीसीडा, फूड एग्रो समेत छोटी व बड़ी इकाइयों के विस्तार और विकास पर फोकस किया जाएगा। इसमें पूर्वांचल के सभी उद्यमियों को जमावड़ा होगा।

# जैपुरिया के छात्रों ने देखी इंजन निर्माण की शैली



**वाराणसी।** जैयपुरिया स्कूल वाराणसी के लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं ने शुक्रवार को बनारस रेल इंजन कारखाना के लोको कर्मशाला का शैक्षणिक भ्रमण कर लोको निर्माण की कार्य शैली देखी।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विजय कुमार से ट्रेन के इंजन निर्माण की पूरी कार्यप्रणाली को समझा। छात्र-छात्राओं ने परिसर में निर्माण हो रही डब्ल्यू डीजी 9 को देखा जिसकी खूबियां बताते हुए विजय कुमार ने कहा कि ये नवी श्रेणी का मालवाहक लोकोमोटिव इंजन है जो कि चौड़ी पटरियों के लिए निर्मित हो रहा है। इस दौरान लोकोमोटिव से संबंधित छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर विजय कुमार व अरुण शर्मा ने दिया। इस अवसर पर मुख्य विद्युत इंजीनियर लोको अरुण शर्मा, कार्य प्रबंधक लोको मुकेश कटारीढाल, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार, कर्मशाला प्रशिक्षक अवधेश कुमार, वरिष्ठ कार्यशाला प्रशिक्षक नवल किशोर, रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के वाराणसी चैप्टर के सचिव प्रदीप उपाध्याय व जैयपुरिया विद्यालय के शिक्षक रितेश गुप्ता, मुग्धा निगम, तौसीफ खान आदि थे।

# जुल्म के खिलाफ आवाज का नाम था प्रभुनारायण

**जयंती**

**वक्ताओं ने कहा, आज के भारत को ऐसे नेताओं की है जरूरत**

जनसंदेश न्यूज




प्रभु नारायण की 130वीं जयंती पर विचार व्यक्त करते वक्ता

**वाराणसी।** अपनी जायज मांगों को लेकर अहिंसक आंदोलन करने वाले निहत्थे किसानों -मजदूरों और नवजवानों पर लाठी-गोली चलाये जाने के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। यह मांग प्रसिद्ध रामकटोरा स्थित एक हॉल में समाजवादी विचारक, स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री प्रभुनारायण सिंह की 103वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए की।

प्रभु बाबू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1967 की संविद सरकार में प्रभुनारायण सिंह मंत्री थे। उस दौरान मेरठ के मोदी नगर में आंदोलन कर रहे श्रमिकों पर पुलिस ने गोली चला दी थी और उन्होंने न सिर्फ इसके विरोध में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था बल्कि पार्टी के सम्मेलन में निहत्थी भीड़ पर लाठी गोली के खिलाफ कानून बनाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

वक्ताओं ने प्रभु बाबू के व्यक्तित्व व कृतित्व की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि 1954 में काशी विश्वनाथ मंदिर में हरिजन प्रवेश और गुलामी के अवशेष बेनियाबाग स्थित विक्टोरिया की मूर्ति को ध्वस्त किये जाने के आंदोलन के नायक राजनारायण और प्रभुनारायण ही थे। परतंत्र भारत से लेकर स्वतंत्र भारत तक उनके संघर्षों और जेल यात्राओं की अनगिनत गाथाएं आज भी प्रेरणा दायक हैं। समारोह में वक्ताओं ने आजाद हिंदुस्तान की जेलों में अब भी जारी गुलामी के दौर के ब्रिटिश कानूनों को तत्काल खत्म करने और जेलों में राजनीतिक बंदियों के लिए सभ्य और सम्मानजनक नियम कानून लागू करने पर जोर दिया। समारोह में प्रमुख रूप से कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय, समाजवादी विचारक विजयनारायण, प्रो इंदीवर पांडेय, माकपा के प्रांतीय सचिव डा हीरालाल यादव, नंदलाल, कुंवर सुरेश सिंह, प्रह्लाद तिवारी, पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह, सपा नेता गोपालजी यादव, लालू यादव, राकेश पाठक आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सुरेंद्र प्रताप ने की और संचालन राधेश्याम सिंह ने किया।

### यूपी नौ सेना एनसीसी इकाई का नौका अभियान 15 से

**वाराणसी।** सेवन यूपी नौसेना एनसीसी इकाई का नौका अभियान-2022 'मेनू' का आयोजन 15 से 22 नवम्बर तक किया गया है। एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर 'ए'-बीएचयू एवं एनसीसी यूपी डायरेक्टरेट लखनऊ के संयुक्त बैनर तले आयोजित इसका नेतृत्व कमान अधिकारी कमांडर अरुण राय करेंगे। इसमें एनसीसी के 60 कैडेट्स, करीब 25 एनसीसी इकाई कर्मचारी, तीन डीके व्हेलर नौकाएं, एक जेमिनी (खोज एवं बचाव नौका) एवं एक सुरक्षा नौका के अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रतिमा गोंड, एसोसिएट ऑफिसर प्रो. प्रवीण प्रकाश आदि भाग लेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 079/न0पा0प0गो0/ दिनांक 24.09.2022

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भोलानाथ पुत्र विश्वनाथ विश्वकर्मा ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 23.09.2022 द्वारा भवन संख्या-22 मोहल्ला जी.टी. रोड वार्ड नं0-16 में स्थित मकान पर अंकित श्री चेतई प्रसाद पुत्र विजई के वसीयत के आधार पर श्री भोलानाथ पुत्र विश्वनाथ विश्वकर्मा का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय ग्राम पंचायत राजापुर, विकास खण्ड राजगढ़, मीरजापुर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत राजापुर,विकास खण्ड राजगढ़ में वर्ष 2022-23 में पंचम/पंद्रहवां वित्त स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को कराये जाने हेतु वाणिज्य कर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 12-11-2022 से 15-11-2022 के बीच 11 बजे तक टेण्डर (निविदा) आमंत्रित किया जाता है। 15-11-2022 को निविदा समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न तक खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित लिखकर बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के साथ नियत तिथि तक जमा कर दें।निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दो सौ रुपये मूल्य में प्राप्त किया जायेगा। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0डी0 जो ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगा/देय होगा। टेण्डर खुलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो रह सकते है। बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**कार्य योजना-** ईंट, भस्सी बालू, मिट्टी, कट स्टोन, दरवाजा, पानी, गिट्टी पटिया एवं स्ट्रीट लाइट एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति किया जाएगा।

ग्राम प्रधान **नीतू यादव** — सचिव **लक्ष्मीशंकर यादव**

# 52 कटान पीड़ितों को मिला भूमि का पट्टा

**राहत**

## एसडीएम ने आवंटियों को दिलाया भूमि पर कब्जा

**बैरिया/मझौवां।** अपर सचिव राजस्व के हस्तक्षेप के बाद तहसील प्रशासन ने दुबे छपरा के निकट मौजा दयाछपरा में 52 कटान पीड़ित परिवारों को आनन-फानन में गुरुवार की रात आवासीय भूमि का पट्टा आवंटित कर दिया। वहीं, शुक्रवार को भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कटान पीड़ितों को आवंटित पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलवाया। कब्जा दिलवाने के समय क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान, नायब तहसीलदार अजय सिंह, तहसील में तैनात सभी कानूनगो और लेखपालों के अलावा एसएचओ बैरिया, रेवती, हल्दी, दोकटी सहित सर्किल के सभी थानों के फोर्स व भारी मात्रा में पीएसी के जवान मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि सन् 2017 के कटान में बेघर हुए लोगों को बसाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितंबर सन् 2017 को दया छपरा में घोषणा किया था। इस बाबत तत्कालीन दो जिलाधिकारी भवानी सिंह खंगारोत व इंद्र विक्रम सिंह ने तहसील प्रशासन को पत्र लिखकर कटान पीड़ितों को बसाने का निर्देश दिया था, किंतु किन्हीं कारणों से इन कटान पीड़ितों को नहीं बसाया जा सका था। पिछले वर्ष इनमें से 29 कटान पीड़ितों को अचलगढ़ के मान सिंह छपरा में आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया गया था। उस पट्टे की जमीन का अनुचित बताते हुए कटान पीड़ितों ने वहां जाने से इंकार कर दिया था।

29 कटान पीड़ितों को छोड़कर अन्य कटान पीड़ितों को तत्काल बसाने के लिए अपर प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन राजस्व सुरेश चंद्रा ने मातहतों को निर्देशित किया था कि तत्काल कटान पीड़ितों को बसाकर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन किया जाए। इसके क्रम में तहसील प्रशासन सक्रिय हुआ तथा तीन दिनों के भीतर सभी कार्रवाई पूरी कर गुरुवार की रात में ही 52 कटान पीड़ितों को दया छपरा में नवीन परती की जमीन पर आवासीय पट्टा आवंटित कर दिया गया। यह जमीन दया छपरा के लोग गोपालपुर, दुबे छपरा व सुगर छपरा के कटान पीड़ितों को नहीं देना चाहते थे। ग्राम प्रधान ने भी पट्टा के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसके बाद एक दिन के लिए ग्राम प्रधान का पावर सीज करते हुए उप जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित मौजा के लेखपाल के हस्ताक्षर से आवासीय भूमि का पट्टा आवंटित कर दिया गया।



महिलाओं से बात करते एसडीएम व अन्य



मौके पर जुटे अधिकारी, कानूनगो व लेखपाल

### तहसील प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में रोष

**बैरिया।** पूर्व में कई कार्यों के लिए प्रस्तावित ग्राम पंचायत दया छपरा में स्थित बच्चों के खेल के मैदान की भूमि खाली पड़ी थी। उक्त भूमि को कटान पीड़ितों में आवासीय पट्टा के रूप में आवंटित करने पर तहसील प्रशासन के प्रति दया छपरा के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। भारी संख्या में फोर्स की मौजूदगी एवं कानूनी दांव-पेच के कारण ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आवंटन का विरोध नहीं कर पाए, किंतु ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन के इस कार्य को जनहित के विपरीत बताते हुए इसके विरोध में न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। ग्रामीणों ने बताया कि नवीन परती के नाम से यह जमीन दया छपरा के बच्चों के लिए खेल का मैदान था, किंतु ग्राम प्रधान का पावर सीज कर एसडीएम ने दूसरे गांव के कटान पीड़ितों में भूमि आवंटित किया है। नियमानुसार जमीन खरीद कर भी कटान पीड़ितों को बसाया जा सकता था, किंतु तहसील प्रशासन ने ऐसा नहीं किया और खेल के मैदान को ही आवासीय भूमि के रूप में आवंटित कर दिया। पहले इस जमीन पर पालिटेक्निक कालेज बनाने का प्रस्ताव था। बाद में ग्राम न्यायालय बनाने की बात चली थी। सीएम ने इंटर कालेज बनाने की घोषणा की थी, किंतु यह बच्चों के खेलने का मैदान था। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते इस जमीन को ग्रामीणों ने बचाकर रखा था। अब अचानक इसे आवासीय पट्टा के रूप में आवंटित कर दिए जाने से ग्रामीण परेशान और भौचक्के हैं।

### लड़ी जायेगी लड़ाई

**बैरिया।** ग्राम प्रधान हृदयानंद वर्मा, दुर्गा शंकर पांडे, पूर्व प्रधान रामजी यादव, हीरा लाल सोनी, हरेंद्र पांडे, कामेश्वर पांडे, अनिल पांडे, हरेराम पांडे आदि ने बताया कि यहां के 300 युवाओं को प्रशासन ने अकारण धारा 107, 16 में पाबंद किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरा गांव खेल के मैदान को बचाने के लिए हरसंभव लड़ाई लड़ेगा। उम्मीद है कि न्यायालय से ग्रामीणों को न्याय मिलेगा।

> ग्राम सभा की भूमि मौजूद होने पर जमीन खरीद कर बसाने का प्रावधान नहीं है। इसलिए इस ग्राम सभा की भूमि पर कटान पीड़ितों को बसाया गया है। जिन कटान पीड़ितों को भूमि का पट्टा आवंटित किया गया है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से अपना बसेरा हटाना पड़ेगा। नहीं तो उन्हें बलपूर्वक हटाया जायेगा।
>
> आत्रेय मिश्र, एसडीएम बैरिया

### कटान पीड़ितों को जमीन खरीदकर बसायें : विनोद

**बैरिया।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने जिलाधिकारी व अपर प्रमुख सचिव राजस्व सुरेश चंद्र से आग्रह किया है कि दुबे छपरा के कटान पीड़ितों को कहीं जमीन खरीद कर बसाया जाए। दया छपरा की जो भूमि कटान पीड़ितों को आवंटित की जा रही है, वह दया छपरा के युवाओं के खेलकूद का मैदान है। भले यह राजस्व पत्रावली में नवीन परती के नाम से दर्ज हो, किंतु वहां युवा खेलते-कूदते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इसलिए उस भूमि का स्वरूप कदापि ना बदला जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मैंने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर के पत्र के साथ यह आग्रह अपर प्रमुख सचिव राजस्व से किया था कि कटान पीड़ितों को जमीन खरीद कर बसाया जाए। एसडीएम बैरिया किन परिस्थितियों में जमीन खरीदना नहीं चाहते, यह तो वही बता सकते हैं। नियमों का हवाला देना उचित नहीं है। कटान पीड़ितों को जमीन खरीदकर बसाने का शासनादेश भी सरकार ने जारी कर रखा है।

# मंडलीय समन्वयक की रिपोर्ट से मचा हड़कंप

**घपलेबाजी**

## मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने बीएसए को भेजा पत्र

**सिकन्दरपुर।** परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम योजना में की जा रही घपलेबाजी किसी से छुपी नहीं है। इस धांधली पर मण्डलीय समन्वयक एमडीएम राजेश कुमार शाहा ने भी अपनी मुहर लगा दी है।

पछले दिनों शिक्षा क्षेत्र पंदह के प्राथमिक विद्यालय जमीन भांटी, शिक्षा क्षेत्र नवानगर के बलदाऊजी सरस्वती देवी बालिका विद्यालय बघुड़ी, रानी दुर्गावती बापूमा खटंगा ईसारपीथापट्टी, श्रीकृष्ण पूर्व माविद्यालय खटंगी भरथांव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बालिका पूमावि नवरतनपुर, कुसुम बालिका विद्यालय चक भड़ीखरा बनहरा, बसंती देवी बालिका शिक्षा निकेतन जूहा रुद्रवार, शिक्षा क्षेत्र गड़वार के श्री चिंतामणि पुमावि फेफना, शिक्षा क्षेत्र रसड़ा के केशरी देवी बालिका विद्यालय कन्सो, अमरनाथ इंटर कालेज संलग्न प्राथमिक पाठशाला कन्सो, आदर्श जनता अनुसूचित प्राथमिक पाठशाला देवसलपुर उर्फ मोकलपुर, आदर्श हरिजन जूबेवि सहबाजपुर का मंडलीय समन्वयक एमडीएम ने औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान इन विद्यालयों में छात्र संख्या से अधिक संख्या एमडीएम रजिस्टर में दर्ज करना पाया गया। जांच में यह भी तथ्य सामने आया कि छात्र संख्या को बढ़ा-चढ़ा कर लिखना रोजमर्रा की बात है। इसके अलावा कन्वर्जन मनी को छात्रों /अभिभावकों के खाते में प्रेषित न किया जाना, खाद्यान्न का वितरण समेत कई खामियां सामने आई थी। उक्त आख्या रिपोर्ट के आधार पर मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मनोज कुमार मिश्र ने जिला बेसिक अधिकारी को पत्र भेज कर कमियों को दूर कराने का निर्देश दिया है।

# ठेकेदारों व ईओ की कट रही चांदी!

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत इन दिनों भ्रष्टाचार के कारण सुर्खियों में है। थाने से लगायत मुहल्लों की नाली और हैण्डपाइप को लगाने के कार्य में घोर अनियमितता से नगरवासी परेशान हैं। इन दिनों नगर पंचायत नगरा में विकास कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। मानक के विरुद्ध चल रहे कार्यो में घटिया ईंट, सफेद बालू एवं सीमेन्ट का कम प्रयोग किया जा रहा है। कोईरी बारी मुहल्ले में नाली निर्माण में तृतीय श्रेणी का ईंट व सफेद बालू के साथ कम मात्रा में सीमेन्ट मिलाकर घटिया काम किया जा रहा है। थाना परिसर मं महिला शौचालय के निर्माण में भी मानक की अनदेखी की जा रही है। नगर में 14 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प लगाए जा रहे हैं, जिसमें मानक की घोर अनियमितता हो रही है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी से शिकायत करने पर लिखित मांगा जाता है। चर्चा है कि इन दिनों चुनावी माहौल में ठेकेदारों और ईओ के बीच खूब चांदी कट रही है।

# अस्पतालों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग से नोटिस

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** अस्पतालों से निकलने वाला बायो मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के लिए खतरा बना हुआ हैं। ऐसे में इधर-उधर बायो मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले जनपद के 82 निजी अस्पतालों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से नोटिस भेजी गई है। इन अस्पतालों ने निर्देश के बाद भी बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही नहीं की। अस्पताल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि अगर खुले में बायो मेडिकल वेस्ट फेंके तो विभाग उन पर कार्रवाई करेगा।

अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों को गाजीपुर की सिलिकन कंपनी से अनुबंध करना है और इसके प्राधिकार पत्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लेना है। इसके लिए सभी अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बाद भी जिले में कई अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक संचालकों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्राधिकार पत्र नहीं लिया है और न ही इनके पास बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था है।

**कार्रवाई**

## खुले में बायो मेडिकल वेस्ट फेंकने पर कार्रवाई की चेतावनी

इनकी ओर से अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को या तो खुले में फेंका जाता है या फिर नगर निकाय के कूड़े में डाल दिया जाता है। इसके कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है। इसे लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जनपद के 82 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। इनको प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हर हाल में बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए प्राधिकार पत्र लेना होगा।

अस्पतालों से निकलने वाले विभिन्न प्रकार के बायो मेडिकल वेस्ट को कलर कोडेड कंटेनर में अलग-अलग रखना होगा। समुचित निस्तारण के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अधिकृत कामन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटीज अनुबंध करना होगा।

अनुबंध के बाद सीबीडब्ल्यूटीएस को भेजे गए बायो मेडिकल वेस्ट की मात्रा को लागबुक में दर्ज कर लागबुक की छायाप्रति प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजना होगा। नोटिस भेजने के बाद जो अस्पताल इसे अमल में नहीं लाएंगे और नगर के कूड़ों के साथ मेडिकल वेस्ट को फेंकेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नियमों का करना होगा पालन

**बलिया।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डा. सुरेश चंद शुक्ल ने बताया कि बहुत से अस्पताल संचालक बायो मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंक दे रहे हैं। इससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। ऐसे अस्पतालों को बोर्ड से प्राधिकार पत्र लेने के लिए नोटिस जारी किया गया है। सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों को बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का पालन करना होगा।

# श्रीकृष्ण हत्याकांड का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

**सफलता**

## अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका/दाव बरामद



श्रीकृष्ण राय हत्याकांड में पकड़ा गया अभियुक्त

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छपरा सारिव ग्राम सभा के एक डेरा पर हुए रेवती निवासी 70 वर्षीय श्रीकृष्ण राय हत्याकांड का शुक्रवार को पुलिस ने अनावरण करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका/दाव बरामद करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत चालान न्यायालय कर दिया। बीते एक नवंबर को स्थानीय कस्बा निवासी श्रीकृष्ण राय की हत्या छपरा सारिव ग्राम सभा के एक डेरा के समीप स्थित खेत में धारदार हथियार से कर दी गई थी। शुक्रवार को पुलिस को भनक मिली कि हत्यारा सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूद है।

प्रभारी निरीक्षक रेवती हरेन्द्र सिंह ने बताया कि उनि राम अनुराग शुक्ला, धर्मेंद्र दत्त राजभर, कां. रामअनन्त यादव, राम बाबू गोस्वामी, सूरज यादव के साथ धारा 302 भादवि के प्रकाश में आये अभियुक्त काशीनाथ राजभर पुत्र किशोर राजभर निवासी भिसिया, थाना रेवती की तलाश में थे। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि अभियुक्त सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर कहीं भागने की फिराक में मौजूद है। मय फोर्स हम लोग सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंचे और अभियुक्त काशीनाथ राजभर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका/दाव भी बरामद कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लगभग नौ साल पहले अभियुक्त काशीनाथ राजभर तथा पतरू के बीच जमीन को लेकर मारपीट हुई थी, जिसमें मृतक श्रीकृष्ण राय ने पतरू के पक्ष में जाकर काशीनाथ राजभर पर हाथ छोड़े थे। इस खुन्नस को लेकर अभियुक्त काशी नाथ ने श्रीकृष्ण राय की हत्या कर दिया।

## चयन/ट्रायल्स में भाग ले सकते हैं खिलाड़ी

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में उप्र फुटबाल संघ के समन्वय से राज्यस्तरीय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 24 नवंबर से एक दिसंबर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम बाराबंकी व प्रदेशीय समन्वय सब जूनियर बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 नवम्बर तक डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में किया जा रहा है। जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मंडल की टीम का जिलास्तरीय चयन/ट्रायल्स 21 नवंबर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया व मंडलस्तरीय चयन/ट्रायल्स 22 नवंबर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में किया जायेगा। वहीं, सब जूनियर बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मंडल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स 14 नवम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया एवं मंडलीय चयन/ ट्रायल्स नवम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः बजे से किया जायेगा। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू ने दी है।

# छात्र-छात्राओं को दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ



सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते प्राध्यापक

**मझौवां।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'सड़क पर सुरक्षा' केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. शवेश राय ने कहा कि सड़क पर चलते हुए हमें सावधान रहना चाहिए। डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब कोई सदस्य घर के बाहर जाता है तो परिवार के लोग वापस लौटने की प्रतीक्षा करते हैं। डॉ. राजू सिंह ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2021 में चार लाख से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई हैं। मौके पर डॉ. गोपाल पांडेय, आर्यन मिश्र, राहुल पांडे, मुहम्मद आरिफ, हर्ष सिंह, रविशंकर, पलक आदि मौजूद रहे।

# 50077 बच्चों को नहीं मिला यूनिफार्म

**धीमी प्रगति**

## धनराशि न मिलने से अभिभावक नहीं कर पा रहे खरीदारी

**बलिया।** जिले में अभी भी 50077 बच्चे यूनिफार्म योजना का धन पाने से वंचित है। धनराशि नहीं मिलने से अभिभावक बच्चों के लिए यूनिफार्म के साथ स्वेटर सहित अन्य सामान की खरीदारी नहीं कर पा रहे। ऐसे में बच्चों को जाड़े के मौसम में दिक्कतें हो सकती हैं। शासन से परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को यूनिफार्म, स्वेटर, जूता, मोजा, स्टेशनरी आदि के लिए 1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से दिए जाते हैं। यह धनराशि बच्चों के अभिभावकों के खातों में भेजे जाते हैं।

सितंबर माह में 1.83 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजा गया था। इसके बाद भी 50077 छात्र योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए। पहली किस्त जारी हुए एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन शासन से दूसरी किस्त अभी भी नहीं जारी की गई है, जबकि ठंड दस्तक दे चुकी है। जिला समन्वयक, डीबीटी योजना सौरभ गुप्ता ने बताया कि जिले में लगभग 50077 बच्चों का यूनिफार्म का धन अभी नहीं आया है। आधार कार्ड पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही अभिभावकों के खाते में धन आने की संभावना है।

# साइकिल व बाइक की टक्कर में छात्रा समेत दो घायल

**सिकंदरपुर।** थाना क्षेत्र के मौनी बाबा के मोड़ के पास साइकिल व बाइक की टक्कर में छात्रा समेत एक युवक घायल हो गया। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के भाटवाचक निवासी रोहन (25) पुत्र अजय चौहान अपने घर से सिकंदरपुर की तरफ आ रहा था। वहीं, गाजीपाकड़ निवासी खुशबू (17) पुत्री कृष्णा जो गांधी इंटर कालेज सिकंदरपुर से पढ़कर साइकिल से अपने घर जा रही थी। वह जैसे ही सिकंदरपुर थाने के मोड़ के पास पहुंची थी कि साइकिल व बाइक में टक्कर हो गई। इससे बाइक व साइकिल सवार गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**दुखद**

## वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज



युवक की मौत की सूचना पर जुटी भीड़

**सिकंदरपुर।** विगत छह नवंबर की देर शाम स्कार्पियो एवं आटो रिक्शा की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गए थे। इसमें एक की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि दूसरे व्यक्ति का इलाज वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात उसकी मौत हो गई। इस सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दें की थाना क्षेत्र के हरनाटार गांव निवासी उपेंद्र गुप्ता छह नवम्बर को रोज की तरह सिकंदरपुर से दुकान बंद करके आटो रिक्शा से अपने घर रहे थे। अभी आटो रिक्शा बंशी बाजार पहुंचा था कि सामने से तेज गति से आ रही स्कार्पियों ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे आटो चालक तिलौली गांव निवासी रमेश राम की मौके पर ही मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल उपेंद्र को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने गम्भीर हालत को देखते हुए उनको तुरंत वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था। वाराणसी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात को उपेन्द्र की मौत हो गई। उपेंद्र का शव शुक्रवार की सुबह उनके घर पहुंचा तो शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रियंका, दो वर्षीय पुत्री प्रियांशी तथा एक वर्षीय पुत्र राजवीर को छोड़ गए हैं।

## संक्षेप

### आज मतदेय स्थलों पर लगेगा प्रथम विशेष कैम्प

**बलिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी सौम्या अग्रवाल ने निर्देश दिया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01-01-2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं की सुविधा हेतु 12 नवम्बर को समस्त पदाभिहित स्थलों/मतदेय स्थलों पर प्रथम विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जन सामान्य से दावे और आपत्तियां यथा फार्म-6, 7 व 8 प्राप्त किये जायेंगे। उक्त विशेष अभियान दिवस पर समस्त बीएलओ/पदाभिहित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहेंगें। उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। अतः जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/ समाजसेवी संगठनों से अपील है कि मजबूत लोकतंत्र के सबकी भागीदारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के अपेक्षानुसार सभी अर्ह व्यक्तियों/नवयुवक/नवयुवतियों/महिलाओं का नाम जो 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं, परन्तु उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से छूट गये है, निर्वाचक नामावली में शामिल कराने तथा अपात्र मतदाताओं का नाम अपमार्जित कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे त्रुटिरहित सर्वशुद्ध निर्वाचक नामावली तैयार हो सके।

### आज मनाया जायेगा स्मृति दिवस

बलिया। लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 12 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से सोबईबांध स्थित सेनानी वृंदावन मिश्र स्मृति परिसर में सेनानी वृंदावन मिश्र की स्मृति दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता पांडेय गोविन्द जी करेंगे। मुख्य वक्ता स्वतंत्रता सेनानी रामविचार पांडेय होंगे। यह जानकारी संतोष कुमार शुक्ल ने दी है।

### किसानों की आय दोगुनी करने में करें सहयोग : डीएम



**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की आत्मा योजनांतर्गत विकास खंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के के लिए हम सब प्रयास करेंगे। कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले। किसानों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। बेरुआरबारी ब्लाक के एटीएम ने बताया कि क्रय केंद्र पर किसानों से प्रति बीघा 10 कुंतल धान खरीदी जाने का मानक है, जबकि उन्नतशील धान की प्रजातियां 15 कुंतल प्रति बीघा तक का उत्पादन देती है। अन्य विकास खंड के कर्मचारियों ने भी बेहतर उत्पादकता और किसानों की बेहतरी के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक इंद्राज को निर्देश दिया कि सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए निदान के लिए अपनी कार्यवाही शुरु कर दें। कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए सीडीओ प्रवीण वर्मा ने ई-नाम योजना की जानकारी सभी को दी और अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत कराने की बात कही। सब्जी एवं फल की खेती की संभावनाओं को देखते हुए कार्ययोजना तैयार कर अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से क्रियान्वित करने पर भी बल दिया गया।

### भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सड़क पर निकले जयप्रकाश बबलू



**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया के नेता व नगर सेवक जय प्रकाश बब्लू ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ बाईक रैली निकालकर जागरूक संदेश देने का काम किया। जय प्रकाश बब्लू ने कहा कि मोदी और योगी के नीतियों से आज जिस तरह समाज का बदलाव दिख रहा है आने वाले समय में देश और प्रदेश भी तरक्की की मीनार खड़ी होगी। भाजपा के नीतियों से आमजन के कदम से कदम मिलाकर चलने को भी सराहा। उक्त अवसर पर चन्द्रकेश सिंह, राजेश कुमार पाण्डेय उर्फ बब्लू पाण्डेय, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अम्ब्रेश यादव, आफताब खां, सनोज सिंह, गिरिजा शंकर राय, ब्रजेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बेल्थरारोड।** नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार प्रवीण नारायण गुप्ता व उनके दो समर्थकों के खिलाफ मारने-पीटने, धमकी तथा गाली देने के आरोप में उभांव थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर के अनुसार आरोप है कि डाला छठ पूजा के मौके पर मुकदमा वादी गोरखनाथ जायसवाल बीते 29 दिसम्बर की मध्य रात्रि 12 बजे बेल्थरारोड नगर के रामलीला मैदान में लाईट के आगे होर्डिंग लगा रहे थे। मना करने पर फ्लैक्स के डंडे से मारने लगे। इसके पूर्व आरोपी प्रवीण नारायण गुप्ता ने भी तीन लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। यह मुकदमा नगर में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

### नहीं मान रहे किसान, खेतों में जला रहे पराली

**पराली जलाने में रसड़ा सिकंदरपुर एवं सदर तहसील के किसान आगे**

**बलिया।** धान की कटाई के बाद किसान अपने खेतों को जल्द खाली करने के लिए पराली जला रहे हैं। इससे पर्यावरण को चोट पहुंच रही है। खेतों की उर्वरा शक्ति भी कमजोर पड़ रही। बावजूद इसके किसान नहीं मान रहे हैं। आकड़ों में देखें तो पराली जलाने में रसड़ा, सिकंदरपुर और सदर तहसील के किसान सबसे आगे हैं। आस-पास के लोग पराली जलाने की घटनाओं को देखकर भी जिला प्रशासन को सूचना नहीं देते। निगरानी के बावजूद पिछले साल भी 88 स्थानों पर पराली जलाने की घटनाएं हुईं थी। लगभग 1.20 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया था। इस साल भी जिला, तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी के लिए समिति गठित की गई है। इसके लिए ग्राम प्रधान, सचिव और लेखपालों को जिम्मेदारी मिली है। तहसील स्तर पर एसडीएम की निगरानी में उड़नदस्ता टीम बनी है। बावजूद इसके पराली जलाने की घटनाएं नहीं रूक रहीं हैं। किसान रबी की बोआई के लिए फसल अवशेष को जलाकर दो या तीन दिन के बाद खेत की जोताई करा दे रहे हैं। पराली जलाने के अधिकांश केस नगरा, इंदरपुर, चिलकहर व गड़वार आदि इलाके में सामने आ रहे हैं।

### सिंचाई विभाग परिसर में कर्मचारियों का धरना

**बलिया।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, सिंचाई विभाग शाखा बलिया के तत्वावधान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने शुक्रवार को सिंचाई विभाग परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तत्पश्चात सिंचाई खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता को पत्रक सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी का एनपीएस रंजय कुमार वरिष्ठ सहायक सिंचाई खंड प्रथम बलिया को हटाने हेतु आपसे बार-बार कहा गया, लेकिन उनके द्वारा अभी तक संबंधित को चार्ज नहीं दिया गया है। बहुत से कर्मचारियों को मरे हुए एक से तीन वर्ष हो गया, लेकिन उनके देयकों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इस मौके पर मुक्तिनाथ सिंह, चंदद्रेश सिंह, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# तीसरे दिन भी जारी रहा विद्युत कर्मियों का धरना

**नाराजगी**

## वक्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में बुलंद की आवाज

जनसंदेश न्यूज



विद्युत मजदूर पंचायत बलिया के धरना को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** विद्युत मजदूर पंचायत बलिया का अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कार्यालय के समक्ष 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में शुक्रवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रांतीय उपाध्यक्ष वीवी सिंह ने कहा कि अधीक्षण अभियंता से विगत् 15 माह में लगभग छह बार द्विपक्षीय वार्ता हुई। सहमति बना। इसके अंतर्गत छठवां, सातवां वेतन पुनर्क्षित वेतनमान, डीए, एरियर, सीपीएफ का निस्तारण, निविदा कर्मी एवं नियमित कर्मचारियों को ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन वर्दी का वितरण आदि की मांग किया गया था।

जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि कम्प्यूटर आपरेटर का मानदेय कारपोरेशन के नियमानुसार जैम पोर्टल के अनुसार भुगतान हो। पीटीएस कर्मियों का लंबित पांच माह के मानदेय का भुगतान अविलंब किया जाय। निविदा कर्मियों के लगभग आठ माह से काटे गये ईपीएफ की धनराशि को उनके खाते में भेजा जाय।

कहा कि 14 नवम्बरी को रैली के माध्यम से डीएम को ज्ञापन दिया जायेगा। सहदेव चौबे ने कहा कि स्थानांतरण नीति-2022 की समीक्षा मंडल बलिया के अंतर्गत निष्पक्ष भावना से किया जाय। मनमाने तरीके से किये जा रहे स्थानांतरण, निलंबन व उत्पीड़न पर रोक लगायी जाय।

इस अवसर पर केएस पांडेय, अजय कुमार पांडेय, शंभूनाथ श्रीवास्तव, श्रीकिशुन, वीरेन्द्र पाठक, विनोद, अरविन्द सिंह, आशीष सिंह, जेपी सिंह, बेचू, मदन, रवि कुमार, मनोज कुमार, नगीना, रणधीर, शिवप्रित सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामबाबू राय तथा संचालन संजीव कुमार ने किया।

## विद्युत उपकेन्द्र पर माले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन




**बलिया।** गरीबों की बिजली बिल माफ करने की मांग को लेकर भाकपा (माले) ने शुक्रवार को जुलूस निकालकर विद्युत उपकेन्द्र सिकंदरपुर पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय मांग पत्र उप खण्ड अधिकारी को सौंपा। इसमें सभी गरीबों का बिजली बिल माफ करने, किसानों को कृषि कार्य हेतु 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, बिजली बिल का बकाया वसूलने में प्रताड़ता व कनेक्शन काटना बन्द करने, रिहायशी बस्तियों और मकानों के ऊपर से गुजर रहे जर्जर तारों को बदलने, बिजली का निजीकरण बन्द करने, सभी उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाने आदि की मांग की गई। पार्टी के जिला सचिव लाल साहब ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुफ्त बिजली कनेक्शन के नाम पर गरीबों को धोखा दे रही है। एक तरफ मुफ्त बिजली का नाम और दूसरी तरफ गरीबों को भारी बिजली बिल सरकार की दोहरी नीति है। इस अवसर पर नियाज अहमद, वशिष्ठ राजभर, सोमरिया राजभर, लक्ष्मण यादव, सुनिता पासवान, जितेन्द्र पासवान, नागेन्द्र प्रसाद, योगेन्द्र भारती, सुधीर पासवान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामप्रवेश शर्मा तथा संचालन भागवत बिन्द ने किया।

# सद्भावना एक्सप्रेस का इंतजार करते रहे यात्री

**परेशानी**

## बिना किसी पूर्व सूचना के कर दिया गया रूट परिवर्तन

**बैरिया।** यात्री को पता ही नही और रेलवे ने कर दिया बड़ा खेल। इससे सैकड़ों यात्री परेशान रहे। जी हां, हम बात कर रहे है रक्सौल से आनन्द बिहार जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस की। बिना पूर्व सूचना के रेलवे ने गुरुवार की रात में अचानक रूट परिवर्तन कर दिया।

सुरेमनपुर सहित अधिकांश रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेन की प्रतीक्षा करते नजर आये। यहां तक कि इंटरनेट पर भी ट्रेन का स्टेटस रेलवे ने अपडेट नही किया था। ट्रेन का समय बीत जाने पर यात्रियों ने स्टेशन पर रेल कर्मियों से ट्रेन के विषय में पूछा तो बताया गया कि मुजफ्फरपुर से पूरब सुगौली से ही उक्त ट्रेन का रूट बदल दिया गया है। सुगौली से गोरखपुर, गोंडा होकर शुक्रवार व शनिवार को सद्भावना अप तथा डाउन दोनों ट्रेनों का परिचालन होगा। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली जाने के लिए आरक्षित टिकट लेकर यात्री ट्रेन का इंतजार करते रहे।

इंटरनेट पर भी ट्रेन की जानकारी का प्रयास करते रहे, किन्तु ट्रेन के विषय में कोई जानकारी यात्रियों को नही मिल पाई। बाद में स्टेशन पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र से संदेश प्रसारित किया गया कि अप व डाउन सद्भावना एक्सप्रेस शुक्रवार व शनिवार को सुगौली, गोरखपुर, गोंडा होकर आंनद बिहार जाएगी। इस बाबत पूछने पर स्टेशन अधीक्षक सुरेमनपुर एलपी वर्मा ने बताया कि गुरुवार की शाम को कंट्रोल से सूचना मिली थी कि नोटिस सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है।

## सुबह आठ से चार बजे तक खुलेगा काउंटर

**बैरिया।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने दो शिफ्टों में रेलवे काउंटर से आरक्षण की सुविधा को बन्द करने का अब नया फरमान जारी किया है। अब केवल एक शिफ्ट में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक ही काउंटर खुलेगा। इस संबंध में वाणिज्य अधीक्षक कमलेश मीणा ने बताया कि पहले सुबह आठ बजे से अपराह्न चार बजे तक और फिर अपराह्न चार बजे से रात आठ बजे तक दो शिफ्टों में आरक्षण काउंटर खुलता था। इसका मुख्य कारण ट्रेन के जनरल डब्बों में भी आरक्षित टिकट लेकर ही यात्रा करने की व्यवस्था कोरोना के चलते थी। अब अनारक्षित टिकट लेकर जनरल डब्बे में यात्रा की अनुमति है और जनरल टिकट बेचने का काम स्टेशन पर प्राइवेट लोगों को दे दिया गया है। इसलिए अब दो शिफ्टों के बदले एक शिफ्ट में ही आरक्षित टिकट बनाने का आदेश रेलवे के अधिकारियों ने जारी किया है।

## जीआरपी के सिपाही से हुई कहासुनी

**बैरिया।** सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर से पिछले चार दिनों से मात्र एक तत्काल टिकट बन पा रहा है। एक टिकट के बाद वेटिंग टिकट तत्काल में निकलने लगता है, जिससे यात्री परेशान है। त्योहारों में घर आये लोग वापस शहरों में लौट रहे है। इसके चलते स्टेशन पर टिकट लेने वालों की भारी भीड़ हो रही है। यात्रियों में टिकट को लेकर रोज ही कहासुनी एवं हल्ला-गुल्ला हो रहा है, परंतु टिकट नही मिल पा रहा है। शुक्रवार को ड्यूटी पर तैनात राजकीय रेलवे पुलिस के एक जवान के साथ टिकट को लेकर यात्रियों से कहासुनी हो गई। यात्री का आरोप था कि जीआरपी का सिपाही लाइन लगवाने में गड़बड़ी कर रहा था। मौके पर पत्रकारों के पहुंचने के बाद उक्त जीआरपी का सिपाही वहां से खिसक लिया।

# अब जिले में बनेंगे 1931 अमृत सरोवर

**बलिया।** अब क्षेत्र पंचायतें भी तीन-तीन अमृत सरोवर का निर्माण करायेंगी। जिले में पहले कुल 1880 अमृत सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जो अब बढ़कर 1931 हो गया है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत यह सभी सरोवर 15 अगस्त 2023 तक पूरे होने हैं। हालांकि, पूर्व के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सरोवरों का निर्माण काफी सुस्त है। अभी तक 10 फीसदी सरोवर भी पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हो सके हैं। लगभग छह माह पहले शासन की ओर से जिले में कुल 1880 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। शुरुआत में सरकार ने 75 अमृत सरोवर विकसित करने को कहा, लेकिन बाद में प्रत्येक गांव में दो अमृत सरोवर विकसित करने का निर्देश दिया गया। इससे जल संरक्षण के साथ प्राकृतिक सौंदर्य भी बढ़ेगा। योजना के तहत एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का ही चयन किया गया है। अमृत सरोवर निर्माण पर ग्राम निधि और मनरेगा से खर्च किया जाना है। प्रत्येक अमृत सरोवर को पूर्ण रूप से तैयार करने पर करीब 50 लाख का खर्च आएगा। इसके अलावा जो सरोवर पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित किए जायेंगे, उन पर 75 लाख का खर्च आएगा। प्रत्येक अमृत सरोवर कुल एक एकड़ क्षेत्रफल में बनने हैं, लेकिन अब तक पूरी तरह केवल चार अमृत सरोवर ही तैयार हो सके हैं। इसके अलावा, 166 अमृत सरोवरों पर काम चल रहा है। अधिकारियों की मानें तो अब प्रत्येक क्षेत्र पंचायत की ओर से तीन-तीन अमृत सरोवर का निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी सरोवरों को 15 अगस्त 2023 तक पूरा किया जाना है।

## लक्ष्य में हुई है बढ़ोत्तरी

**बलिया।** उपायुक्त श्रम व रोजगार मनरेगा बलिया के प्रभारी दिग्विजय नाथ ने बताया कि अमृत सरोवरों के निर्माण का कार्य चल रहा है। अब क्षेत्र पंचायतें भी तीन-तीन सरोवरों का निर्माण कराएंगी, जिससे लक्ष्य में बढ़ोतरी हुई है। प्रयास है कि तय समय पर यह कार्य पूरा कर लिया जाए।

# आवेदकों को नहीं मिला पारिवारिक योजना का लाभ

**घालमेल**

## तहसील एवं समाज कल्याण विभाग कार्यालय का लगा रहे चक्कर

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** सरकार के लाख प्रयास के बाद विभागीय उदासीनता के कारण तहसील क्षेत्र के लगभग 300 पात्रों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत आर्थिक सहायता नही मिल पाई है। पात्र आवेदक तहसील एवं समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते थक गए है।

उल्लेखनीय है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार के मुखिया की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच का है और किन्हीं कारणों से उस कमाऊ सदस्य की मौत हो जाती है तो उसके आश्रितों को सरकार द्वारा 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिया जाता है। पिछले दो वर्षों में बैरिया तहसील के लगभग 300 आवेदकों का पारिवारिक लाभ का आवेदन पत्र फाइलों में दबकर धूल फांक रहा है।

कोई भी अधिकारी गरीबों को सहायता दिलाने के प्रति गम्भीर नही दिख रहा है।

इस वित्तीय वर्ष में अमरावती देवी पत्नी रविशंकर राम निवासिनी धतुरी टोला, सुगंती देवी पत्नी पंचमी निवासी दुर्जनपुर, सुमन पत्नी दिनेश निवासिनी मठधजुगिरी, अमृता देवी पत्नी सुनील निवासी मधुबनी, सीमा पत्नी जयप्रकाश सिंह निवासिनी दलजीत टोला, सिताबदियर सहित कुल 144 लोगों का आवेदन पत्र सभी अहर्ताओं को पूरा करके तहसील कार्यालय से बलिया समाज कल्याण कार्यालय को भेजा गया, किन्तु किसी को सहायता नही मिला।

इसी तरह पिछले वर्ष का 164 लोगों का आवेदन पत्र भी पेंडिंग में है। उन्हें भी सहायता नही दिया गया, जबकि पूरे साल पारिवारिक लाभ के लिए पात्र लोग कभी तहसील कार्यालय तो कभी समाज कल्याण कार्यालय का चक्कर लगाते रहे।

## आवेदन पत्र लैप्स होने का दिया जा रहा हवाला

**बैरिया।** किरण देवी पत्नी प्रभुनारायण गुप्ता निवासिनी बैरिया, पवन साह पुत्र करीमन साह निवासी मधुबनी, सरोज देवी पत्नी सुरेन्द्र निवासिनी मूनछपरा, फुलसिया देवी पत्नी योगेंद्र निवासिनी कोलेन पाण्डेय के टोला, झुलन मौर्य पुत्र देवशंकर मौर्य निवासी मधुबनी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि पछले कई महीनों से पारिवारिक लाभ की सहायता राशि के लिए हाकिमों की चौखट पर दस्तक देते रहे, किन्तु उन्हें सहायता नही दी गयी। अब बताया जा रहा है कि आप लोगों का आवेदन पत्र लेप्स हो गया है। वित्तीय वर्ष बीत जाने के बाद सहायता देने का प्रावधान नही है। उक्त लोगों की शिकायत है कि कतिपय दलाल किस्म के लोग सहायता राशि स्वीकृत कराने के नाम पर प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे थे। उन लोगों ने बताया भी था कि रिश्वत नही देने पर सहायता राशि नही मिलेगी और हुआ भी वही।

## संज्ञान में नहीं था मामला

**बैरिया।** एसडीएम आत्रेय मिश्र ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नही है। अब जानकारी हुई है तो उचित कार्रवाई के लिए समाज कल्याण अधिकारी को पत्र भेज रहा हूं।

## किसानों के घर-घर जायेंगे मोर्चा के पदाधिकारी

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी कार्यलय में शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज सिंह कौशिक शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे किसानों के हित में कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है और किसानों के घर-घर जाकर उनकी मदद करने की जरूरत है। वहीं देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार किसानों के हित में जो काम कर रही है अब तक के सरकारों ने नहीं किया। किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने कहा कि किसान मोर्चा के माध्यम से हम किसानों तक पहुंचकर उनकी मदद कर रहे है।

सरकार की जो भी योजना है उसके बारे में जानकारी दे रहे है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, जिला सहकारी बैंके अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे, शम्भू शरण बेहाल, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह, अभिजीत तिवारी बबलू, सचिदानन्द सिंह, विजय बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# निकाय चुनावः कौन होगा भाजपा का असली चेहरा चर्चा शुरू

**बलिया।** आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए बलिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए कौन उम्मीदवार होगा यह बताना जल्दीबाजी होगी, लेकिन भाजपा के राजनैतिक गलियारों में दावेदारों के नाम की चचाएं जबरजस्त चल रही है। वैसे नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा दावेदार पिछड़ी जाति के देखे जा रहे है और व्यापार जगत से जुड़े और समाज के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले भाजपा के दावेदार बलिया से लगायत लखनऊ तक चक्कर लगा रहे है।

भाजपा से 2017 निकाय चुनाव में टिकट की दावेदारी करने वाले कुछ दावेदार इस बार के चुनाव में भी दावेदारी कर रहे है। अब देखना यह होगा कि भाजपा 2017 में दावेदारी करने वाले दावेदारों को प्राथमिकता देती है या फिर नये दावेदारों पर विश्वास करती है। वैसे 2017 में तीन प्रमुख दावेदार इस बार भी टिकट की लाइन में है और इसके अलावा नये दावेदार भी लाइन में खड़े है। जहां पुराने दावेदार पार्टी पर भरोसा जता रहे है, वहीं नये दावेदार भी अपने जुगाड़ में लगे हुए है। इसमें से कुछ ऐसे भी दावेदार है जो परदे के पीछे खड़े होकर अपनी दावेदारी कर रहे है न तो उनका कोई बोर्ड देखा जा रहा है और न ही कोई होर्डिंग, लेकिन वे पार्टी के लिए बेहतर काम कर रहे है। वैसे सम्भावना यह जताई जा रही है कि इसी माह में आरक्षण भी आयेगा और चुनाव की तिथि भी।

## वार्डों में भी बेहतर प्रत्याशी उतारने की हो रही तैयारी

**बलिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कुल 25 वार्ड शामिल है। उन सभी वार्डों में भाजपा से चुनाव लड़ने वाले दावेदार टिकट की लाइन में खड़े है। भाजपा कार्यालय में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए टिकट की मांग कर रहे है। एक-एक वार्ड में भाजपा से लड़ने वाले सभासद प्रत्याशी के दावेदार काफी संख्या में देखे जा रहे है। ऐसे में बेहतर कौन होगा इसका भी सर्वे कराया जा रहा है।

## संक्षेप

### पात्र आवेदनकर्ताओं को ही मिले योजना का लाभ : डीएम



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक निदेशक (मत्स्य) रिचा चैधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत कुल 1144 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनको तहसील वार सत्यापित करने हेतु तहसीलों को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील मोहम्मदाबाद गोहना से कुल 114, सदर से 500, घोसी से 132 एवं मधुबन से 162 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इन सभी आवेदन पत्रों को संबंधित तहसीलों पर सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया गया है। कुछ आवेदन पत्र वाहनों से संबंधित है, जिनका सत्यापन तहसीलों से कराना आवश्यक नहीं है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसीलों को प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को 16 नवंबर तक सत्यापित कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ आवेदन कर्ताओं के निवास के पते एवं आवेदन पत्र में उल्लेखित जमीनों का ब्यौरा एक ही तहसील के ना होने पर उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को ऐसे सभी आवेदन पत्रों को एक-दूसरे से साझा कर, सत्यापित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का कुल 31 बिंदुओं पर सत्यापन किया जाना है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्धारित बिंदुओं के तहत गंभीरता से सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे पात्र आवेदन कर्ताओं को ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ मिल सके। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अभय पांडे, समस्त उपजिलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### सीबीएसई सचिव मेधावी विद्यार्थियों को करेंगे सम्मानित



**मऊ।** लिटिल फ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा बाल दिवस पर आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में पहली बार सीबीएसई नई दिल्ली के सचिव अनुराग त्रिपाठी का होगा जनपद में आगमन हो रहा है। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए लिटिल फ्लावर ग्रुप के निदेशक मुरलीधर यादव बताया कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अदिति राय सहित लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल की सभी शाखाओं के मेधावी विद्यार्थियों सहित नीट एवं आईआईटी में चयनित विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ साथ लिटिल फ्लावर ग्रुप में अध्ययनरत विधार्थियों के बीच संवाद कार्यक्रम में भी उपस्थित होंगे। श्री त्रिपाठी के आगमन से विद्यालय प्रबंधन सहित शिक्षकों एवं बच्चों में बहुत ही उत्साह है। लिटिल फ्लावर ग्रुप के निदेशक मुरलीधर यादव बताया कि सीबीएसई की स्थापना से अब तक मऊ क्या आजमगढ़ मंडल में कभी भी सीबीएसई के प्रमुख का आगमन नही हुआ है। उन्होंने कहा कि लिटिल फ्लावर सहित मऊ जनपद का सौभाग्य है कि अनुराग त्रिपाठी का स्वागत करने का अवसर मिला है। उपरोक्त सभी कार्यक्रम लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल, सिकटिया मऊ पर अयोजित होगा। उसी दिन दोपहर 2 बजे से लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल खालिसपुर मऊ के सभागार में। मऊ सहित आजमगढ़, बलिया, गाजीपुर एवं देवरिया के प्रधानाचार्यो की बैठक को भी अनुराग त्रिपाठी संबोधित करेंगे।

# नाली का पानी रोकने पर ग्रामीण आक्रोशित

**रोष**

## आरोपी पक्ष के खिलाफ दर्जनों ग्रामीण पहुंचे थाने



**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार को जयराम गढ़ में नाबदान का पानी रोकने के दौरान दो पक्षों में बिवाद हो गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान भी नाली का पानी रोक रहे पक्ष से गाली-गलौज और तु तु मय मय हो गई। इससे नाराझ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। सुचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची 112 पुलिस ने ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराया। और एक पक्ष द्वारा नाबदान के पानी बहने के लिए बनाए गए नाली पाटने पर डांट लगाते हुए अपने सामने नाली खुलवाया।

उधर आरोपी पक्ष द्वारा नाली खुलवाने को लेकर प्रधान के खिलाफ थाने में तहरीर देने की सुचना के बाद एक बार फिर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और आरोपी पक्ष के खिलाफ दर्जनों महिलाएं और पुरुष थाने पहुंच गए। और लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहां कि नाली पीडब्ल्यूडी की जमीन में पिछले प्रधान के कार्यकाल में बनी हुई। नाली लोगों के घरों के गन्दे पानी बहता है। इसके बावजूद आरोपी पक्ष बार बार नाली पाटकर पानी रोक देता है। विरोध करने पर गाली गलौज और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। कहाकि आरोपी पक्ष जिला अस्पताल में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है और बहन आंगनवाड़ी कार्यकत्री है। लेकिन इनके कारनामे से पूरा गांव परेशान है। थानाध्यक्ष अमीत कुमार मिश्रा ने कहां मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। इस दौरान मूरत राम, हीरालाल, कन्हैया राम, जवाहिर, रामअवध, रामशब्द, कौशल्या देवी, आशा देवी, फूलमती मुखिया, ज्ञानती देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# लोकार्पण विमोचन से आगे का शब्द है : अनिल



**मऊ।** डीसीएसके स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था जिज्ञासा के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ कवि डॉ. कमलेश राय के सद्यः प्रकाशित दोहा संग्रह रखिए शब्द सहेज कर का लोकार्पण समारोह महाविद्यालय के बनारसी लाल व्याख्यान कक्ष मैं आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर शर्वेश पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि गोरखपुर विवि गोरखपुर हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल तथा विशिष्ट अतिथि कवि समीक्षक श्रीधर मिश्र थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा बच्चियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना व महाविद्यालय के कुलगीत से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथिगण का सारस्वत सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिज्ञासा के अध्यक्ष रामनिवास राय ने किया। तत्पश्चात डॉ. कमलेश के दोहा संग्रह का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर विशद वक्तव्य देते हुए मुख्य अतिथि प्रो. अनिल ने कहा कि लोकार्पण लोक मंगलकारी शब्द है और यह विमोचन से आगे का शब्द है। हर रचनाकार की एक बड़ी हसरत होती है कि उसकी कृति पाठकों के बीच जाय और लोकार्पण के माध्यम से ही उसकी यह हसरत पूरी होती है। डॉ राय भोजपुरी के प्रख्यात गीतकार तो हैं ही हिन्दी साहित्य के भी बड़े साधक हैं। दोहा एक पुरातन छंद है जिसे समकालीन हिन्दी आलोचना ने विमर्श से बाहर कर रखा है।

डॉ. राय के दोहा संग्रह की अंतर्वस्तु, विषय वैविध्य भाषा और शिल्प से गुजरते हुए यह आश्वस्ति बनती है कि यह संग्रह समकालीन समालोचना का ध्यान आकृष्ट करने में सफल होगा। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में वक्तव्य देते हुए कवि समीक्षक श्रीधर ने कहा डॉ. राय अपने सृजन में कबीर मन की बात करते हैं। कबीर धार्मिक हैं आध्यात्मिक नहीं है। कमलेश ब्रह्म की सत्ता को स्वीकार करते हैं और शब्द सत्ता में ही ब्रह्म सत्ता का साक्षात्कार करते हैं। डॉ. राय जागती आंखों से सपना देखने वाले रचनाकार हैं और ऐसा रचनाकार वह होता है जो नींद हराम कर देता है ।

डॉ. राय के पास दोनों ताकत है। समय, समाज, इतिहास, संस्कृति और परंपरा को लेकर इनकी दृष्टि साफ है इसीलिए इनकी भाषा उलझी हुई नहीं है। कार्यक्रम संयोजक हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो कंचन राय ने आभार व्यक्त किया तथा अर्थ शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. चन्द्रप्रकाश राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। द्वितीय सत्र में दयाशंकर, जितेन्द्र, सुरेन्द्र, बागी, धर्मेन्द्र आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में डॉ रशिका रियाज, आकांक्षा, डॉ जियाउल्लाह, योगेन्द्र सिंह, हरीश, देव भास्कर, ऋषिकेश, देवेश, रमाशंकर, हृदय नाथ राय, रामजन्म, अभय चौधरी, दीपचंद आदि सुधी जन उपस्थित रहे।

## इच्छुक दावेदार आरक्षण के इंतजार में बेचैन

**कोपागंज, मऊ।** जनपद मऊ नगर निकाय चुनाव के आरक्षण का कोपागंज, कुथीर्जाफरपुर, अदरी नगर पचायतों में चेयरमैन पद के उम्मीदवारों व सभासद दावेदारो बेसब्री से इंतजार है। कुर्थी जाफरपुर नई नपं बनी है यहां पर भी नपं अध्यक्ष वह सभासद पद के पद के दावेदारों की सांसे अटकी हुई हैं नपं अध्यक्ष व सभासदों दावेदारों की बेचैनी बढ़ने लगी है। नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी दावेदारों की अपनी अलग गणित है। सामान्य सीट के दावेदार यह नहीं चाहते हैं कि सीट अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित होगा यही हाल है अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के दावेदारों का। किस जाति महिला या पुरुष सीट होगा। सभी वर्गो के दावेदार अपने मनमाफिक सीट चाहते हैं। इस पर सभासद पद के प्रत्याशियों की निगाह लगी है। भले ही अभी आरक्षण की स्थिति साफ नहीं हुई है। पर दावेदार खुलकर सामने आ चुके हैं। वार्ड में प्रचार कर रहे हैं। नपं क्षेत्र के विद्युत पोल व दीवारों को होर्डिंग से पाट दिया गया है। वार्डों का आरक्षण जारी होने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों पद के लिए आरक्षण क्या और किस समय होगा। दावेदार को अब इसकी चिंता सताने लगी है। सीट क्या होगी, क्या नहीं होगी। इसकी बेचैनी ने दावेदारों की नींद उड़ा रखी है।

# देवरिया, एसएसबी लखनऊ व जाट रेजीमेंट ने जीते अपने अपने मैच

**खेल**

## शनिवार को होंगे क्वार्टर फाइनल मैच

**मऊ।** शहर के जीवन राम छात्रावास के मैदान में चल रहेपांच दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन मऊ व बांदा की टीम समेत अन्य जनपदों से आए खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता को देखने के लिए सुबह से ही दर्शकों की भारी भीड़ देर शाम तक जमी रही और जमकर तालियों से उनका उत्साहवर्धन भी किया।

जिला वॉलीबाल एसोसिएशन मऊ के तत्वाधान में हो रहे 71वें भीमनरायण राय उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट महिला एवं पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय मंत्री सहजानन्द राय रहे। मुख्य अतिथि के आते ही वालीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्पल राय ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें मोमेंटो तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद श्री राय ने वालीबॉल एसोसिएशन की तरफ से मऊ जनपद में स्टेट लेवल पर हो रहे हैं प्रतियोगिता को लेकर पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

विशेष तौर पर उन्होंने विभिन्न जनपदों से मऊ की सरजमी पर वॉलीबॉल खेलने आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री ने कहा कि विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों ने जो प्रतिभाग लिया है और स्वाभाविक तौर पे यहां अपने प्रतिभाग के माध्यम से एक अच्छा प्रदर्शन करके मऊ जनपद ही नहीं पूरे पूर्वांचल में वॉलीबॉल के प्रति लोगों के मन में एक आकर्षण पैदा करने का काम किया है। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व खेल मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले भारत की टीम अगर कहीं खेलने जाती थी तो स्वाभाविक तौर पर उसकी श्रेणी पहले से हम लोग मान लेते थे। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के माध्यम से गांव और गली में रहने वाला प्रतिभागी हैं उनको भी एक अच्छा मंच प्रदान करके उनकी प्रतिभा को निखारने का काम किया है।

कहा कि यह वालीबॉल महाकुम्भ मऊ ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में एक मिसाल बनकर साबित होगा। उन्होंने आयोजन समिति की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष उत्पल राय एवं सहयोगियों को कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में धर्मेश शाही, मुन्ना दुबे, अशोक सिंह, गणेश सिंह, आनंद सिंह, सन्तोष सिंह, नुपुर अग्रवाल, साधू यादव, संगीता द्विवेदी, प्रभात राय, राजेश सिंह, केके राय, सर्वेश राय आदि शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन प्रमोद राय ने किया। शुक्रवार को लीग राउंड के अनेकों मुकाबले खेले गए। देर शाम तक लीग राउंड के मुकाबले चलते रहे।



## मुस्तैद दिखा उप्र वॉलीबॉल निर्णायक मंडल

स्टेट चैंपियनशिप को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के निर्णायक मुस्तैद दिखे। निर्णायक की भूमिका विष्णु सिंह, विनोद कुमार, फूलचंद, अजय वर्मा, यशवंत सिंह, शिवाजी, हरिशंकर, मोहम्मद आदिल, बृजेश मौर्य, सत्येंद्र, सीबी मिश्र, यशवंत, सुरेश, संतोष, धनंजय व रविकांत आदि ने निभाई।

# रेलवे पुलिस ने 17 शराब तस्करों को दबोचा

**कामयाबी**

## ट्रेन से बिहार प्रांत में भारी मात्रा में खपाते थे शराब

**जनसंदेश न्यूज**


दिलदारनगर रेलवे पुलिस के गिरफ्त में शराब तस्कर।

**दिलदारनगर।** रेलवे पुलिस ने ट्रेन से शराब की तस्करी करने वाले 17 तस्करों को भारी शराब के साथ गिरफ्तार करने में कामायाबी हासिल की है। बरामद शराब में विभिन्न ब्रांड कुल 16 तरह के ब्रांड विदेशी शराब बरामद किए गए।

उपरोक्त सभी बरामद अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश निर्मित पाया गया। पकड़े गए सभी व्यक्तियों के पास से कूल 421.920 लीटर अंग्रेजी शराब की बरामदगी की गई। जिसका बाजार मूल्य 400860 रूपए आंकी गई है। रेलखंड में कुछमन-सकलडीहा स्टेशन के मध्य ब्लॉक सेक्शन में शराब माफियाओं द्वारा गाड़ी में एसीपी कर शराब चढ़ाए जाने की सूचना मिल रही थी। इस सूचना पर उ.नि.राजीव कुमार द्वारा कुछमन एवं सकलडीहा कैम्पिंग स्टाफ प्र.आरक्षी अभिषेक सिंह , सूर्यदेव कुमार,सचिन कुमार पटेल को उपरोक्त ब्लाक सेक्शन के ब्लैक स्पॉट किलोमीटर नंबर 741/18-20 पर छुपाव हासिल कर गुप्त निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। करीब 20-22 व्यक्तियों को अपने पास वजनी बैग झोला लेकर रेल लाइन के किनारे आते हुए देखा गया हैं। तभी ट्रेन का चेन पुलिंग कर शरात तस्कर एकाएक उतरने लगे।

पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा । हल्ला सुन शराब माफियाओं द्वारा अपने आदमियों को छुड़ाने का प्रयास करने लगा। परन्तु नहीं छुटता देख बलकर्मियो के ऊपर पत्थरबाजी करने लगा। जिससे यात्रा कर रहे यात्रियों पर खतरा उत्पन्न हो गया। गाड़ी खुलने के बाद उक्त स्टाफ द्वारा उक्त घटना की सूचना दी गई ततपश्चात सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रेसुब दानापुर के माध्यम से गाड़ी सं.09447 का ठहराव दिलदारनगर पर लिया गया। तथा इसकी सूचना जीआरपी दिलदारनगर को भी दी गई। गाड़ी आगमन पर मुझ उप निरीक्षक के साथ उ.नि.नवीन कुमार , प्र.आ. अशोक कुमार ,प्र.आ.शाहिद खान, सुमेश केशरी, राम जी ठाकुर, आ.अब्दुल हसन, आ.त्रिलोकी नाथ सभी रेसुब पोस्ट दिलदारनगर तथा उप निरीक्षक अभिषेक कुमार , राज किशोर पाण्डेय, राजेश रौशन सभी रेसुब सीबीआई दानापुर एवं जीआरपी दिलदारनगर के कौशल सिंह, विवेक पाण्डेय, जीतेन्द्र सिंह के सहयोग से गाड़ी के दिलदारनगर एक पर आगमन के पश्चात हम सभी द्वारा गाड़ी को चेक किया। पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर कुल 17 व्यक्तियों को शराब के कुल 40 झोला -बैग के साथ ट्रेन से उतारा गया। पूछताछ करने पर बताया कि हम सभी डीडीयु से शराब लेकर आए थे तथा मेरा एक साथी डीडीयु में ही इस उद्देश्य से रह गया कि गाड़ी को चेन पुलिंग कर इस स्थान पर रोकेंगे दिलदारनगर स्टेशन एक के फुट ओवर बृज के पास उक्त सभी व्यक्तियों का बैग-झोला समक्ष गवाहन के चेक किया। जिसमे विदेशी शराब पाया गया।

## यूबीआई अधिकारियों ने ग्राहकों को दी जानकारी

**सादात।** यूबीआई की मुख्य शाखा में शुक्रवार को ग्राहकों की उपस्थिति में बैंककर्मियों ने केक काटकर बैंक का 104 वां स्थापना दिवस मनाया। संक्षिप्त गोष्ठी में ग्राहकों को बैंक द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने का आह्वान किया गया। शाखा प्रबंधक विजय कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व केक काटकर किया। उन्होंने बताया कि 11 नवम्बर 1919 को स्थापित बैंक की हजारों शाखाएं ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं दे रही हैं। बैंक की कार्य प्रणाली, ग्राहक सेवा और बैंक उत्पादों की जानकारी देते हुए कहा कि यूबीआई द्वारा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए मोबाइल ऐप लांच किया गया है, जिससे अपने खाता से संबंधित सारी जानकारी घर बैठे ही हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर कन्हैया लाल, रजनीश सिन्हा,आशा देवी, प्रद्युम्न कुमार राय, चंदन कुशवाहा, संदीप कुमार,अजय प्रताप, प्रमेश यादव, गुड्डू श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पुलिस की मेहरबानी से ओवरलोड वाहनों का खेल



**मुहम्मदाबाद।** योगी सरकार ने अवैध बालू खनन एवं वाहन से अत्यधिक ढुलाई पर रोक लगाई है। लेकिन मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस की मेहरबानी पर ट्रैक्टर-ट्राली से दिन के पहर कोतवाली के सामने से बेधड़क गुजर रही है। परंतु मुकामी पुलिस हाथ पर हाथ रखकर तमाशा देख रही है। जिससे राजस्व को भी काफी क्षति पहुंच रही है। कोतवाली पर तैनात सिपाही बकायदे ओवरलोड वाहनों को पास देने में जुटे। यहां तक की कोतवाली गेट पर पहले से मौजूद दलाल पुलिस को संतुष्ट कर वाहनों को पास कराने में अपनी काबिलिय समझ रहे है। शुक्रवार को एकाएक बालू लदे ट्रैक्टर-ट्राली गुजर रही थी। जब तस्वीर को कैमरा में कैद देख चालक ने पीछे आ रहे चालक को अगाह किया। इधर कोतवाली पुलिस ओवरलोड वाहन को पास कराने में जुटी रही। सूत्रों ने बताया कि यह खेल दिन के पहर रही नहीं,बल्कि रात्रि में ओवरलोड बालू लदे वाहन गुजरते रहते है। पुलिस को पर वाहन मोटी रकम अदा की जाती है। यहां तक ओवरलोड वाहनो पर नंबर प्लेट तक नहीं लगे रहते है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा से वार्ता करने की कोशिश की गई। लेकिन उनका मोबाइल स्वीच आफ आ रहा था।

### 13 को आयोजित होगी विचार-अभिव्यक्ति प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में रविवार को नगर के तुलसी सागर स्थित एक एकेडमी के सभागार में प्रातः दस बजे से विचार-अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (हिन्दी माध्यम)का आयोजन किया गया है। चार वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा चार से इण्टरमीडिएट तक के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 4 से 6) हेतु 'बच्चों को जेब खर्च देना चाहिए', मध्यम वर्ग (कक्षा 7 व 8) हेतु 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क रहता है', ज्येष्ठ वर्ग (कक्षा 9 व 10) हेतु 'भ्रष्टाचार का दानव कैसे मरेगा?' एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 11 व 12) हेतु 'शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है' विषय निर्धारित किया गया है। प्रतिभागियों के विचारों को सुनने एवं उनके उत्साहवर्धन हेतु सामान्यजन भी कार्यक्रम में आ सकते हैं।

### धान की फसल देखने खेत में पहुंची डीएम



**गाजीपुर।** क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के ऑकड़े तैयार किये जाते है। जिससे उत्पादन की सटीक जानकारी प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि,भारी वर्षा एंव अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिती में ग्राम अतरौली तहसील सदर में शिवमुनि के खेत में धान की क्राप कटिंग कराई गयी। इस दौरान 43.03 वर्ग मीटर या .0043 हेक्टेयर खेत में क्राप कटिंग मौके पर कराई गयी। जिसमें 23.130 किग्रा उपज तौलाई के दौरान प्राप्त हुई। इसके आधार पर प्रति हेक्टेयर 53.14 कुन्तल उपज जनपद में पैदावार अनुमानतः लगाया गया। जिलाधिकारी ने किसानों को अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रों पर धान बेचने की सलाह दी जिससे उन्हे अपने धान का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानो से अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी मृत्युन्जय सिंह, तहसीलदार अभिषेक राय, ग्राम प्रधान दीना नाथ उपस्थित रहे।

### आधुनिक सामुदायिक पांच जेटी का निर्माण

**गाजीपुर।** भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण,पत्तन,पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी एवं आर्थिक सहायता के माध्यम से रु. 746 करोड़ की लागत से जलमार्ग विकास परियोजना के तहत अर्थगंगा की संकल्पना पर उत्तर प्रदेश में जलमार्ग संख्या 1 ( गंगा नदी के तटों पर 15 स्थानों पर वाराणसी से लेकर बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को 15 सामुदायिक जेट्टियों में से 7 जेट्टियों के लोकार्पण तथा 8 जेट्टियों का शिलान्यास मुख्यमंत्री, उप्र व केंद्रीय मंत्री पत्तन , पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा संत रविदास घाट , वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस उपलक्ष्य पर कलक्टर घाट में कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण दिखाया गया। जनपद में भी 5 जेट्टियों का निर्माण किया जाना है जिसमे चोचकपुर, दुनगुनपुर,सैदपुर,जमांनियां एवं कलक्टर घाट पर जेट्टियों का निर्माण किया जायेगा। इन सामुदायिक जेट्टियों पर नाव के ठहराव एवं यात्रियों के उतरने चढ़ने के हेतु उचित व्यवस्था तथा तट पर आने वाले यात्रियों के ठहराव एवं विश्राम हेतु एक विश्राम स्थल इत्यादि अन्य विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। डीएम आर्यका अखौरी, एमएलसी विशाल सिंह, प्रभुनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, एसडीएम सदर, सीओ सिटी, एसपी सिटी, अध्यक्ष नगर पालिका सरिता अग्रवाल, प्रदीप पाठक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### चेयरमैन के पहल की युवाओं ने की प्रशंसा



**गाजीपुर।** कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस द्वारा संचालित डा. विजय इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी डीवीआइईटी पालिटेक्निक के तत्वावधान में मेगा रोजगार कैम्पस सलेक्शन प्लसमेन्ट का आयोजन किया गया। इसमें पंजीकृत 210 में से 156 युवाओं को देश की जानी मानी कम्पनियों में ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड औरंगाबाद कम्पनियों ने विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया। कम्पनियों के एचआर अभिनव यादव द्वारा विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया। कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस के चेयरमैन एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार यादव की जनकल्याणकारी लिए प्रतिभागी सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने डीवीआइईटी पॉलिटेक्निक, कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की भूरि भूरि प्रशंसा की। कृष्ण सुदामा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए पूरी मेहनत और लगन से कार्य करने की नसीहत दी। आयोजित मेगा रोजगार मेला कैम्पस सेलेक्शन में नौकरी पाने वाले युवा उनकी भूरी-भूरी प्रसंशा करते दिखे। युवाओं को नौकरी दिलाने की उनकी नेक पहल की हर कोई सराहना किया। छात्र-छात्राओं का विभिन्न पदों के लिए सेलेक्शन करते हुए उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किया। इस दौरान कृष्ण सुदामा ग्रुप इंस्टीट्यूटशन्स के मुख्य अधिकारी सारंग पांडेय, डीवीआइईटी पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफगण इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई ने भाजपा को बुंलदियों पर पहुंचायाः भानु


छावनी लाईन भाजपा कार्यालय पर कार्यर्त्ताओं को संबोधित करती जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह।

**गाजीपुर।** भारतीय जनता किसान मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय पर हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि 1980 में बनी पार्टी को आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का श्रेय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि मुंबई में स्थापना करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहां था अंधेरा छटेगा, सूरज मिलेगा और कमल खिलेगा। जब उसके बाद पहली बार देश में लोकसभा के चुनाव हुए तो भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद चुनकर सदन में गये। उस समय सदन में सत्तासीन पार्टी के नेताओं ने अटल सहित भाजपा का उपहास उड़ाया था। तब अटल ने भरे सदन में कहा था कि आज हम यहां दो सीट के साथ बैठे हैं, आने वाला समय इसके विपरीत होगा और हम सत्ता में स्थापित होंगे। आज उनका यह वाक्य पूर्ण रूप से सत्य साबित हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण आमजन की सेवा और भाजपा की रीत-नित को और आगे बढ़ाने के लिए हमेशा से संगठन द्वारा किया जाता है। पूर्व जिला अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रणजीत राजभर, शुभांशु मिश्रा, अशोक सिंह झब्बल, शैलेंद्र सिंह, पंकज राय, प्रिंस सिंह, राधेश्याम शर्मा, हीरालाल कुशवाहा, भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक कार्तिक गुप्ता सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री धनंजय चौबे ने किया।

## प्रदूषण 'साइलेंट किलर' बीमारियां हो रहीं गंभीर

**गाजीपुर।** प्रदूषण के संकट ने हमारी जिंदगी को प्रभावित कर रहा है। बच्चों और बुजुर्गों पर तत्काल पड़ने वाला प्रभाव जिससे उनके अस्पताल आने की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है। आंकड़े बताते हैं कि प्रदूषण से हार्ट अटैक के मामले बढ़ जाते हैं। पीएम 2.5 और अन्य बेहद सूक्ष्म पार्टिकुलेट मैटर के कारण रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) में सृजन आ जाती है। कोविड के एक साल को छोड़ दिया जाए तो एक्यूआई खराव, बेहद खराव या गंभीर श्रेणी में ही रहता है। लगातार ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं, जो पूरे स्वास्थ्य पर असर डालना शुरू करता है। यहां पर हार्ट अटैक और सांस की क्रॉनिक बीमारियों की आशंका ज्यादा है। वहीं, यह बच्चों में लंग्स (फेफड़ों) के विकास को कुंद कर देता है। फेफड़ों का विकास 20 साल की उम्र तक होता है, लेकिन अगर खराब हवा में सांस लेते रहें तो इससे फेफड़ों की क्षमता उतनी नहीं रह जाती जितनी होनी चाहिए। दिल की बीमारियों और हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

# नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए नपा संकल्पित : सरिता

**आयोजन**

### विवेकानंद वार्ड नं-3 में दो सड़कों का लोकार्पण


वार्ड नं-3 स्थित विवेकानंद में सड़क का लोकार्पण करती नपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल व अन्य।

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नं. तीन विवेकानन्द में 28 लाख की लागत से नवनिर्मित दो सड़कों का लोकार्पण भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि हम नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित हैं। हमने बहुत सारे विकास कार्य किए और लगातार विकास का क्रम जारी है। उन्होंने स्वच्छता को लेकर लोगों से समय से कूड़ा देने की अपील की। पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि तुलसी सागर पश्चिमी में कालिका प्रसाद के मकान से सुशीला श्रीवास्तव के मकान होते हुए जग्गन सिंह यादव के मकान तक ढक्कनयुक्त नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण 12 लाख की लागत से एवं प्रभात नगर कालोनी में मनोज यादव के मकान से रितु राय के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण 16 लाख कुल 28 लाख की लागत का लोकार्पण कर जनता को सुपुर्द कर दिया गया है। डा. व्यासमुनी राय,अखिलेश सिंह, समरप्रताप सिंह, रासबिहारी राय, दिनेश बिन्द, अनन्त सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता रामप्यारे सिंह, संचालन सुभाषचन्द्र व आभार प्रकाश सभासद प्रतिनिधि रूपक तिवारी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलामंत्री सुरेश बिन्द, नगर सुनील गुप्ता, संतोष जायसवाल, विजय कुमार मुन्ना, अजय कुशवाहा, अभिनव सिंह, निखिल राय, जावेद अहमद, सुधीर मिश्रा, गोरख सिंह, अमित सिंह, अरूण कुमार श्रीवास्तव, खुशबू वर्मा, हर्षित सिंह आदि रहें।

# दावेदारों ने टिकट मिलने से पहले ही लगा दिए होर्डिंग

**नगर निकाय**

### नगर निकाय चुनाव को लेकर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनावों को लेकर बिसात सजने लगी है। इस बीच अपनी पहचान बनाने के लिए बहुत से दावेदारों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अपने बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स सजा दिए। नगर निकाय चुनावों को लेकर बिसात सजने लगी है। ऐसे में त्योहारों का साथ मिल गया तो सरगर्मी का बढ़ना स्वाभाविक था। कुछ ऐसी ही सरगर्मी शहर में इन दिनों देखने को मिल रही है। वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के साथ मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य के बीच होर्डिंग, बैनर और पोस्टर वार छिड़ गया है। यह पोस्टर उन दावेदारों के हैं, जिन्होंने पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक दी है। पोस्टर, बैनर में लिखे शब्द तो नवरात्र, दशहरा और दीवाली की बधाई देने के हैं, पर इसको चुनावी समीकरण से जोड़ा जा रहा है। इसके

### परिसीमन के बाद कई दावेदारों का बिगड़ेगा समीकरण

**गाजीपुर।** परिसीमन के बाद जिन वार्डों का भूगोल बदल रहा है, उन वार्डों के पार्षद खासे चिंतित हैं। उनकी पहली समस्या परिसीमन के बाद वार्ड में शामिल मतदाताओं को साधना है और दूसरा संभावित प्रत्याशियों द्वारा पोस्टर वार शुरू कर देना है। इस बदले परिदृश्य से कई पार्षदों को अपनी कुर्सी जाती दिख रही है। साथ ही, पारंपरिक वोट की चिंता भी उन्हें सता रही है।

### भाजपा में सबसे अधिक दावेदार

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव को लेकर सर्वाधिक दबाव भाजपा नेतृत्व पर है, क्योंकि टिकट के ज्यादातर दावेदारों का जोर इसी पार्टी से टिकट हासिल करने में है। हर वार्ड से एक-एक दर्जन दावेदार हैं और विभिन्न माध्यमों से टिकट के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया है। ऐसे में पार्टी के वर्तमान पार्षदों की नींद उड़ गई है। टिकट तो किसी एक को मिलेगा, ऐसे में पार्टी नेतृत्व ने अभी से कार्यकताओं के बागी न होने के लिए माथापच्ची भी शुरू कर दी है। हर बैठक में उन्हें पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण की याद दिलाई जा रही है। कहा जा रहा है कि टिकट हर हाल में पार्टी के ही कर्मठ कार्यकर्ता को मिलेगा।

### चढ़ रहा चुनावी पारा

**गाजीपुर।** बीते दिनों भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के गांव मोहनपुरा का दौरा हुआ। इस दौरान चुनाव लड़ने वाले दावेदारों ने अपनी ताकत दिखाने में कसर नहीं छोड़ी है। इस बीच अपनी पहचान बनाने के लिए बहुत से दावेदारों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अपने बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स सजा दिए। ऐसे में शहर का चुनावी पारा चढ़ गया है। भाजपा के अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस, आप आदि पार्टियों में चुनाव के दावेदार ताल ठोकते नजर आ रहे हैं।

## कब्रिस्तान में लावारिस शव सुपुर्द ए खाक

**गाजीपुर।** लावारिस लाश गहमर थाना एवं भदौरा रेलवे बकैनिया रेलवे ट्रैक पर ट्रेन दुर्घटना में एक 50 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति का शरीर से सिर, पैर और हाँथ कटकर अलग हो गया था। जिससे अज्ञात मृतक व्यक्ति का मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जिनकी शिनाख्त नहीं होने पर अज्ञात मृतक व्यक्ति के लाश को मेरे द्वारा कांस्टेबल सन्नी यादव व दिनेश पटेल के सहयोग से मर्चरी रूम में रखवाकर शिनाख्त कराने की कोशिश की। जिनकी शिनाख्त नहीं होने पर एवं 72 घण्टे होने के उपरांत लाश का मुस्लिम समुदाय के रीति रिवाज से पुलिस कार्रवाई करने के बाद इमामबाड़ा के कब्रिस्तान में इंतजामिया कमेटी के जानिब से सुपूर्द ए खाक किया गया। इस अवसर पर अतीक अहमद राईनी, गुड्डू खान, अशरफ उल्लाह खान, पप्पू गाजी, पप्पू बासफोर, अभिषेक यादव, सूरज आदि लोग मौजूद थे।

## सीएमओ ने सुनाया फरमान,किट से डेंगू मरीज की पहचान नहीं

**गाजीपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा जनपद के समस्त निजी नर्सिंग होम,निजी चिकित्सक एवं प्राइवेट पैथोलॉजी को पत्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि किट के द्वारा किसी भी मरीज को डेंगू धनात्मक घोषित नहीं किया जाए तथा ऐसे मरीजों का पुष्टि हेतु सैंपल उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार एवं जापानी इंसेफेलाइटिस आदि बीमारियों को उत्तर प्रदेश सरकार के गजट 09 नवम्बर 2016 के द्वारा नोटिफाईबल डिजीज घोषित किया गया है। ऐसे में सभी निजी चिकित्सक, नर्सिंग होम तथा लैब को इन मरीजों की सूचना तथा क्रॉस चेकिंग हेतु सैंपल मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को देना अनिवार्य किया गया है । अन्यथा की स्थिति में ऐसे निजी चिकित्सक,नर्सिंग होम एवं प्रयोगशालाओं के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षकों तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में डेंगू तथा अन्य मच्छर जनित बीमारियां पूरी तरह नियंत्रण में है । डेंगू के उपचार हेतु जिला अस्पताल में 25 बेड उपलब्ध है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 60 बेड आरक्षित किए गए हैं। डेंगू के उपचार हेतु सभी आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी भी बुखार पीड़ित को घबराने की कतई आवश्यकता नहीं है । अन्य वायरल बीमारियों में भी प्लेटलेट्स की कमी हो सकती है, अतः प्लेटलेट्स की कमी होना डेंगू होना नहीं है। बुखार के मरीज अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। इन 103 मरीजों में से 27 मरीज अन्य प्रदेशों अथवा जनपदों से बीमारी के उपरांत जनपद में आए थे जो जांच में डेंगू धनात्मक पाए गए। इसमें से अधिकांश मरीज उपचार के उपरांत स्वस्थ होकर अपने कार्यस्थल के प्रदेशों तथा जनपदों में वापस जा चुके हैं।

# मांगों का निराकरण नहीं किया तो होगा बड़ा आंदोलन


**अपनी बात**

### सरकार मार रही कर्मचारियों का हक

### योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपेरखा तैयार कर रहा संगठन

**जनसंदेश न्यूज**


चौधरी दिनेश चंद्र राय।


बालेन्द्र त्रिपाठी।


डीएस राय।


शिवकुमार सिंह।


इं अरविंद नाथ राय।

**गाजीपुर।** सरकार कोरोना महामारी की आड़ और अन्य भत्तों को रोक कर कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर रही है। सरकार संघ की मांगों व कर्मचारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। सरकार का यह रवैया कर्मचारी हित के विरूद्ध है। ये बातें जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का कहना है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि संगठन योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपेरखा तैयार कर रहा है। ताकि शिक्षक, कर्मचारी हित की मांगों को सरकार से पूर्ण कराया जा सकें। चेतावनी दी कि यदि सरकार समय रहते संगठनों की माँगों का निराकरण नहीं करती है तो ऐसे आंदोलन खड़े किये जायेंगे जिसकी सरकार कल्पना भी नहीं कर सकती।

यूपी मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के बालेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण समय रहते कर देना चाहिए। कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो शीघ्र बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मण्डल अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डीएस राय का कहना है कि मुख्य सचिव ने शासनादेश जारी करके सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व विभागाध्यक्ष को आदेशित किया है कि प्रत्येक माह मान्यता प्राप्त सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करके उनकी मांगों व समस्याओं का समाधान किया जाए।

एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी शासन स्तर पर कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। परिणामस्वरूप संघ की परिपक्व मांगे भी लंबित है। विभिन्न संगठनों को संदेश दिया कि कर्मचारी, शिक्षकों को एक मंच पर आकर आंदोलन करना होगा। तभी सरकार लंबित मांगों को पूरा करेंगी।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने कहा कि सरकार हमारी जायज मांगों को अनसुना करके खुद पूरे प्रदेश में गंभीर आंदोलन जैसा हालात तैयार कर रही है। विभागीय अधिकारी निरंकुश हो गए है। कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शिक्षक कर्मचारियों को अधिकारी आंदोलन करने पर मजबूर कर रहे है। कर्मचारी संगठनों के संरक्षक इं अरविंद नाथ राय ने बताया कि यदि सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है। तो आने वाले दिनों में कर्मचारी व्यापक आंदोलन करेंगे।

जिसका खामियाजा सरकार को आगामी चुनावों में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार वादा खिलाफी कर रही है। आश्वासन के बाद भी सरकार कर्मचारियों के हितों में कोई काम नहीं कर रही है।

# प्लेटलेट का कम होना डेंगू का लक्षण नहीं: सीएमओ

**गाजीपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बुखार से भयभीत होने की बजाय घरों एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने को अति आवश्यक बताया एवं साथ ही साथ बताया कि मात्र प्लेटलेट का कम होना डेंगू का लक्षण नहीं है। अन्य बिमारियों में भी प्लेटलेट्स की संख्या में कमी होती है। डेंगू स्वयं ठीक होने वाली बीमारी है। डेंगू के इलाज हेतु कोई विशेष दवा नहीं है। बुखार कम करने हेतु मात्र पेरासिटामोल दवा की जरूरत होती है। आईब्रुफेन एवं डिस्प्रिन इत्यादि का सेवन बिल्कुल नहीं किया जाए। बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों के आसपास, घरों की छतों पर तथा घरों के अंदर कहीं भी पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। घरों के आसपास के जलजमाव का निस्तारण पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभागों के सहयोग से करवाया जाना आवश्यक है। घरों के अंदर तथा छतों पर अनावश्यक वस्तुओं, जैसे पुराने टायर, प्लास्टिक अथवा मिट्टी के पुराने बर्तन, बोतल, ग्लास, नारियल के खोल आदि को तत्काल हटा देना चाहिए। कूलर के पानी को निकाल कर अच्छे से साफ करके सुखा कर रख दें तथा उसका प्रयोग अब बंद कर दें। शरीर को पूरी तरीके से ढक कर रखें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बताया कि आईएमएस बीएचयू भेजे जा रहे संदिग्ध डेंगू के 09 सैम्पल भेजे गये । अब तक कुल 130 सैंपल भेजे गये, जिसमे 121 परिणाम प्राप्त हुए। जिसमें डेंगू पॉजिटिव जनपद के 83 व अन्य जनपद के 04 मरीज प्राप्त हुए। नेगेटिव कुल 34 मिले। अन्य जनपद से सूचित कुल 20 मरीज की संख्या प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि अबतक जनपद में डेगू के पॉजीटिव कुल 103 मरीज मिले है। 09 परिणाम प्रतिक्षित है। जिला अस्पताल गाजीपुर में डेंगू हेतु आरक्षित बेड की संख्या-25 (भर्ती संदिग्ध डेंगू मरीजों की संख्या-10, बेड खाली-15) है। गाजीपुर के सामु.स्वा केन्द्रों में डेंगू हेतु आरक्षित बेड की संख्या-60 (भर्ती संदिग्ध डेंगू मरीजों की संख्या-7, बेड खाली-53) है। गाजीपुर के निजी अस्पतालों में डेंगू हेतु आरक्षित बेड की संख्या-32 (भर्ती संदिग्ध डेंगू मरीजों की संख्या-0, बेड खाली-32) है।

### एनएएम के घर से लाखों की चोरी

**मरदह।** थाना के बोगना गांव में स्थित जच्चा -बच्चा केंद्र में स्थित एनएएम के आवास का ताला तोड़कर चोरों ने गुरुवार की रात्रि में हजारों रुपया का आभूषण एवं पच्चीस हजार रुपये नकद चोरों ने चोरी कर लिया। पलहीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत एनएएम हेमलता देवी ने मरदह थाने में चोरी की तहरीर दी है। मरदह थाना के बहतुरा गांव निवासी एनएएम हेमलता घटना के एक दिन पूर्व आवास में ताला बंद करके बच्चो सहित शादी में शामिल होने गयी थी। जब लौटी तो आवास का ताला टूटा हुआ था एवं समान बिखरा हुआ था। सोने चाँदी के आभूषण 25 हजार नकदी सहित लगभग 80 हजार के लगभग का सामान गायब था। पीड़िता ने चोरी की तहरीर मरदह थाने में दी है।

## जनसंपादकीय

# मानवता का आंदोलन है बौद्ध धर्म

बुद्ध का मार्ग विशाल मानवता का मार्ग था, जिस पर चलते हुए उन्होंने जातिप्रथा को चुनौती देकर इस देश में एक महान आंदोलन का सूत्रपात किया और चारों वर्णों तथा स्त्रियों को धर्म का समान अधिकार दिया। यह ब्राह्मणधर्म के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत थी और बौद्धों का ब्राह्मणों ने जो भी विरोध किया, यह इसी विद्रोह के कारण किया। बौद्धधर्म की एक बड़ी विशेषता यह रही कि उसने जातिप्रथा के खिलाफ हथियार कभी नहीं डाले। यही कारण है कि महायान बिगड़कर जब मंत्रयान एवं वज्रयान बनने लगा, तब भी जातिवाद के खिलाफ उसकी कार्यवाही जारी रही। बौद्धधर्म ने जातिवाद का डटकर विरोध किया, इसी से मध्यकाल में जाकर निर्गुण मत का प्रचार करने वाले संतों को यह कहने का साहस हुआ कि वे जातिप्रथा को नहीं मानते। निर्गुनियां संत बहुत-सी बातों में बुद्ध की परंपरा में हैं। उनका वैराग्य, उनकी निवृत्तिवादिता, उनका फक्कड़पन, सभी जातियों को बराबर मानने का आग्रह तथा यह विश्वास कि देवता मंदिर में नहीं, मनुष्य के हृदय में हैं, ये सारी-की सारी बातें बौद्धधर्म से निकली हैं। अगर बुद्ध नहीं हुए होते तो इस देश में दादू व कबीर तथा नानक व हरिदास निरंजनी में से कोई नहीं हुआ होता। इस देश में विशाल मानवता का आंदोलन बुद्ध का ही चलाया हुआ है और तब से आज तक बराबर चलता आ रहा है। उनका यह आंदोलन क्रांतिकारी सिद्ध हुआ।

बुद्ध के समय से भारत में चिंतन की दो धाराएं बहती आ रही हैं। एक वर्णाश्रम धर्म की धारा है, जिसके ऋषि मनु, वशिष्ठ एवं याज्ञवल्क्य, दार्शनिक शंकराचार्य तथा कवि तुलसीदास हैं। दूसरी धारा मूल संस्कृति के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए फूटी थी। इस धारा के ऋषि विश्वामित्र व बुद्ध, दार्शनिक वसुबंधु व नागार्जुन कवि सरहपा, नन्हपा, कबीर, नानक, दादू व मलूकदास हैं। यह धारा जाति, वंश एवं गोत्र में विश्वास नहीं करती वरन् धीरे-धीरे सभी धर्मों में एकता लाकर मनुष्य मनुष्य को एक बनाना चाहती है। मध्यकालीनता के संस्कार छीजते गए हैं और आधुनिकता का वृत्त फैलता गया है। संसार आज भी जनक, बुद्ध. अशोक व गांधी की वंदना करता है। भारतवर्ष के लंबे इतिहास में जब भी कोई अद्भुत धार्मिक चिंतन किया गया, जनता ने उसे प्रसन्नता से स्वीकार कर लिया। आय तथा अनार्यों (द्रविड़ों) के मिलन के बाद भी अनेक जातियां इस देश में आई और उन सबने हमारी संस्कृति को कुछ-न-कुछ अंशदान दिया। बुद्ध एवं महावीर के नेतृत्व में प्रव धार्मिक क्रांति की पूरी छाप हमारे धर्म व संस्कृति पर मौजूद है। यहां के लोगों ने संस्कृति का ऐसा लचीला रूप पसंद किया, जो प्रत्येक नई संस्कृति से लिपटकर उसे अपनी बना सके।

भारतीय संस्कृति महासमुद्र के समान है, जिसमें अनेक नदियां आ आकर विलीन होती रही हैं। जवाहरलाल नेहरू ने लिखा है, ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन सोचियन और हून लागू, मुसलमानों से पहले आने वाले और ईसा की आरंभिक सदी में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी लोग ये सब एक-के-बाद-एक भारत में आप और उनके आने से समाज ने हल्के कंपन का भी अनुभव किया, मगर अंत में वे सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए। उनका कहीं कोई अलग अस्तित्व नहीं बचा। मिस्टर जोड ने भारत की इस अपूर्व क्षमता की जो प्रशंसा की है, वह इसलिए कि संसार के सामने आज जो सबसे बड़ा सवाल पेश है, वह यह कि दुनिया की अनेक जातियों, अनेक वादों एवं विचारों तथा अनेक संस्कृतियों के बीच समन्वय स्थापित करके हम विश्व-संस्कृति का निर्माण कैसे कर सकते हैं। मिस्टर जोड ने भारत को इस योग्यता को विश्व-मानवता के लिए सबसे बड़ा वरदान कहा है। इसी प्रकार बीसवीं सदी के अद्भुत चिंतक एवं विश्व मानवता के अपूर्व उपासक स्वर्गीय रोम्यां रोलां ने लिखा है कि अगर इस धरती पर कोई ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय व शरण पाते रहे हैं, तो वह जगह हिंदुस्तान है।

यूरोप के प्रसिद्ध विचारक नीत्शे ने ईश्वर की मृत्यु की घोषणा करके यह भी कहा कि ईश्वर की मृत्यु बड़ी घटना है। आदमी इस घटना की बराबरी तभी कर सकता है जब वह खुद ईश्वर बन जाए। इस जर्मन दार्शनिक के बाद फ्रेंच उपन्यासकार अलबेयर कामू ने कहा, नए आदमी का असली दर्द यह सवाल है कि ईश्वर को माने बिना वह संत हो सकता है या नहीं। भारत की परंपरा के पास इसका जवाब है। बुद्ध संत थे, मगर ईश्वर को स्वीकार नहीं करते थे। जैन-धर्म के अनुसार ईश्वरत्व मनुष्य के विकास की उच्चतम कल्पना का नाम है। महर्षि रमण ने भी बुद्ध की तरह कई बार कहा था कि ईश्वर देखने या जानने की वस्तु नहीं है। जानना तो केवल यह है कि मैं कौन हूं।

बौद्धधर्म का राजनीतिक महत्व सबसे अधिक उसके शांति-संबंधी निष्कर्ष में है। शांति का तात्पर्य अस्थिर राजनीति का संतुलन नहीं है, वह एक मानसिक अवस्था मात्र है, जो वैर की भावनाओं से रहित और उस निर्वैयक्तिक व सार्वजनिक प्रेम से परिपूर्ण है, जिसे बौद्ध परिभाषा में मैत्री कहते हैं। बौद्धधर्म मन में शांति का संचार करके उसका बाहर प्रसारण करना चाहता है। इस प्रकार उसका काम अंदर से शुरू होकर बाहर फैलता है। उसके पास मैत्री का ही सबसे बड़ा बल है, जो तटस्थ है और संपूर्ण विश्व को अपने में समेटे हुए है। अशोक की धर्म-विजय का सिद्धांत स्वीकार करने के पश्चात भारत के लिए यह स्वाभाविक था कि वह किसी शक्ति-गुट में सम्मिलित न हो, क्योंकि उसका किसी देश या समूह के प्रति विरोध-भाव नहीं है। भारत की तटस्थता की नीति वस्तुतः मैत्री को निर्वैयक्तिक, सार्वभौम एवं निरपेक्ष शक्ति की ही प्रतीक है, जो धीरे-धीरे विश्व में अपना प्रकाश फैला रही है।



भविष्यवाणी करना एक दुस्साहस का काम है, फिर भी यह सोचा जा सकता है कि भविष्य में बौद्धधर्म शताब्दियों तक संस्कृति एवं शांति के साथ हाथ मिलाकर चलेगा। जहां तक निकट भविष्य का संबंध है, उसका अधिक पुनरुज्जीवन एशिया के देशों तथा अन्य अबौद्ध देशों में होगा और उसके परिणामस्वरूप आगे चलकर विश्व में एक महान सांस्कृतिक नवजागरण होगा। आधुनिक विश्व का एक-तिहाई भाग बौद्ध है। यह बौद्धधर्म का कुछ कम बड़ा काम नहीं है। तिब्बत, मंचूरिया तथा मंगोलिया सहित चीन, कोरिया, जापान, हिंदचीन, स्यामः (थाईलैंड), वर्मा तथा श्रीलंका तमाम देश बौद्ध हैं। यद्यपि मलाया व इंडानेशिया बौद्ध देश नहीं माने जा सकते, फिर भी बौद्धों की संख्या वहां नगण्य नहीं है। मध्यपूर्व में मुस्लिम देशों तथा रूस को छोड़कर प्रायः संपूर्ण एशिया बौद्ध है।

यद्यपि बौद्धधर्म का उदय भारत में हुआ, किंतु आज वह यहां अधिक दृष्टिगोचर नहीं होता। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत में बौद्धधर्म के मानने वाले बिल्कुल नहीं हैं। इस देश के पूर्वी भाग तथा असम में बौद्धधर्म आज भी विद्यमान है। राजपूताना के कुछ भागों तथा नैनीताल व दार्जिलिंग के जिलों में भी यह विद्यमान है। उड़ीसा में बौद्धों की संख्या काफी है और सिक्किम तथा भूटान तो पूर्णरूप से बौद्ध हैं ही। नेपाल यद्यपि राजनीतिक दृष्टि से भारत से अलग है, परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से वह भारतीय संस्कृति की प्रभाव परिधि में ही है। नेपाल की आधी जनसंख्या बौद्धधर्म को माननेवाली है।


बौद्धधर्म के संदेश ने आधुनिक जगत में विशेष महत्व प्राप्त कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जिस शांति की बात करता है, उससे यह सूचना मिलती है कि संपूर्ण विश्व आज उन विश्वासों की ओर लौट रहा है, जो बौद्धधर्म में मूर्तिमान हैं। आज दुनिया के तमाम लोग बुद्ध का आदर यह समझकर करते हैं कि वे मानवतावाद के प्राचीनतम प्रवर्तकों में से हैं। जो लोग यह मानते हैं कि जीवन के अंतिम सत्य को नहीं जाना जा सकता, वे भी बुद्ध की दुहाई देते हैं और जिनका यह विश्वास है कि अंतिम सत्य जैसी कोई चीज नहीं है, वे भी उन्हीं का नाम लेते हैं। सन् 1938 में मिस हार्नर नाम की एक लेखिका ने अपनी पुस्तक बुक ऑफ डिसिप्लिन में यह प्रमाणित किया था कि बौद्धधर्म के मौलिक रूप का अध्ययन अभी अपने बचपन में है। जितनी बातें संसार के सामने आ चुकी हैं, उन्हें देखते हुए यह अवश्य कहा जा सकता है कि संसार के सभी धार्मिक नेताओं में से एकमात्र बुद्ध ऐसे हैं, जिन्होंने अत्यंत प्राचीन काल में भी बुद्धिवाद पर मनुष्य की आस्था जमाने का प्रयास किया; मन को भरमाने वाली दार्शनिक कल्पनाओं को व्यर्थ ठहराया और ईश्वरविहीन धर्म की स्थापना करके मनुष्य को यह संदेश दिया कि जो बातें बुद्धि में नहीं आतीं, उन्हें मानने से इनकार कर-के भी हम धार्मिक बने रह सकते हैं। बुद्ध जैसे महान क्रांतिकारी को आज हम इसीलिए नमन कर सकते हैं।



**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**
**(बुद्ध के बढ़ते कदम पुस्तक से साभार)**


**बुद्ध हजारों वर्षों से सारी दुनिया के कला, साहित्य को प्रभावित करते रहे हैं। भविष्य में शांति और सद्भाव का कोई रास्ता अगर है तो वह बुद्ध के चिंतन से ही निकलेगा। साखी और प्रेमचंद साहित्य संस्थान द्वारा 'बुद्ध की धरती पर कविता' का तीसरा चरण कुशीनगर और लुम्बिनी के बाद 12-13 नवम्बर को गया में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अरुण कमल, आलोक धन्वा, ज्ञानेन्द्रपति के साथ ही अवधेश प्रधान और सदानन्द शाही भी मौजूद होंगे। देश भर के अन्य अनेक कवि भी इसमें हिस्सा लेंगे।**

### आज जब विश्व में संवाद बार बार टूट रहा हो, बुद्ध का मार्ग विचारणीय और स्वीकार्य हो सकता है

# विद्रोही नहीं, संवाद पुरुष थे बुद्ध

**स्मरण**



**राधावल्लभ त्रिपाठी**

परस्पर विरोधी विचारों में सामंजस्य स्थापना बुद्ध की प्रवचन पद्धति की एक बड़ी विशेषता है। विविध विरुद्धों के बीच सामंजस्य के उद्घाटन करने के लिये उन्होंने तर्क और वाद और संवाद की एक अनोखी पद्धति अपनाई। उनका कहना था कि वे ऐसे सिद्धांतों का प्रतिपादन भी करते हैं, जो एकांशिक हैं ,तथा ऐसे सिद्धांतों का भी जो अनेकांशिक हैं आचार्य बी. के . मोतिलाल का मानना है कि बुद्ध की अनेकांशिक की अवधारणा ही आगे चल कर जैन दर्शन के प्रसिद्ध बहुलतावादी सिद्धांत अनेकांतवाद की पीठिका बनी। मज्झिमनिकाय में बुद्ध कहते हैं कि मैं एकांतवादी नहीं हूँ, मैं विभज्यवादी हूँ। विभज्यवाद के द्वारा बुद्ध ने विरुद्धों के बीच सामंजस्य की अनोखी पद्धति विकसित की । विभज्यवाद में किसी भी सिद्धांत को विविध कोटियों में विभाजित कर के उनकी आपेक्षिक सत्यता व आपेक्षिक असत्यता की जाँच की जाती है। वसुबंधु ने विभज्यवादी का लक्षण इस प्रकार बताया है - जो यह कहते हैं कि भूत, वर्तमान तथा भविष्य सभी का अस्तित्व है-वे सर्वास्तिवादी है। पर विभज्यवादी इनके होने न होने की परीक्षा करते हुए कहते हैं कि कुछ वस्तुओं का अस्तित्व है, जैसे कि वर्तमान कर्म तथा पूर्व का कर्म जिसका परिपाक नहीं हुआ - इनका अस्तित्व है। पर आगे संपादित किया जाने वाला कर्म तथा पूर्व का कर्म जो फल में परिणत हो कर निःशेष हो चुका है, इनका अस्तित्व नहीं है।

अपनी तर्कपद्धति के द्वारा बुद्ध ने समस्त दार्शनिक प्रश्नों की निम्नलिखित कोटियाँ स्वीकार कीं- एकांशव्याकरणीय (जिनकी पहचान सत्य या असत्य के रूप में की जा सके), विभज्यवादेन व्याकरणीय (जिनकी पहचान विभाजित करके परीक्षण के द्वारा संभव हो), प्रतिप्रश्नेन व्याकरणीय (जिनकी पहचान उठाये गये प्रश्न के ऊपर प्रतिप्रश्न करके की जा सके) तथा स्थापनीय (जिनके विषय में मौन रहना ही उचित हो अथवा जिन्हें तत्काल विचारणीय न माना जाये)।

ये सारी विचारपद्धतियाँ बुद्ध के मध्यमा प्रतिपद के सिद्धांत के अनुरूप है।

### सम्राज्ञी का नैवेद्य-दान

**अज्ञेय**



हे महाबुद्ध!/ मैं मंदिर में आई हूँ/ रीते हाथ :/ फूल मैं ला न सकी।
औरों का संग्रह/ तेरे योग्य न होता।/ जो मुझे सुनाती
जीवन के विह्वल सुख-क्षण का गीत–/खोलता रूप-जगत के द्वार जहाँ
तेरी करुणा/बुनती रहती है/ भव के सपनों, क्षण के आनंदों के
रहः सूत्र अविराम–/ उस भोली मुग्धा को/ कँपती/डाली से विलगा न सकी।
जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,/ जो फूल जहाँ है,/जो भी सुख
जिस भी डाली पर/ हुआ पल्लवित, पुलकित,/ मैं उसे वहीं पर
अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल,
हे महाबुद्ध!/ अर्पित करती हूँ तुझे।/ वहीं-वहीं प्रत्येक भरे प्याला जीवन का,
वहीं-वहीं नैवेद्य चढ़ा/ अपने सुंदर आनंद-निमिष का,/ तेरा हो,
हे विगतागत के, वर्तमान के, पद्मकोश! / हे महाबुद्ध!

मध्यमा प्रतिपद में किसी में सम्भाव्य दो ध्रुवदेवी या दो अतियों को छोड़ कर मध्यम मार्ग अपनाया जाता है। जैन दर्शन के अनेकांत में भी मध्यममार्ग अपनाया जाता है, पर उसमें दोनों अतियों को भी स्वीकार कर लिया जाता है तथा मध्यम मार्ग को भी । इस दृष्टि से मतिलाल कहते हैं कि बुद्ध का मध्यममार्ग निस्सारणात्मक मध्यम मार्ग है, जबकि कि अनेकांतवाद सर्वसमावेशी मध्यम मार्ग है। मतिलाल के अनुसार विभज्यवाद का ही विकास अनेकांतवाद के रूप में हुआ है ।

नागार्जुन ने बुद्ध की इस विभज्यवादी पद्धति को ही शून्यता के द्वारा समझाया । शून्यता सर्वदृष्टिप्रहण है- शून्यता सर्वदृष्टीनां प्रोक्तं निस्सरणं बुधैः। यह सर्वदृष्टिप्रहाण स्वतः संवाद की पीठिका रचता है। यदि एक दृष्टि को स्वीकार करके अन्य का निषेध किया जायेगा, तो संवाद टूटेगा। सभी दृष्टियां छूट जाती हैं, तो शून्यता या मौन बचता है। बुद्ध अपने अनुयायियों को इस मौन में ले जा कर भी संवाद करते रहे। अष्टसहसिकाप्रज्ञापारमिता में बुद्ध कहते हैं कि सत्य अपने भीतर आत्मसंवाद में पाया जा सकता है। विमलकीर्तिसुत्त में भी यही कहा गया कि बुद्ध अपने मौन में संवाद करते हैं।

विभज्यवाद के द्वारा बुद्ध किसी भी वस्तु या अवधारणा की विभिन्न कोटियों में परीक्षण करके उसको लेकर प्रश्न उठाने के लिये अपने शिष्यों को प्रोत्साहित करते थे। बुद्धत्वप्राप्ति के पूर्व अरियपर्यसना (आर्यपर्येषणा) अर्थात सत्य की खोज के उपक्रम में भी उन्होंने स्वयं विभिन्न ज्ञानियों दार्शनिकों से परामर्श करते हुए इसी पद्धति को अपनाया। जिन ज्ञानियों व चिंतकों से उन्होंने विविध अवधारणाओं पर इस दृष्टि से संवाद किया उनमें आलार कालाम तथा उद्दक रामपुत्त उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त संजय कात्यायान, पुराण कश्यप, मखलि गोसाल तथा अजित केसकंबली भी बुद्ध के समकालीनों में महत्त्वपूर्ण दार्शनिक तथा तत्त्वान्वेषी थे । आजीवक संप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य ककुद कच्चायन भी लगभग इसी समय पाँचवी शताब्दी ई. पू. में हुए।

बुद्ध अपने इन समकालीनों की विचारधाराओं का विभज्यवाद की सरणि पर परीक्षण करते हुए इनकी अतियों को अस्वीकार करते हैं पर उनमें से स्वीकार्य की व्याख्या करते है। वे बार बार कहते हैं जाति से ब्राह्मण नहीं होता कर्म से ब्राह्मण होता है। तब वे जातिवाद को अस्वीकार करते हैं, पर ब्राह्मणत्व को स्वीकार करते हैं। ये कर्मकांड तथा पुरोहितों के पाखंड की भर्त्सना करते हैं। मखलि गोसाल तथा ब्राह्मणवादी धर्म के त्रिवर्ग के सिद्धांतों का विरोध भी बुद्ध उनकी एकांशिकता के कारण करते हैं। अश्वघोष ने बुद्धचरित महाकाव्य में सिद्धार्थ की मगध के राजा बिंबसार से भेंट का वर्णन किया है। सिद्धार्थ से बहस करते हुए बिंबसार ने कहा था कि मनुष्य जीवन की पूर्णता पुरुषार्थ प्राप्ति में है। धर्म, अर्थ तथा काम इन तीन पुरुषार्थों की साधना के द्वारा मनुष्य अपने समग्र प्राप्य को प्राप्त कर लेता है। सिद्धार्थ का कहना था कि त्रिविध पुरुषार्थ से सधने पर भी मृत्यु का भय नहीं मिटता।

अपनी विभज्यवादी पद्धति के द्वारा बुद्ध उपनिषदों के तत्त्व चिंतन से संवाद करते हैं। वे वेदों के अपौरुषेयत्व को अस्वीकार करते हैं, पर वेद में निहित ज्ञान को अपने संदेश में अंतर्भावित करते हैं। बुद्ध विद्रोही नायक नहीं है वे अपने समय के एक बड़े संवाद पुरुष है। विद्रोही सब कुछ का नकार करता है, संवाद पुरुष अग्राह्य को अस्वीकार कर के ग्राह्य को स्वीकार करता है। ग्राह्याग्राह्य के विवेक के लिये विमर्श की जो प्रणाली बुद्ध और उनके अनुयायियों ने विकसित की उसका विवेचन कथा की अवधारणा के अंतर्गत किया गया।

कथा शब्द कथ कहना धातु से बना है। उसका अर्थ यहाँ कहानी नहीं, विमर्श या बातचीत है। कथा के भेदों में बुद्ध की परंपरा में पटिपुच्छा कहा (प्रतिपृच्छा कथा) तथा धम्मकहा (धर्मकथाएँ) दो विशेष माने गये । पटिपुच्छा कहा (प्रतिपृच्छा कथा) का अर्थ है प्रतिप्रश्न कर के बातचीत को आगे बढ़ाना।

मज्झिमनिकाय के नंदकवादसुत्त में नंदन ने पटिपुच्छा कहा का स्वरूप समझाया है। अभिधम्मपिटक के अंतर्गत कथावत्थु नामक ग्रंथ में कथा का सोदाहरण विमर्श विस्तार से बताया गया है। यह ग्रंथ 255 ई.पू. के आसपास लिखा गया। इसमें बताये गये कथा के निम्नलिखित प्रकार बौद्धिक विमर्श में संवाद की वृहत्तर पीठिका बनाने के लिये महत्त्वपूर्ण है-- अनुयोग (जिज्ञासा या प्रश्न), उदाहरण, पटिंजा(प्रतिज्ञा - प्रस्तावचन), उपनयन, निगम (निगमन), निग्गह(निग्रह) इनमें से प्रतिज्ञा, उदाहरण, उपनय तथा निगमन-ये चार तो न्यायदर्शन में भी अनुमानवाक्य के अंग के रूप में बताये जाते रहे हैं। बुद्ध के अनुयायियों ने इनको हर प्रकार के विमर्श के लिये उपादेय माना। बहस को आगे बढाने वाली विचारों की सीढियाँ अवयव हैं। इनका विनियोग परार्थानुमान या अन्य व्यक्ति के लिये की जाने वाली अनुमानवाक्य की प्रस्तुति में होता है। प्रतिज्ञा, हेतु, उपनय, दृष्टांत और निगमन-ये पाँच अवयव है। अनुमान बताते समय कोई भी वक्ता या वादी अपनी बात इन पाँच खंडों में विभक्त करके ही अच्छी तरह कह सकता है। साध्य का कथन प्रतिज्ञा है। इस प्रतिज्ञा की सिद्धि के लिये जो उदाहरण हम दे सकते हैं, उनके सामान्य धर्म हेतु कहे जायेंगे। इस हेतु के कथन के साथ प्रतिज्ञा को दोहरा कर उदाहरण की संगति बिठाना उपनय है। हेतु और उपनय दोनों के लिये साध्य के साधर्म्य तथा साध्य के वैद्य से उदाहरण देना दृष्टांत है। निगमन निष्कर्ष है।

न्यायसूत्र के अनुसार वाद कथा का एक अंग है। विभिन्न दृष्टिकोणों के साथ एक से अधिक वक्ताओं में होने वाले संवाद, वाद, और विवाद कथा है। गौतम ने कथा के तीन प्रकार बताये वाद, जल्प और वितंडा । प्रमाण और तर्क के साधन से अपने सिद्धांत के समर्थन में उक्त पाँचों अवयवों का प्रयोग करते हुए पक्ष और प्रतिपक्ष का विचार वाद है। इसी वाद में छल, जाति और निग्रहस्थान का आश्रय ले कर स्वपक्ष की स्थापना करते हुए परपक्ष का खंडन किया जाये, तो वह जो प्रणाली बुद्ध और उनके अनुयायियों ने विकसित की, जल्प हो जाता है। यही जल्प केवल प्रतिपक्ष का खंडन मात्र करते हुए किया जाये ,स्वप्न की स्थापना कहीं भी न हो,तो वितंडा हो जाता है। इस प्रकार वाद को गौतम ने संवाद के अर्थ में लिया है । किसी भी शास्त्रीय विषय पर गुरु तथा शिष्य के बीच या दो मित्रों के बीच चर्चा वाद है। यहाँ मतभेद हो सकते हैं, पर ये सहमति तक पहुँचने के लिये व्यक्त किये जाते हैं। जल्प परस्पर विरोधी दो प्रस्थानों को मानने वालों के बीच होने वाली बहस है इसमें दोनों पक्ष एक घमासान में गुत्थमगुत्या हो जाते हैं, विवाद का स्तर ऐसा होने लगता है कि दो सेनायें संग्रामभूमि में एक दूसरे से टक्कर ले रही हो। वितंडा छीछालेदर है। इसमें सारे मतों की धज्जियाँ उड़ाता चला जाता है, ऊपरी तौर पर यह अपना सिद्धांत प्रकट नहीं करता।

बुद्ध प्रत्येक वाद की परिणति सहज संवाद में देखना चाहते थे । जो वाद विवाद बन और रह जाए वह उन्हें स्वीकार नहीं है। न्याय दर्शन के सूत्रकार गौतम की दृष्टि में यही वाद स्वीकार्य है जिसमें संवाद रचा जा सके । वे ज्ञानियों के साथ संवाद को अपवर्ग या मोक्ष का साधन मानते हैं । फिर भी विशुद्ध तार्किकों या नैयायिकों तथा बुद्ध के परिप्रेक्ष्य में अंतर है। न्याय दर्शन धर्म की रक्षा के लिए जल्प, वितंडा, छल ,जाति, निग्रह स्थान के प्रयोग को भी मान्य कर देता है । बुद्ध की संवाद शैली में इनके लिए अवकाश नहीं है। बुद्ध वाद या विवाद के नहीं, संवाद के पक्षधर हैं। न्याय दर्शन में वाद की प्रणालियों पर गहन चिंतन किया गया, वाद या बहस की सूक्ष्मातिसूक्ष्म कोटियाँ व पद्धतियाँ विकसित की गईं। बुद्ध ने ऐसी पद्धतियों को कलह तथा विवाद बताकर उन्हें त्याज्य माना । संवाद मनुष्य के व्यवहार का सकारात्मक पक्ष है , विवाद नकारात्मक। सुत्त निपात के कलहविवादसुत्त में बुद्ध इस प्रश्न की विभज्यवादी व्याख्या करते हैं कि कलह , विवाद, विलाप, शोक, मात्सर्य , मान , अभिमान तथा पैशुन्य( चुगली) - ये विकार मनुष्य के भीतर क्यों और कैसे जन्म लेते हैं। अपनी कार्य कारण वादी तार्किक पद्धति से विश्लेषण करते हुए बुद्ध बताते है कि प्रिय वस्तुओं में आसक्ति इच्छा से उत्पन्न होती है, इसी से क्रोध, असत्य व शंका का जन्म होता है। कार्यकारण की श्रृंखला की गवेषणा करते हुए प्रिय अप्रिय भाव का मूल स्पर्श में, स्पर्श का नाम और रूप में बताते हुए नाम और रूप के निरोध की पद्धति समझाते हैं।

बुद्ध का कहना कि इन सभी विकारों का मूल आसक्ति है। चूलव्यूहसुत्त में बुद्ध प्रश्न उठाते हैं कि मनुष्य विवादों को जन्म क्यों देना चाहता है ?इस प्रश्न के समाधान में उनका यही कहना है कि जो लोग मध्यम मार्ग नहीं अपना पाते, तथा विभज्यवाद की पद्धति से ग्राह्याग्राह्य की विवेचना नहीं कर पाते वे किसी एक मत या आग्रह में अटक कर रह जाते हैं। तब वे घोषणा करने लगते हैं कि केवल उन्हीं का मत स्वीकार्य है। बुद्ध ने निरर्थक विवादों के द्वारा लोकप्रियता पाने, अपनी छवि बनाने की प्रवृति की इस सुत्त में तीव्र भर्त्सना की है। स्तुति और निंदा इसी एक प्रवृत्ति के दो चेहरे हैं। अपने मत की प्रशंसा तथा परमत की निंदा करते हुए वादी संवाद तोड़ देता है।

बुद्धचर्या के मंगादियसुत्तंत में बुद्ध भिक्षुओं को विवाद में न पड़ने की सलाह देते हैं। अल्पज्ञानी तथा नासमझ विवाद पैदा करते हैं और विवाद के फेर में पड़ते हैं। जिसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित है, वह विवाद में नहीं पड़ता। भीड़ के बीच प्रशंसा पाने के लिये कुछ पंडितम्मन्य मंच पर विवाद करते हैं। वे अपने प्रतिद्वंद्वी पर हिंसक भाव से प्रश्न व शंका के बाण छोड़ते हैं और उसे ध्वस्त कर के प्रसन्न होते हैं, अथवा उससे तर्कों के सामने पराजित होने पर अपना मुँह छिपाते फिरते हैं। विवाद में मनुष्य आक्रमण करता है और या तो विजयी होता है या पराजित । विजयी होने पर उसमें अहंकार जन्म लेता है, जो अंततः उसके पतन का कारण बनता है। वस्तुतः तो अहंभाव ही विवाद में कूदने के लिये उसे प्रेरित करता है। इसलिये अहंकार से रहित ज्ञानी विवाद में सम्मिलित नहीं होता ।

### आम्रपाली

**अनामिका**



था आम्रपाली का घर/ मेरी ननिहाल के उत्तर
आज भी हर पूनो की रात/ खाली कटोरा लिए हाथ
गुजरती है वैशाली के खंडहरों से/ बौद्धभिक्षुणी आम्रपाली
अगल-बगल नहीं देखती,/ चलती है सीधी-/मानो खुद से बातें करती–
शरदकाल में जैसे/ (कमंडल-वमंडल बनाने की खातिर)
पकने को छोड़ दी जाती है/ लतर में ही लौकी–
पक रही है मेरी हर मांसपेशी,/ खदर-बदर है मेरे भीतर का
हहाता हुआ सत!/सूखती-टटाती हुई/ हड्डियाँ मेरी
मरे कबूतर जैसी/ इधर-उधर फेंकी हुई मुझमें।
सोचती हूँ–क्या वो मैं ही थी-
नगरवधू-बज्जिसंघ के बाहर के लोग भी

बुद्ध ने विवाद या निरर्थक बहस करने का निषेध किया था, उनके अनुयायियों ने वाद को धम्मदेसना या धर्मोपदेश के लिये आवश्यक माना। उपायहृदय, जो भ्रांतिवश नागार्जुन का लिखा बताया जाता है, में बाद के स्वरूप व उपादेयता पर विस्तृत विचार किया गया। उपायहृदयकार यह भी कहते हैं कि वाद से केवल कटुता और कलह जन्म लेते हैं-यह मानना उचित नहीं है।

मिलिंद और नागसेन के बीच हुए संवाद के आरंभ में ही वादी व प्रतिवादी संवाद की प्रणाली का निर्णय करते हैं, जो इस प्रकार होता है-

भंते नागसेन, क्या आप मेरे साथ संलाप (संवाद) करेंगें?

महाराज ! यदि आप मेरे साथ पंडितवाद के रूप में संलाप करेंगें, तो मैं संलाप करूँगा, यदि राजवाद के रूप में संलाप करेंगें, तो मैं संलाप नहीं करूँगा।

भंते नागसेन ! पंडितों में संलाप कैसे होता है?

महाराज! पंडितों के संलाप में आवेष्टन (तर्कों से लपेटना) भी होता है, निर्वेष्टन (तर्कों की लपेट खोलना) भी, निग्रह ( प्रतिवादी को गिरफ्त में लेना) भी होता है, परिकर्म (गिरफ्त खोलना) भी किया जाता है, स्थापना भी की जाती है और खंडन भी। पर उससे पंडित जन क्रोध नहीं करते। हे महाराज, पंडितों में तो संलाप इस तरह होता है।

भंते! और राजा का संलाप कैसे होता है?

महाराज! राजा के संलाप में राजा एक ही बात कहता है, यदि (प्रतिवादी) राजा की बात का खंडन कर दे, तो राजा तत्काल उसके लिये दंड की आज्ञा दे देते हैं- इसे दंड दिया जाये। हे महाराज, राजा का संलाप ऐसा होता है।

यह सुन कर राजा मिलंद ने कहा कि मैं आपके साथ पंडितों का संलाप ही करूँगा। राजा का संलाप नहीं ।



बुद्ध और उनके धम्म में विद्रोह के लिये स्थान नहीं है। विद्रोह शब्द द्रोह में वि उपसर्ग लगा कर बना है। बुद्ध कलह, विवाद का विरोध करते हैं, क्यों कि उनमें व्यक्तिगत मात्सर्य, द्वेष और छल किसी भी वादी को दुर्विनियोजन के लिये प्रेरित करते हैं। संघभेद और संघ के भीतर विद्रोह को ले कर बुद्ध के द्वारा दिये गये संकेत तथा उनके अनुयायों के द्वारा की गई उसकी व्याख्या से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है।

संभवतः बुद्ध अपने जीवन के अंतिम सोपान पर पहुँच कर यह समझ रहे थे कि आगे चल कर संघभेद होगा, ऐसे भी भिक्षु होंगे, तो संघ की व्यवस्था पर प्रश्न और प्रतिप्रश्न तो उठायेंगें ही, वे उससे विद्रोह करेंगें। बुध के द्वारा संवाद की विलक्षण प्रणाली- विभज्यवाद - को अपना कर उनके सच्चे अनुयायियों ने संघभेद तथा संघ में विद्रोह की भी मीमांसा की।

बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात उनके अनुयायी उनके वचनों की व्याख्या के लिये बार बार संगीतियों का आयोजन करते रहे। इन संगीतियों में कटु विवाद भी हुए, और संघभेद भी हुआ।

यदि जिज्ञासा के भाव की अपेक्षा विवाद के भाव से प्रश्न उठाये जायें, तो कलह और कटुता उत्पन्न होती है । बुद्ध यह देख रहे थे कि संघ में ही ऐसे भिक्षु हैं, जो प्रश्न करने के नाम पर अपने अहं का प्रदर्शन करते हैं। कथावत्थु में महादेव नामक भिक्षु का प्रसंग है। महादेव ने अर्हत या बुद्ध के वचनों को प्रमाण मानने का विरोध करते हुए कहा कि अर्हत स्वयं तृष्णा, अज्ञान, और शंका से अभिभूत हो सकते हैं, अतः उनके वचन अप्रामाणिक हैं। बुद्ध ने अपने अनुयायियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह के विवादों से संघभेद हो सकता है। मिलिंदपन्हों की रचना के समय तक संघभेद के परिणाम भी दिखाई देने लग गये थे। इसलिये भिक्खु नागसेन मिलिंदपन्हों में कहते हैं–संघभेद उपासकों, सामनेरों, भिक्खुणियों के कारण नहीं होता। यह संघ के ही अपने भिक्खुओं के कारण होता है। एक ही विहार में तथा एक ही समाज में रह कर वे संघभेद कर देते हैं। विनयपिटक के चुल्लवग्ग में उपालि प्रश्न करते हैं कि संघभेद कैसे होता है, जिसके उत्तर में बुद्ध संघभेद के 18 कारण बताते हैं- भिक्खु धर्म को अधर्म बताने लग जायें, अवज्ञा को आज्ञा बताने लग जायें, तथागत ने जो नहीं कहा वह उनके द्वारा कथिक बताने लग जायें, तथागत ने जो नहीं किया, उसे उनका किया कहने लग जायें, जो सिद्धांत तथागत के नहीं हैं, उन्हें तथागत का बताने लग जायें-इत्यादि । अंगुत्तरनिकाय के संघ भेद प्रकरण में भी ये कारण निरूपित हैं। अपना एक अलग समूह बना कर अपने पृथक आचार निर्धारित करें, तो चक्रभेद है, चक्रभेद संघभेद का जनक है। कितनी संख्या में भिक्षुओं के होने पर चक्रभेद या संघभेद माना जायेगा- इस पर भी त्रिपिटकों में विचार किया गया।

संघभेद की आशंकाओं के चलते ही बुद्ध ने जो व्यवस्था व निर्मित कीं, उनमें असहमति व्यक्त करने तथा अपनी बात कहने के लिये गुंजाइश रखी गई थी। अहमतियाँ व विरोध हो सकते हैं, पर संवाद नहीं टूटना चाहिये। इसी लिये बुद्ध के महापरिनिर्वाण के 137 साल बाद पाटलिपुत्र में जो भिक्षुओं की संगीति हुई, उसमें विरोध और असहमतियाँ खुल कर सामने आ गये। वाद संवाद में परिणत नहीं होता दिखा, तो महापद्मनंद से अनुरोध किया गया कि वे संगीति की अध्यक्षता करें तथा संघभेद का समाधान करा दें। फिर भी पहला संघभेद इसी संगीति में हुआ, वैशाली के भिक्षुओं ने थेरों (स्थविरों) के आधिपत्य को स्वीकार नहीं किया और उन्होने अपना महासंघ के नाम संघ अलग बना लिये, इसके अनुयायी महासांघिक कहलाये। पर अन्य संगीतियों में विरोध व असहमतियों के रहते हुए भी रहा। इस दृष्टि से 250 ई.पू. में पाटलिपुत्र में ही आयोजित तीसरी संगीति महत्त्वपूर्ण है, जो राजा अशोक के द्वारा आमंत्रित की गई। इसमें लगभग एक हजार भिक्खु सम्मिलित थे। वाद और विवाद भी इसमें खूब हुआ विवाद के विषय थेरवादियों या हीनयानमतानुयायियों तथा महायानियों के सैद्धांतिक मतभेदों पर आधारित थे।( इन वाद विवादों को कथावत्थु में संगृहीत किया गया। बुद्ध ने जो संवाद प्रणाली विकसित की, उसमें विभज्यवादी मीमांसा के साथ किसी विमर्श के निहितार्थ तथा नेयार्थ पर विचार करना आवश्यक था। इन संगीतियों में इस संवादप्रणाली को अपनाया गया। विभज्यवादी प्रणाली के द्वारा नेयार्थ को त्याग कर निहितार्थ तक पहुँच सकते हैं। थेरवाद, महायान अथवा सौत्रांतिक, वैभाषिक, योगाचार, माध्यमिक या शून्यवादी जैसे दर्शनप्रस्थानों में भी बुद्धवचनों के निहितार्थ को नहीं त्यागा गया, अतः मतभेद होते हुए भी इनमें आंतरिक संगति बनी रही।

बुद्ध अपनी संवादप्रणाली में आत्मसंवाद से लगा कर वैदिकसंवाद तक की यात्रा करते हैं, वे संवाद के नैरंतर्य बनाये रखते हैं। आज जब विश्व में संवाद बार बार टूट रहा हो, बुद्ध का संवादमार्ग विचार्य और अंगीकार्य हो जाता है।

**( लेख संस्कृत साहित्य और प्राच्य विद्याओं के अप्रतिम विद्वान हैं)**

# बुद्ध ने कहा था, तुम अपने भीतर खोजो

**प्रसंगवश**



**विवेकानंद**

बुद्ध ध्वंस करने नहीं आये थे, वरन्वे हिन्दू धर्म को निष्पति थे, उसकी तार्किक परिणति और उसके युक्तिसंगत विकास थे। मै गौतम बुद्ध के समान नैतिकतायुक्त लोग देखना चाहता हूँ। वे सगुण ईश्वर अथवा व्यक्तिगत आत्मा में विश्वास नहीं करते थे, उस विषय में पूर्ण अज्ञेयवादी थे, किन्तु सबके लिए अपने प्राण तक देने को प्रस्तुत थे, उपकार करने में रत रहते तथा सदैव इसी चिन्ता में मग्न रहते थे कि दूसरों का उपकार किस प्रकार हो। उन्होंने बहुजनहिताय बहुजनसुखाय जन्म ग्रहण किया था। वे अपनी निजी मुक्ति के लिए वन में तप करने नहीं गये बल्कि इस मंतव्य से गये कि दुनिया जली जा रही है - और इसे बचाने का कोई उपाय खोज निकालना चाहिए। उनके समस्त जीवन में यही एक चिन्ता थी कि जगत में इतना दुःख क्यों है?

बुद्ध एक महा वेदान्ती थे, क्योंकि बौद्ध धर्म वास्तव में वेदान्त की शाखा मात्र है और शंकर को भी लोग प्रच्छन्न बौद्ध कहते हैं। बुद्ध ने विश्लेषण किया था शंकर ने उन सबका संश्लेषण किया है। बुद्ध ने कभी भी वेद या जाति-भेद अथवा पुरोहित किंवा सामाजिक प्रथा किसी के सामने माथा नहीं नवाया। जहाँ तक तर्क-विचार चल सकता है, वहाँ तक निर्भीकता के साथ उन्होंने तर्क-विचार किया है। इस प्रकार का निर्भीक सत्यानुसन्धान, प्राणिमात्र के प्रति इस प्रकार का प्रेम संसार किसीने कभी नहीं देखा।

बुद्धदेव के जन्म के पूर्व इस देश में क्या था? तालपत्र की पोथियों में कुछ धर्म-तत्त्व था, सो भी बिरले ही मनुष्य उसको जानते थे। लोग इसको कैसे व्यावहारिक जीवन में चरितार्थ करें, यह बुद्धदेव ने ही सिखलाया।वे ही वास्तव में वेदान्त के स्फूर्ति देवता थे।भगवान् बुद्ध ने धर्म के प्रायः सभी पक्षों को कुछ समय के लिए दूर रखकर केवल दुःखों से पीड़ित संसार की सहायता करने के महान कार्य को प्रधानता दी थी। परन्तु फिर महान सत्य का अनुभव करने के निमित्त आत्मानुसन्धान में उन्हें भी अनेक वर्ष बिताने पड़े थे। भगवान् बुद्ध से अधिक निःस्वार्थ तथा अथक कर्मी हमारी उच्च से उच्च कल्पना के भी परे है।

गौतम बुद्ध के महान सन्देश को सुनो। अनायास ही उनकी महान वाणी हृदय में घर कर लेती है। बुद्ध ने कहा है, अपनी स्वार्थपूर्ण भावनाओं का उन्मूलन कर दो, स्वार्थपरता की ओर ले जाने वाली सारी बातें नष्ट कर दो, सांसारिक प्रपंचों से दूर रहो और सम्पूर्णतया स्वार्थ शून्य बनो। संसारी व्यक्ति मन ही मन निःस्वार्थ बनने का संकल्प करता रहता है, किन्तु पत्नी-मुख अवलोकन करते ही उसका हृदय स्वार्थ से भर जाता है। माँ स्वार्थशून्य बनने की इच्छा करती है, पर पुत्र का मुखावलोकन करते ही उसके ये भाव लुप्त हो जाते हैं। सबकी यही दशा है। ज्योंही हृदय में स्वार्थपूर्ण कामनाओं का उदय होता है, सम्पूर्ण मनुष्य, सच्चा मनुष्य लुप्त हो जाता है, पशु बन जाता है, वासनाओं का क्रीतदास बन जाता है। उसे विस्मरण हो जाता है अपने बान्धवों का, फिर वह कभी नहीं कहता, पहले, आप और बाद में मैं। उसके मुँह से निकलने लगता है, पहले मैं और मेरे बाद सब अपना अपना प्रबन्ध कर लो। एकमात्र बुद्ध ही एक ऐसे पैगम्बर थे, जो कहते थे, मैं ईश्वर के बारे में तुम्हारे मत-मतान्तरों को जानने की परवाह नहीं करता। आत्मा के बारे में विभिन्न सूक्ष्म मतो पर बहस करने से क्या लाभ? भला करो और भले बनो। बस, यही तुम्हें निर्वाण की ओर अथवा जो भी कुछ सत्य है, उसकी ओर ले जायगा। उन्होंने सर्वप्रथम साहसपूर्वक कहा था, चूंकि कुछ प्राचीन हस्तलिखित पोथियाँ प्रमाण के लिए प्रस्तुत की जाती हैं, केवल इसीलिए किसी बात पर विश्वास मत कर लो; उस बात को इसलिए भी न मान लो कि वह तुम्हारा जातीय विश्वास है अथवा बचपन से ही तुम्हें उस पर विश्वास कराया गया है। तुम स्वयं उस पर विचार करो तभी उस पर विश्वास करो, उसके अनुसार अपना जीवन बिताओ तथा दूसरों को भी उसके अनुसार चलने में सहायता पहुँचाओ।

अन्य कई महापुरुष थे, जो अपने को ईश्वर का अवतार कहते थे और विश्वास दिलाते थे कि जो उनमें श्रद्धा रखेंगे, वे स्वर्ग प्राप्त कर सकेंगे। पर बुद्ध के अधरों पर अन्तिम क्षण तक ये ही शब्द थे, अपनी उन्नति अपने ही प्रयत्न से होगी। अन्य कोई इसमें तुम्हारा सहायक नहीं हो सकता। स्वयं अपनी मुक्ति प्राप्त करो। अपने सम्बन्ध में भगवान् बुद्ध कहा करते थे, बुद्ध शब्द का अर्थ है - आकाश के समान अनन्त ज्ञानसम्पन्न; मुझ गौतम को यह अवस्था प्राप्त हो गयी है। तुम भी यदि प्राणप्रण से प्रयत्न करो, तो उस स्थिति को प्राप्त कर सकते हो। बुद्ध ने अपनी सब कामनाओं पर जय पा ली थी। उन्हें स्वर्ग जाने की कोई लालसा न थी और न ऐश्वर्य की ही कोई कामना थी। अपने राज-पाट और सब प्रकार के सुखों को तिलांजलि दे, इस राजकुमार ने अपना सिन्धु-सा विशाल हृदय लेकर सबके कल्याण हेतु, भ्रमण कर भिक्षावृत्ति से जीवन-निर्वाह करते हुए अपने उपदेशों का प्रचार किया। जगत में वे ही एकमात्र ऐसे हैं, ओ यज्ञों में पशुबलि-निवारण हेतु, किसी प्राणी के जीवन की रक्षा के लिए अपना जीवन भी निछावर करने को तत्पर रहते थे। एक बार उन्होंने एक राजा से कहा, यदि किसी निरीह पशु के होम करने से तुम्हें स्वर्ग प्राप्ति हो सकती है, तो मनुष्य के होम से और किसी उच्च फल की प्राप्ति होगी। राजन्, उस पशु के पाश काटकर मेरी आहुति दे दो शायद तुम्हारा अधिक कल्याण हो सके। राजा स्तब्ध हो गया!

ईश्वर में विश्वास रखने से अनेक व्यक्तियों का मार्ग सुगम हो जाता है। किन्तु बुद्ध का चरित्र बताता है कि एक ऐसा व्यक्ति भी, जो नास्तिक है जिसका किसी दर्शन में विश्वास नहीं, जो न किसी सम्प्रदाय को मानता है और न किसी मन्दिर मसजिद में ही जाता है, जो घोर जड़वादी है, परमोच्च अवस्था प्राप्त कर सकता है। बुद्ध के कार्यकलापों का मूल्यांकन करने का हमें कोई अधिकार नहीं। उनके विशाल हृदय का सहस्त्रांश पाकर मैं स्वयं को धन्य मानता। बुद्ध की आस्तिकता या नास्तिकता से मुझे कोई मतलब नहीं। उन्हें भी वह पूर्णावस्था प्राप्त हो गयी थी, जो अन्य जन भक्ति, ज्ञान या योग के मार्ग से प्राप्त करते हैं। बुद्धदेव ने बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर दृढ़ स्वर से जो बात कही थी, उसे जो अपने रोम रोम से बोल सकता है, वही वास्तविक धार्मिक होने योग्य है । संसारी होने की इच्छा उनके भी हृदय में एक बार उत्पन्न हुई थी। इधर वे स्पष्ट रूप से देख रहे थे कि उनकी यह अवस्था एकदम व्यर्थ है; पर इसके बाहर जाने का उन्हें कोई मार्ग नहीं मिल रहा था। उस महावीर ने अपने अतुल पराक्रम से काम को परास्त कर दिया। उन्होंने कहा, अज्ञानपूर्वक केवल खा-पीकर जीने की अपेक्षा मरना ही अच्छा है; पराजित होकर जीने की अपेक्षा युद्धक्षेत्र में मरना श्रेयस्कर है। बुद्ध ने मानव जाति में नैतिकता का प्रचार किया। जहाँ कहीं तुम किस प्रकार का नीतिविधान पाओगे, वहीं देखोगे कि उनका प्रभाव, उनका प्रकाश जगमगा रहा है। बुद्ध एक वेदान्तवादी संन्यासी थे। उन्होंने एक नये सम्प्रदाय की स्थापना की थी। बौद्ध धर्म का सामाजिक भाव ही उसकी नवीनता है। बुद्धदेव अन्य सभी धमार्चार्यों की अपेक्षा अधिक साहसी और निष्कपट थे। वे कह गये हैं, किसी शास्त्र में विश्वास मत करो। वेद मिथ्या हैं। यदि मेरी उपलब्धि के साथ वेद मिलते-जुलते हैं, तो वह वेदों का ही सौभाग्य है। मैं ही सर्वश्रेष्ठ शास्त्र हूँ, यज्ञयाग और प्रार्थना व्यर्थ है। बुद्धदेव पहले मानव हैं जिन्होंने संसार को ही सर्वांगसम्पन्न नीतिविज्ञान की शिक्षा दी थी। वे शुभ के लिए ही शुभ करते थे, प्रेम के लिए ही प्रेम करते थे। जो धर्म उपनिषदों में केवल एक जातिविशेष के लिए आबद्ध था, उसका द्वार गौतम बुद्ध ने सबके लिए खोल दिया और सरल लोकभाषा मैं उसे सबके लिए सुलभ कर दिया। उनका श्रेष्ठत्व उनके निर्वाण के सिद्धान्त में नहीं, अपितु उनकी अतुलनीय सहानुभूति में है। समाधि प्रभृति बौद्ध धर्म के वे श्रेष्ठ अंग, जिनके कारण उक्त धर्म को महत्ता प्राप्त है, प्रायः सबके सब वेदों में पाये जाते हैं; वहाँ यदि अभाव है, तो वह है बुद्धदेव की बुद्धि तथा उनका हृदय, जिनकी बराबरी जगत के इतिहास में आज तक कोई नहीं कर सका।

**( अलग- अलग अवसरों पर की गयी विवेकानन्द की टिप्पणियों को एक साथ रखकर यह संपादित अंश यहां प्रस्तुत है)**

### मैं जिस धरती पर चलता हूँ

**सदानंद शाही**

मैं जिस धरती पर चलता हूँ/उस पर बुद्ध के कदमों की छाप है
जब-तब लगता है/ अभी-अभी/ यहीं कहीं से गुजरे हैं बुद्ध
जब भी चलता हूँ/ मेरे साथ-साथ चलते हैं बुद्ध!

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

निजामाबाद (आजमगढ़)। बार एसोसिएशन का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह अधिवक्ता भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि मैं बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रण विजय राय उर्फ मनोज राय जो कहेंगे वह निर्माण में अपनी निधि से करायेंगे।

किसी भी अधिवक्ता को इलाज के लिए जो निधि की आवश्यकता होगी, हम करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश में दुगनी रफ्तार से विकास कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में एल्डर कमेटी के चेयरमैन सूर्यभान गिरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रणविजय विजय राय को शपथ दिलायी। उसके बाद अध्यक्ष ने अपने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उपजिलाधिकारी निजामाबाद रवि कुमार, तहसीलदार राजीव कुमार, थाना प्रभारी निजामाबाद दिनेश कुमार यादव का नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर मिठाई लाल, प्रेम प्रकाश राय, मनोज यादव, महेन्द्र पांडेय, कमलेश राम, जयराम उपाध्याय, गगन कश्यप, खलिकुज्मा, रामआसरे चतुर्वेदी, डॉ. शाहनवाज खान आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद राय तथा संचालन सन्तोष गौड़ ने किया।



समारोह को संबोधित करते विजय बहादुर पाठक

# राकेश बहादुर सिंह अध्यक्ष राधेश्याम महामंत्री निर्वाचित

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। प्रादेशिक चकबन्दी अधिकारी संघ उप्र आजमगढ़ द्वारा शुक्रवार को नेहरू हाल में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के सभागार में मुख्य अतिथि मधुसूदन दूबे उप संचालक चकबंदी व अध्यक्ष सुरेश जायसवाल बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के संरक्षण में पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया।

निर्वाचन अधिकारी प्रदीप सिंह व सत्येन्द्र मिश्र द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।चुनाव के दौरान मधुसूदन दूबे डीडीसी को संरक्षक, राकेश बहादुर सिंह सीओ को अध्यक्ष, सोमेश पाण्डेय सीओ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राधेश्याम वर्मा एसीओ को महामंत्री, संजय दूबे एसीओ को संयुक्त मंत्री, बासुदेव जी सीओ को संगठन मंत्री, चन्द्रधर त्रिगुनायत एसीओ को कोषाध्यक्ष, रामऔतार यादव एसीओ को सप्रेक्षक निर्वाचित किया गया।



चकबंदी अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

# चेयरमैन ने रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। रमेश चंद्र रत्न चेयरमैन पीएससी रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड भारत सरकार के प्रथम जनपद आगमन भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत किया गया। रमेश चंद्र रत्न व भारत सरकार रेलवे बोर्ड के सदस्यों द्वारा आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए आदेश दिया गया।

भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश चैरसिया ने बताया कि रमेश चंद्र रतन को भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह के नेतृत्व में आजमगढ़ से लखनऊ जाने के लिए एक इंटरसिटी पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की गई क्योंकि आजमगढ़ की जनता को लखनऊ जाने के लिए बसों का उपयोग करना पड़ता है जिसकी वजह से 8 से 10 घंटे लग जाते हैं। रमेश चंद्र रत्न द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जल्द ही आजमगढ़ से लखनऊ के लिए पैसेंजर ट्रेन चलाई जाएगी जिससे कार्यकताओं में खुशी का माहौल व्याप्त हो उठा। स्वागत करने वालो में मोनू विश्वकर्मा, ननकू राम सरोज, इंद्रेश चैहान, जय जय राम प्रजापति, राजेश विश्वकर्मा, सौदागर भारती, नंदलाल चैहान आदि शामिल रहे।



चेयरमैन का स्वागत करते मिथिलेश चौरसिया

# सफाई व्यवस्था खराब पाये जाने पर डीएम खफा



ब्रह्मस्थान के पास नाली का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शुक्रवार को शहर क्षेत्र के प्रमुख स्थान करतालपुर, ब्रम्हस्थान, शिब्ली नेशनल कालेज पहाड़पुर, चैक, मातवरगंज एवं जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्थानों पर खराब सफाई व्यवस्था पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी पल्हनी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई रखें एवं नियमित सफाई कराते रहें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भर्ती मरीजों का हाल चाल पूछा एवं दवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शोपीस बना लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय

कप्तानगंज (आजमगढ़)। तबहबरपुर ब्लाक क्षेत्र के गौरा गांव मे निर्मित सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गया है। अधिकारियों व कर्मचारियो की उदासिनता के कारण यह शौचालय अभी तक चालू नहीं हो सका। एक तरफ जहां केंद्र सरकार घर-घर शौचालय एंव गांव-गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा कर स्वच्छ भारत मिशन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है।



गौरा गांव निर्मित शौचालय

सरकार की सोच है कि लोग किसी भी हाल में खुले में शौच न करें और स्वच्छ एंव सुंदर भारत का सपना जल्द से जल्द साकार हो मगर दूसरी तरफ हाल यह है कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा विकास खंड तहबरपुर में लगभग चार लाख की लागत से बना सामुदायिक शौचालय अभी तक केवल शोपीस बनकर रह गया है। आज तक इस सामुदायिक शौचालय का प्रयोग ही नहीं हो पाया। आखिर प्रयोग हो भी तो कैसे, शौचालय में बने गड्ढे पर अभी तक ढक्कन नहीं लगाया गया, इस सबंध में जब शौचालय में ड्यूटी करने वाली समूह की महिला तारा से बात की गई तो उनका कहना है कि अभी गड्ढा तैयार नहीं हुआ है लेकिन अब बनवा दिया जाएगा। शौचालय के बनने से ग्रामीणों में इस बात को लेकर खुशी थी कि जिन घरों में अब भी शौचालय नहीं है, उन्हें इसका लाभ मिल पाएगा वहीं गांव में किसी सामूहिक आयोजन के समय भी यह उपयोगी साबित होगा। लेकिन अफसोस निर्माण से लेकर अब तक यह सामुदायिक शौचालय मात्र एक शोपीस बनकर रह गया है, ऐसे में ग्रामीणों ने जल्द से जल्द उचित कार्यवाही की मांग की है।

## तत्काल पूर्ण करायें अधूरे सामुदायिक शौचालय का निमार्णः डीएम

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में विकास संबंधी प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि प्लास्टर एवं छत ढालने वाले कार्यों को पूर्ण कर सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील कर दिया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि जो सामुदायिक शौचालय बन गए हैं, उनके रखरखाव एवं कर्मचारियों के भुगतान आदि की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाय। अधूरे पंचायत भवन के निर्माण एवं हैंडपंप रिबोर के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी फसलों की सिंचाई हेतु नहर, माइनर आदि की सिल्ट सफाई निर्धारित समय के अंदर करायें। उन्होंने कहा कि फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहरों के टेल तक सुनिश्चित कराई जाए। उन्होने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़कों के गड्ढों की मरम्मत युद्ध स्तर से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद में निमार्णाधीन सेतुओं को निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं किसान सम्मान निधि योजना में अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का आधार डाटा फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। 30 नवंबर तक प्रत्येक दशा में कायाकल्प योजना के कार्यों को पूर्ण किया जाए।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीएम विशाल भारद्वाज

## संक्षेप

### चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुबारकपुर पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गुरूवार को मंशा देवी पत्नी सुनील कन्नौजिया निवासी कुकुरसंडा थाना मुबारकपुर ने थाना स्थानीय पर सूचना दी कि 9 नवम्बर को अपने मायके फतेहपुर से अपने घर आई तो मेरे घर में रखा हुआ मनटीका, नथिया, मंगलसूत्र, करधनी, कमरबन्द, पैजनी चोरी हो गयी है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में थी। गुरूवार को मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अमित कनौजिया पुत्र अरविन्द कनौजिया निवासी अबाड़ी थाना मुबारकपुर को अशरफिया यूनिवर्सिटी तिराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### पीड़ित ने डीएम से लगायी न्याय की गुहार



आजमगढ़। मुबारकपुर नगर पालिका में तैनात अधिशासी अधिकारी की मनमानी को लेकर पीड़ित ने डीएम दरबार पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी। अमिलो खास निवासिनी किशवरी खातून पत्नी स्व.अब्दुल कयूम की जमीनी विवाद फूलचंद आदि से चल रहा था जिसमें किशवरी खातून का कहना है कि हमारे पति ने संन 1976 में 4 बिस्वा जमीन बेचा था जिस पर फूलचंद आदि ने लगभग 5 बिस्वा से ऊपर जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं जबकि विक्रय पत्र में चैहद्दी दर्शाई गई है कि पश्चिम तरफ से जमीन हमारी है इसके बावजूद दबंगई के बल पर वह लोग कब्जा करना चाहते हैं। यह मामला दीवानी न्यायालय में लम्बित है। वहीं दूसरी तरफ एसडीएम सदर द्वारा आदेश पर यथास्थिति रखने का भी आदेश किया जा चुका है। लेकिन मुबारकपुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने विपक्षी फूलचंद आदि से मिलकर उप जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुए जबरदस्ती हम पर दबाव बना रहे हैं कि ईंट को हटाओ।

### 134वीं जयंती पर याद किये गये देश के प्रथम शिक्षा मंत्री



आजमगढ़। शिब्ली नेशनल कॉलेज में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134वीं जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। वक्ताओं ने उन्हें कवि, लेखक, पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी बताया। शिक्षा शास्त्र के विभागाध्यक्ष मोहम्मद डा.जर्रार ने कहा कि अबुल कलाम आजाद की खिलाफत आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ताहिर ने कहा कि वे 1940 से 45 के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.कलीम अहमद ने कहा कि जिस दौरान भारत छोड़ो आंदोलन हुआ, अबुल कलाम आजाद 3 साल जेल में रहे। वही दर्शनशास्त्र के सहायक प्रोफेसर सह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.बीके सिंह ने कहा कि अबुल कलाम आजाद को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ज्ञान के सम्राट की उपाधि से विभूषित किया था। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के प्रेसीडेंट बने थे। कार्यक्रम में बी.एड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अफजाल, प्रो.आसिफ कमाल, डॉ.अनीता राय, सीमा सादिक, मोहम्मद आलम, मोहम्मद आदम, डा.जावेद, अकील अहमद, डॉ.राफे एवं महाविद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित संगोष्ठी का हुआ आयोजन



लालगंज (आजमगढ़)। श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान सड़क सुरक्षा पर बातचीत, चित्र निर्माण, क्विज और निबन्ध लेखन का कार्यक्रम 7 नवम्बर से 11 नवम्बर तक आयोजित किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय के स्काउट गाईड इकाई के नेतृत्व में आजादी और सड़क सुरक्षा से संबंधित एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ऋषिकेश सिंह ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को बताया कि आज हम जिस आजाद भारत में रह रहे हैं उसे आजाद कराने में बहुत बड़ी कुर्बानिया देनी पड़ी। इसमें उन लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिनका आज कोई नाम तक नहीं जानता। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि हम अपने कार्य व्यवहार को ऐसा रखें ताकि हमारी आजादी अक्षुण्ण रह सके और आने वाली पीढ़ियों को आजाद भारत की शानदार सौगात मिलती रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा को गम्भीर विषय बताया। प्रो.सिंह ने कहा कि लोग प्रशासनिक दबाव तथा जुमार्ना की व्यवस्था के बावजूद भी सीट बेल्ट और हेलमेट आदि नहीं लगाते। अब यातायात के कानून काफी कड़े कर दिये गये हैं। यह कार्यक्रम रोवर्स प्रभारी डॉ.योगेश दयालु सिंह व रेंजर्स प्रभारी डॉ.दीपमाला मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पूनम तिवारी तथा डॉ.अतुल कुमार यादव ने किया।

### विधिक सहायता केन्द्र का उदघाटन कल

आजमगढ़। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़, देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की उपस्थिति में एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में 12 नवम्बर को हाल ऑफ जस्टिस में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया जायेगा। उक्त तिथि को ही दीवानी न्यायालय परिसर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के ऑफिस एवं शिब्ली नेशनल पीजी कालेज में विधिक सहायता केन्द्र का भी उद्घाटन न्यायमूर्ति द्वारा किया जायेगा।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गया जेल



रौनापार पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते नौ नवम्बर को आवेदिका थाना सहारन जनपद फरीदाबाद हरियाणा हाल पता थाना रौनापार जनपद आजमगढ ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि 7 नवम्बर को प्रतिवादी द्वारा वादिनी के साथ झाड़ फूंक करते समय जोर जबरदस्ती कर शारीरिक सम्बन्ध बनाया गया। उक्त मामले में पुलिस ने पारस पुत्र सतिराम यादव निवासी पकड़िहवा थाना रौनापार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने शुक्रवार को पारस पुत्र सतिराम यादव को ग्राम चालाकपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## लड़की भगाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। जहानागंज पुलिस ने लड़की को अगवा कर भगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। बीते 29 अगस्त को वादी मुकदमा थाना जहानागंज ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि मेरी लड़की विद्यालय पढ़ने गयी परन्तु शाम तक घर नही आयी। खोजबीन करना शुरू किया तो रात 10 बजे फोन आया कि मैं सहेली के साथ हूं। सुबह घर आ जाऊंगी। मै उसके नम्बर पर फोन किया तो मोबाईल स्वीच आफ हो गयी। लड़की सुबह तक घर नहीं आयी। जानकारी हुई कि बगल के गांव बरहतीर जगदीशपुर के चैहान बस्ती के बसन्त चैहान का लड़का नन्हकू चैहान और उसका जीजा लड़की को लखनऊ लेकर भाग गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। शुक्रवार को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त दशई चैहान उर्फ रजनीश को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## दहेज प्रताड़ना का आरोपी धराया

आजमगढ़। थाना निजामाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को तीन तलाक देने व दहेज के लिये प्रताड़ित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 17 सितम्बर को पीड़िता को विपक्षी लारेब पुत्र निसार अहमद निवासी फरिहा थाना निजामाबाद व उसके परिवार द्वारा दहेज के लिये प्रताड़ित करने मारने पीटने गाली देने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में 9 अक्टूबर को थाना स्थानीय पर लारेब पुत्र नेसार अहमद, नेसार पुत्र कुद्दूस, व आसिया पत्नी नेसार अहमद निवासीगण फरिहा के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त लारेब पुत्र नेसार अहमद नायरा पेट्रोल पंप फरिहा के पास खड़ा है जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## डेंगू और संचारी रोग नियंत्रण हेतु चिकित्सकों ने किया जागरुक

मार्टिनगंज (आजमगढ़)। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरदह पर जन जागरूकता के तहत एक बैठक का आयोजन डॉ.सुमित रंजन मिश्रा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अपने आसपास जलजमाव न हो इसके लिए छोटे-छोटे गड्ढों को मिट्टी डालकर बंद कर दिया जाना चाहिए। ताजे भोजन ही खाएं, पानी इंडिया मार्का हैंड पंप का इस्तेमाल करें एवं पानी ढक कर रखें। कूलर, गाड़ी के टायर गमले, घड़े को उल्टा रखें जिससे उसमें पानी जमा न हो सके। घरों के अंदर मच्छरदानी में ही सोएं। गौशाला, पालतू जानवरों के घरों की विधिवत सफाई एवं आवश्यकता अनुसार छिड़काव किया जाय तब जाकर हम इन बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। डेंगू के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बुखार आने पर तत्काल जांच कराएं जिससे किसी भी परिस्थिति में डेंगू जैसी महामारी से निजात पाई जा सके।

# सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ चला चेकिंग अभियान



एक दुकान पर छापेमारी करते अधिकारी

माहुल (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत में सिंगल यूज पॉलिथीन के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को नायब तहसीलदार फूलपुर सुशील कुमार और अधिशासी अधिकारी माहुल दिनेश चंद्र आर्य द्वारा दर्जनों दुकान पर छापेमारी किया गया। औचक छापेमारी के दौरान 30 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त करने के साथ करीब 25000 रुपए जुमार्ना भी लगाया गया ।

प्रतिबंधित पॉलिथीन की रोकथाम के लिए नगर पंचायत माहुल में नायब तहसीलदार सुशील कुमार और नगर अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। औचक छापेमारी से नगर के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान नगर के तीन दुकानो से लगभग 25 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त किया गया और 25 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया। छापेमारी की जानकारी होने पर बाकी दुकानदारो ने अपनी अपनी दुकान से प्रतिबंधित पॉलिथीन हटा दिया व शटर गिराकर गायब हो गए। इस दौरान माहुल चैकी की पुलिस व नगर पंचायत के कर्मचारी नीरज मौर्य, प्रभाकर यादव, राम विजय, सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# जलवायु के अनुकूल प्रजातियों का चयन करें किसान

आजमगढ़। मौसम के बदलते मिजाज एवं विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नतशील व जलवायु अनुकूल प्रजातियों एवं तकनीकों की खोज की जा रही है। संसाधन संरक्षण तकनीकी को किसानों के खेत में लागू करने के लिए सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरोटिल ड्रिल आदि मशीनों से रबी में गेंहू, चना, मटर, मसूर और सरसों की बोआई करने से किसानों की लागत में कमी के साथ ही साथ फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ जाती है।

उक्त आशय की जानकारी आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा, आजमगढ़ के प्रभारी अधिकारी व सह अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय प्रो.डीके सिंह ने दी। केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ.अर्चना देवी ने बताया कि अच्छे उत्पादन के लिए अच्छे बीज का चयन करना अत्यंत जरूरी है। जनपद आजमगढ़ में गेंहू की बोआई का समय 25 अक्टूबर से 10 दिसम्बर तक का होता है। विभिन्न प्रजातियों का चयन करके समय से बोआई करने पर किसानों को अधिक लाभ होगा। यदि किसी कारणवश गेंहू की बोआई में विलम्ब होता है तो हलना प्रजाति का चयन करें।

## सभी बीजों का शोधन आवश्यक

आजमगढ़। फसल सुरक्षा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोआई से पूर्व सभी बीजों का शोधन अवश्य करना चाहिए। इससे जमाव में वृद्धि के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है। रासायनिक उपचार हेतु गेंहू, चना, मटर, मसूर, सरसों आदि बीजों के लिए प्रति किग्रा बीज हेतु 2 ग्राम थीरम तथा 2.5 ग्राम कार्बेन्डाजिम अथवा 2.5 ग्राम कार्बोक्सिन दवा का प्रयोग करना चाहिए। जैविक उपचार हेतु 8-10 ग्राम ट्राईकोडर्मा जैव फफूंदनाशी का प्रयोग करें।

## ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

लालगंज (आजमगढ़)। मुख्य अतिथि एवं भारतीय जनता पार्टी आजमगढ़ जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह और कार्यक्रम के अध्यक्ष ओंकारनाथ शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का कम्पोजिट विद्यालय पवनी कलां प्रांगण में आयोजित किया गया। आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी पल्हना डॉ.कल्पना ने इस मौके पर बुके भेंट करके मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने सरकार की नीति खेलो इंडिया बढ़ो इंडिया पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। खंड शिक्षाधिकारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्र पंचायत पल्हना के ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह सोनू ने अपने उद्बोधन में आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की सराहना करते हुए इसे बच्चों के विकास और सामाजिक सामंजस्य के लिए अपरिहार्य बताया। इस मौके पर भानु प्रताप चैबे, मनोज कुमार सिंह, सुशील कुमार मिश्रा, सभाजीत पांडे, अखिलेश सिंह, कपिंजल पांडे, विनोद कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार, गोविंद सिंह गौतम, अतुल कुमार सिंह, मुकेश सिंह, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# परिवार रजिस्टर की नकल पर हस्ताक्षर से इनकार करने पर नगर वासियों का प्रदर्शन

गुस्सा

## अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष पर लगाया आरोप

अंजानशहीद आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर नगर पंचायत पर दर्जनों की संख्या में जुटे नगर पंचायत वासियों ने परिवार रजिस्टर की नकल पर नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर हस्ताक्षर न करने का लगाया आरोप लगाकर प्रदर्शन किया।

जीयनपुर नगर पंचायत के कुरैश नगर निवासी नेहाल मेंहदी पुत्र इम्तियाज हुसैन व मोहसीन अहमद निवासी समता नगर और फैज अहमद निवासी कुरैश नगर सहित दर्जनों लोगों ने जीयनपुर नगर पंचायत पर शाम को एकत्रित होकर नगर पंचायत अध्यक्ष शंकर यादव व अधिशासी अधिकारी अमित कुमार यादव पर परिवार रजिस्टर की नकल पर हस्ताक्षर न करने का आरोप लगाया नगर पंचायत निवासी निहाल मेहंदी ने उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह से इसकी शिकायत की उप जिलाधिकारी के निर्देश के उपरांत भी परिवार रजिस्टर की नकल पर हस्ताक्षर नहीं करने पर गुस्साए नगर वासियों ने नगर पंचायत पर एकत्रित होकर प्रदर्शन कर विरोध किया व मनमानी करने का आरोप लगाया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमित कुमार यादव ने बताया कि यह कार्य हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है, इसलिए हमारे द्वारा नही किया जा रहा हैं। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रुप से पुरुषोत्तम यादव, पप्पू पाठक, फैसल खान, सलीम, राहुल, मोहसीन, सरफराज, शहंशाह, अलीम, जावेद, इत्यादि दर्जनों लोग मौके पर मौजूद रहे।



नगर पंचायत के सामने प्रदर्शन करते नगरवासी

# नदी में तलाश लखनऊ में बरामद

**सुसाइड की फर्जी कहानी**

**लखनऊ में मिली सफलता**

**नदी किनारे मिले सुसाइड नोट के बाद नदी में किया जा रहा था तलाश**



लापता लड़की के बरामद होने की जानकारी देते एसपी

**मीरजापुर।** जिले के कछवा थाना क्षेत्र के विदापुर निवासिनी किशोरी के 1 अक्टुबर को छोड़ा गया सुसाइड नोट फर्जी निकला। लापता किशोरी को पुलिस ने लखनऊ से सकुशल बरामद किया है। तीन युवकों पर दुष्कर्म के आरोप और सुसाइड नोट पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। गंगा नदी पर छोड़ा गया सुसाइड नोट फर्जी और मनगढंत पाया गया। पुलिस ने दुष्कर्म के तीन आरोपियों में से एक आरोपी को जेल भेज दिया था।

गठित एसआईटी के सहयोग से पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने फर्जी सुसाइड नोट का शुक्रवार को पुलिस लाइन में खुलासा किया। कछवां थाना क्षेत्र के गंगा नदी पर बने भटौली पुल पर 1 अक्टूबर 2022 को दुष्कर्म का आरोप लगाकर नदी में कुदकर जान देने की बात सामने आया था। सुसाइड लेटर छोड़ कर किशोरी लापता हो गयी थी। लड़की की तलाश में परिजनों ने खोज करने के साथ ही पुलिस को अवगत कराया गया। सुसाइड नोट का एक भाग घर के कमरे में तो दूसरा नदी किनारे मिला था। सुसाइड लेटर में लिखा था कि ₹मुझे माफ करना अब मैं जीना नही चाहती हूँ। इस लिए सुसाइड करने जा रही हूँ। मुझे पता है कि मेरी वजह से आप लोगों को बड़ी तकलीफ हुई लेकिन अब नही चाहती हूँ कि कोई तकलीफ हो.. बरैनी पुल पर कुछ छोड़ दूंगी ले लेना। परिजन जब पुलिस को लेकर बरैनी पुल पर पहुचे तो वहां लड़की का समान, कपड़े और सुसाइड लेटर मिला था। जिसमें लिखा था कि मुझे न्याय चाहिए। मेरे साथ गलत हुआ है कुछ लड़कों ने किया है। उसका नाम आशीष है। पुलिस वालों ने 4 दिन रख कर उसे छोड़ दिया है। ऐसा क्यो किया। पत्र जिसे मिले वह पुलिस को दे दे। पुलिस ने लड़की को बरैनी पुल के पास फ्लड टीम द्वारा लगातार गंगा में खोज किया। एसपी ने शव न मिलने पर एसआईटी का गठन किया था। एसपी सिटी के नेतृत्व में गठित टीम ने सर्विलांस की मदद और गहन जांच के बाद पुलिस को सफलता मिली, जिन्हे परिजन मृतक मान रहे थे उसे लखनऊ से सकुशल बरामद किया गया। किशोरी को सकुशल बरामद करने के बाद एसपी ने कहा कि अभी जांच जारी है। मामले की तह तक जाकर साजिश का पदार्फाश किया जायेगा। पीड़ित लड़की के परिजनों के मुताबिक 25 जून को गांव के ही युवक आशीष यादव शादी का झांसा दे कर चुनार किला घुमाने के बहाने ले जा कर दुष्कर्म करने का आरोप है। दो दिनों तक चुनार में रखने के बाद चुनार से लड़की को ट्रेन में बैठा दिया गया। जिसे पुलिस और परिजनों ने कानपुर से बरामद किया था। इसके बाद 2 जुलाई 2022 को पीड़ित लड़की की तहरीर पर कछवां थाने में दुष्कर्म करने और पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें मुख्य आरोपी आशीष यादव और उसके साथी को पुलिस ने पकड़ा। परिजनों का आरोप है कि 4 दिनों तक थाने में रखने के बाद पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया।

## रंगदारी मामले में बाहुबली विजय मिश्र दोषमुक्त

**मीरजापुर।** विंध्याचल के एक तीर्थ पुरोहित से रंगदारी मांगने के आरोप से बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा को शुक्रवार को प्रथम अपर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट न्यायालय ने दोष मुक्त किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को उन्हें आगरा जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया था। फैसला आने के बाद उन्हें फिर आगरा ले जाया गया। करीब दो वर्ष पूर्व विंध्याचल के पंडा अवनीश मिश्रा ने विजय मिश्रा पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर तारीख पर बाहुबली विजय मिश्रा के आने के चलते कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाहुबली विजय मिश्रा को आगरा जेल के लेकर पुलिस रवाना हो गई। विंध्याचल निवासी पंडा अवनीश मिश्र ने वर्ष 2020 में भदोही निवासी बाहुबली विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। इस मामले में जिला न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। आज मुकदमें की सुनवाई करते हुए प्रथम अपर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

# आयुक्त व डीएम ने विन्ध्य कॉरिडोर का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

**फटकार**

**ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरतने पर लगायी फटकार**

**मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुये शिफ्टवार कार्य कराने का दिया निर्देश**



कॉरिडोर का निरीक्षण करते आयुक्त व डीएम

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल योगेश्वर राम मिश्र व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विन्ध्याचल में निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर कार्य प्रगति का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर मुख्य कंट्रैक्टर के मैनेजर हरिन्द्र पटेल को जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित करते हुये कहा कि कल से ही मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुये सटरिंग व अन्य निर्माण कार्य में तेजी लायी जाय।

उन्होने कहा कि तीन शिफ्टों में कार्य कराया जाय। निर्माण कार्य में कुछ लोगों के द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की शिकायत पर मण्डलायुक्त कड़ी हिदायत देते हुये कहा कि किसी भी स्तर पर किसी के द्वारा निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि परिक्रमा पथ पर पिलर को खड़ा करके प्रथम तल पर लगभग 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करा लिया गया है शेष कार्य प्रगति पर हैं। मण्डलायुक्त ने कार्य के धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुये जीएम राजकीय निर्माण निगम एवं मुख्य कांट्रैक्टर को तलब करने का भी निर्देश नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह को दिया। इन दोनों लोगों को एक सप्ताह के अन्दर बुलाकर बैठक कराया जाय ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुये ससमय पूर्ण कराया जा सकें। मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा कोतवाली गली व पक्का घाट मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पुलिस से नोक झोंक युवकों को पड़ा मंहगा

**बाइक सीज कर पुलिस ने किया चालान**

**जमालपुर।** गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बाइक का चाभी निकाल लेने के बाद बाइक सवार और पुलिस के बीच नोंकझोंक हो गई। वही पुलिस ने बाइक सवारों को पकड़ कर थाने में बैठा दिया तथा बाइक को सीज करते हुए दोनों युवकों को धारा 151 में चालान कर दिया।

जिसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में नाराज ग्रामीणों ने थाना मोड़ के चौमुहानी का चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। गुरुवार की शाम जमालपुर गांव निवासी रामबाबू उम्र 26 वर्ष पुत्र शमशेर बहादुर चौहान व मनीष मौर्य 25 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल निवासी जमालपुर अपनी बाइक से स्थानीय बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसा निकालने के लिए गया हुआ था। जहां एटीएम के पास बाइक खड़ा किया था। उसी समय पुलिस गश्त पर निकली हुई थी। बाइक सड़क पर देखकर पुलिस ने बाइक का फोटो खींचने से दोनों युवक नाराज हो गए। पुलिस द्वारा पेपर मांगने पर मौके पर नही दिखा पाए। वहीं सम्पूर्ण पेपर अपनी मोबाइल पर दिखाना चाहा लेकिन नोंकझोंक के चलते पुलिस ने बाइक का चाभी निकाल लिया और बाइक को सीज कर दिया और युवकों को थाने लेकर चली गई। जहां रातभर दोनों युवक थाने पर बैठाए गए। वही सुबह दोनों युवकों का चालान कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों सहित भाजपा कार्यकर्ता ने युवकों को छुड़ाने के लिए थाना पर पहुंच गए और पुलिस से दोनों युवकों को छुड़ाने का दवाव बनाने लगे लेकिन बात न बनने पर थाना चौराहे मोड़ पर चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे।

जिसकी जानकारी होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू ने ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया और चक्का जाम को खुलवाया।

## बीजेपी किसान मोर्चा का प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में हुआ संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा मीरजापुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग जिला कार्यालय मीरजापुर में चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र तक के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता क्रमशः भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनभद्र ओमप्रकाश दूबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी किसान मोर्चा रहे। प्रथम सत्र से चतुर्थ सत्र का विषय क्रमशः भाजपा का इतिहास एवं विकास, विचार परिवार, संगठन संरचना में हमारी भूमिका एवं सरकार की उपलब्धि पर विस्तृत चर्चा हुयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया। उक्त कार्य प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमर बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, अनिल सिंह, जिलामंत्री सहेन्द्र मौर्य, अखिलेश सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ0 रूपेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नीरज त्रिपाठी, प्रथम साहू, पवन यादव, मनोज गिरी, अभिषेक चौबे सहित सभी मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं के आगे कानून व्यवस्था लाचार

**मनमानी**

**अवैध खनन का माल धड़ल्ले से हो रहा परिवहन**

**चेक पोस्ट से सरेआम पास हो रहे ओवरलोड वाहन पुलिस बनी मूकदर्शक**

**लाखों रुपए राजस्व का चूना लगा रहे खनन माफिया**

**जनसंदेश न्यूज**



रात में अंधेरे में फर्राटा भरते वाहन

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध खनन एवं परिवहन का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।

हर रोज दर्जनों गाड़ियां पुरानी पुलिस चौकी के सामने से गुजर रही हैं लेकिन चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों की आंखों में पट्टी बंधी हुई है जिससे खनन माफिया बेखौफ होकर दिन रात गिट्टी पटिया बोल्डर, आदि की ढुलाई कर रहे हैं। राजगढ़ थाना क्षेत्र एवं सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य धड़ल्ले से किया जाता है। जहां दर्जनों क्रेशर मशीन लगाकर बगैर मानक के संचालित किया जाता है जिसकी वजह से धुंआं के रूप में निकल रही धूल हवा के माध्यम से लोगों के शरीर में प्रवेश कर रहा है और दूषित हवा लोगों के गले और फेफड़े में जमा हो रहा है जिससे स्वास रोग से लोग ग्रसित हो रहे हैं। वहीं अवैध खनन एवं परिवहन से खनन माफिया लाखों रुपए की काली कमाई करने में जुटे हैं लेकिन राजस्व को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इसके बावजूद खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस लाचार एवं बेबस होकर खनन माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं।

## संक्षेप

### जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारित



**मीरजापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा जनपद भदोही के सर्किल औराई अर्न्तगत औराई, महिला थाना एवं चौरी के थानों के लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों को 01 वर्ष से अधिक व 06 माह से अधिक की लम्बित विवेचनाओं को टारगेट वेस अर्दली रूम करके विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया तथा महिला संबंधित अपराधों, माफियाओं तथा थाने व जनपद के टॉप -10 अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, अंतर्गत जब्तीकरण कराते हुए ऐसे अपराधियों का जमानत निरस्तीकरण कराते हुए त्वरित कार्रवाई व कठोरतम कार्यवाही करे एंव गोवंश के वध एंव गोवंश के अवैध परिवहन (तस्करी) की घटनाओं की रोकथाम, बरामदगी तथा सम्मिलित आरोपियों के विरुद्ध विधिक, निरोधात्मक कार्यवाही करें। तथा पुरस्कार घोषित, वांछित, ईनामिया अपराधी एवं अन्य अभियुक्त गिरफ्तारी हेतु शेष है उनकी टीम गठित करके गिरफ्तारी कराये। यातायात माह के दृष्टिगत शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों व बिना दस्तावेज वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाए। स्कूल वाहनों की भी जांच की जाए। नशीले पदार्थों के मामलों में उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाय, लोगों की शिकायतों को ध्यान से सुनें तथा नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करें आमजन से सभ्य व्यवहार करें, अपनी भाषा व वाणी पर संयम रखे, आदि निर्देश दिए गए।

### नाबालिग किशोरी संग दुष्कर्म करने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार की देर शाम आरोपित के खिलाफ पंद्रह वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। महिला द्वारा थाने में दिये गए तहरीर में बताया कि पंद्रह वर्षीय पुत्री बगल में स्थित राजकीय हाई स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। बुधवार को स्कूल पढ़ने के लिए गयी थी कि माध्यान्ह अवकाश में एक्सचेंज के पास शौच करने गई थी कि पड़ोसी युवक संतोष उर्फ लवकुश पुत्री को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर बंधी के पास लेकर गया तथा जबरदस्ती पुत्री के साथ दुराचार किया। घटना की आपबीती पुत्री ने मुझे बताया तब थाने पर पुत्री के साथ आकर तहरीर दिया है। जिस पर पुलिस ने महिला तथा उसकी पुत्री को साथ ले जाकर घटना स्थल की जांच पड़ताल किया। जिस पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में सीओ लालगंज परमानंद कुशवाहा ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दुष्कर्म सहित पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 10 वर्षों से खराब सड़क राहगीरों को दे रही मौत की दावत

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय की महत्वपूर्ण सड़क लालगंज मांडा मार्ग 10 वर्षो से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसके कारण सड़क के आसपास बसे गांव के ग्रामीणों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जबकि प्रयागराज की सीमा में पड़ने वाली सड़क मरम्मत और नवनिर्मित लगातार की जाती है। लालगंज तहसील की चार लाख आबादी के ग्रामीण इस अंतर्जनपदीय से प्रतिदिन हजारों की संख्या में आना जाना लगा रहता है। दिनभर वाहनों के आवागमन के चलते पास पड़ोस सड़क के किनारे बसे ग्रामीण धूल के कारण सांस की बीमारी से परेशान हैं क्योंकि इस सड़क पर दिनभर धूल वाहनों के आवागमन से उड़ती रहती है। जर्जर सड़क में गड्ढा युक्त बनाने में क्रिप्टो की ओवरलोड गाड़ियां के आवागमन सड़क की क्षमता को चकनाचूर कर देती है। सड़क की क्षमता है और बनाए गए मानक दोनों के क्रशर प्लांट के वहां तोड़ते नजर आते हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने दर्जनों बार उच्चाधिकारियों को मौखिक कर चुके हैं। बड़े बड़े वाहन के रूट मानक नहीं बनाए जाने के कारण ग्रामीण सड़कें ओवरलोड की क्षमता से टूटकर गड्ढे में ढलती जा रही हैं। बता दें कि लालगंज मांडा मार्ग से प्रतिदिन प्रयागराज आने जाने वाले छात्र छात्राओं के साथ मरीजों का तांता लगा रहता है। हाल यह है कि बिना परमिट की गाड़ियां दिन भर सड़क पर दौड़ती रहती हैं। जिसमें सबसे अधिक संख्या मिनी बसों की है। जिससे लालगंज हलिया दोनों विकास खंडों के ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी महत्वपूर्ण सड़क उपेक्षा के चलते नहीं बनाई जा रही है।

### कंपनी कमांडर ने होमगार्डो में वितरित किया प्रशस्ति पत्र

**हलिया।** क्षेत्र के कंपनी कंमाडर रामनिहोर ने शुक्रवार को थाना परिसर में कुल 24 होमगार्ड जवानों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा होमगार्ड के जवानों को दिये गये प्रशस्ति पत्र को सौपा है। कंपनी कंमाडर ने कहा कि बेहतर कार्य के बदले पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र होमगार्डो को दिया गया था। जिसका थाना परिसर मे वितरण किया गया है। सम्मान मिलने से कर्मचारियों के अंदर आगे और बेहतर करने की ललक जागृत होती है। डयूटी के लिए प्रशस्ति पत्र मिलने पर होमगार्ड के जवान खुश दिखाई दिए। इस दौरान पुरेंद्र बहादुर, सहित होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के दरवान गांव में नहर की पटरी से जा रहे बाइक सवार पती पत्नी ट्रैक्टर से टकराकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जानकारी के अनुसार जौगढ निवासी रिंकी पत्नी प्रदीप दोनों बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के चौखड़ा ग्रामसभा अन्तर्गत भागलपुर बस्ती में जा रहे थे। इस दौरान इंदिरानगर से होकर दरवान नहर के रास्ते पर ट्रैक्टर से पास लेते समय चपेट में आ गए और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी गई और हास्पिटल भेजा गया जहां डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### नकली नमक बेचने वाले तीन दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा

**मड़िहान।** क्षेत्र के तीन दुकानदारों पर टाटा साल्ट कंपनी के टीम द्वारा क्षेत्र में पहुंचकर दुकानों से टाटा का डुप्लीकेट नमक बरामद करते हुए मड़िहान थाने में तहरीर देकर तीन दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इन सभी दुकानदारों पर आरोप है कि इनके द्वारा नकली रैपर टाटा साल्ट का लगाकर धड़ल्ले से बिक्री की जाती थी जिसकी शिकायत टाटा नमक के कंपनी तक पहुंच गई थी उसी मामले की जांच को लेकर टाटा कंपनी के 2 सदस्यी टीम के साथ क्षेत्र में छापेमारी करने पहुंच गए और मड़िहान कस्बा ,भदौहा राजापुर आदि स्थानों पर छापेमारी कर चार बोरी नकली टाटा साल्ट नमक बरामद कर थाने उठा ले गए और तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की।जिसके आधार पर मड़िहान पुलिस के द्वारा इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।इस संबंध में इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय ने बताया कि कॉपीराइट के तहत तीन दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक की डेंगू से मौत

**मीरजापुर।** विजयपुर निवासी जैकी पंडा की डेंगू बीमारी के कारण असामयिक मौत शुक्रवार को प्रयागराज के एक नर्सिंग होम में हो गयी। दो भाईयो में छोटे जैकी पंडा विगत कई दिनो से डेंगू बुखार से पीड़ित थे। जिनका इलाज चल रहा था। जैकी निडर, हसमुख, मृदुभाषी थे। शुक्रवार को जीवन की जंग हार गये।

# जिले की 40 ग्राम पंचायतों को बनाया जायेगा मॉडल ओडीएफ प्लस गांव

**डीपीआरओ ने किया कूड़ा संग्रह का निरीक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**



कूड़ा संग्रह केद्र का निरीक्षण करते डीपीआरओ

**मीरजापुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार ने शुक्रवार को विकासखंड पहाड़ी के ग्राम पंचायत भरपुरा में निमार्णाधीन कूड़ा संग्रह केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रधान एवं पंचायत सहायक खंड प्रेरक को आवश्यक निर्देश दिया।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भाग 2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मानकों को पूरा करते हुए जनपद के 40 ग्राम पंचायतों को मॉडल ओडीएफ प्लस गांव बनाए जाने के क्रम में शक्रवार को विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत भरपुरा में जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार, जिला कंसलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण विनोद कुमार श्रीवास्तव, ग्राम सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडेय एवं प्रधान तथा पंचायत सहायक एवं अवधेश कुमार खंड प्रेरक के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निमार्णाधीन कूड़ा संग्रहण केंद्र आरआरसी सेंटर को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। यदि यह कूड़ा संग्रहण केंद्र 15 दिवस के अंदर पूर्ण हो जाएगा तो जनपद का पहला कूड़ा संग्रहण केंद्र बनेगा तथा ग्राम पंचायत भरपुरा को मॉडल गांव का पहला ग्राम पंचायत घोषित किया जा सकता है।

## अतिक्रमण से खत्म हो रहा है सड़कों का अस्तित्व

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय पर लालगंज बाजार की सड़क की दोनों पटरियों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। मनमाना अतिक्रमण का आलम यह है कि सड़क के पटरी का प्रयोग अपने निजी उपयोग में लोग करने लगे हैं। जिसके कारण बाजार आने जाने वालों के लिए कठिनाई साबित हो रहा है। फोरलेन सड़क बनाते समय बाजार से बाईपास रोड बना दिया गया है। मुख्य बाजार छोड़कर बाईपास से बड़े वाहनों का आवागमन रात दिन जारी है। जिसके कारण बाजार में जाम तो नहीं लग रहा है लेकिन अंधाधुंध अतिक्रमण के चलते तहसीलवासियों की चिंता की लकीरें बढ़ा दी है। इस सड़क से मांडा जिगना कोरांव आने जाने वालों के लिए फजीहत साबित हो रही है क्योंकि इस सड़क के गुजरने के बिना कोई भी वाहन प्रयागराज कोरांव मांडा नहीं जा सकता। इसी प्रकार मिजार्पुर के छानवे जाने आने वालों के लिए बाजार की सड़क मुख्य माध्यम है। बाजार नियमित आने जाने वाले गांव बरडीहा बनवारी अमहा, रामपुर, कटाई, रजई, बेलहा, तिखोर, नेवढ़िया, सहिरा, रानी बारी, पतुलकी आदि गांव के ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय महाविद्यालय, तहसील, ब्लॉक, पशु चिकित्सालय, कृषि बीज भंडार, कोतवाली प्रतिदिन बाजार आते जाते हैं।

# दो वर्ष से तैयार सामुदायिक शौचालय में लटक रहा है ताला

**लापरवाही**

**लाखों खर्च के बाद भी खुले में शौच कर रहे हैं ग्रामीण**

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के महोगढ़ी गांव में लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। करीब दो साल पहले बने शौचालय का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी ग्राम पंचायत की ओर से ग्रामीणों की सुविधा के लिए शौचालय को अभी तक चालू नहीं किया गया।




शौचालय में बंद ताला

सामुदायिक शौचालय जनता के लिए चालू न किए जाने से ग्रामीण खुले में शौच को विवश हैं। शौचालय का ताला खोलकर चालू कराने को आए दिन ग्रामीणों की ओर से विभागीय अधिकारियों के यहां तक शिकायत होती है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत की मनमर्जी के आगे अधिकारियों का निर्देश भी बेअसर साबित हो रहा है। यह केवल एक गांव के शौचालय की बदहाली नहीं है बल्कि विकास खंड में बने अधिकांश सामुदायिक शौचालयों की यही स्थिति है। ऐसे शौचालयों का ताला खोलवाकर ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराए जाने को जिम्मेदार अधिकारी भी गंभीर नहीं हैं। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा जो सामुदायिक शौचालय चालू नहीं हैं वहां जांच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं का एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के तहसील में कई दिनों से अधिवक्ताओं के द्वारा प्रदर्शन और चक्रमण किया जा रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम मड़िहान व तहसीलदार मड़िहान के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। मड़िहान तहसील के सभी अधिवक्ता गण 2-11-2022 से तहसीलदार तथा एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन और चक्रमण कर रहे है। अधिवक्ताओं ने कहा तहसीलदार मड़िहान के द्वारा न्यायालय पर अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार तथा नियमानुसार कार्य न करने के विरोध तथा उप जिलाधिकारी मड़िहान द्वारा अपने चेंबर में अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार किया गया जिसके कारण अधिवक्ताओ के द्वारा न्यायालय बहिष्कार एवं प्रदर्शन अनवरत जारी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उक्त अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं हो जाता है तब तक ए प्रदर्शन जारी रहेगा। पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट भी करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मौर्य, महा महामंत्री रामकेश सिंह, अधिवक्ता पप्पू लाल सिंह, रामधनी सिंह, राकेश पांडे, ओंकार नाथ सिंह, अरविंद दुबे, कृष्ण कुमार शुक्ला, अगस्त सिंह, रामकुमार, प्रशांत मिश्रा, राजेश चौबे, जंग बहादुर सिंह, राजेंद्र गुप्ता, सतीश, करुणा शंकर शुक्ला, सुनील दत्त आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।




तहसील पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

## स्वस्थ समाज से ही क्षेत्र व देश का होता है विकास : राजबहादुर सिंह

**अदलहाट।** अखिल भारतीय सर्व समाज सेवा संस्थान शाखा मीरजापुर द्वारा शुक्रवार को ग्राम सोनई स्थित हनुमान मंदिर परिसर में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सक दल में उपस्थित डा. प्रवीण पटेल, डा. श्वेता सिंह, डा. आशीष शुक्ला, डा. अजय सिंह ने गांव के लोगों का घुटना, दांत और महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं की जांच किया। इस दौरान आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए ई.राजबहादुर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को सम्मानित करने के साथ उनके आत्मबल को बढ़ाना है। उन्होने कहा कि स्वस्थ समाज से ही क्षेत्र एवं देश का विकाश होता है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत दौड़ भी कराया गया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सत्यम और बालिका वर्ग में अनीता प्रथम रहीं। कुर्सी दौड़ के बालक वर्ग में दीपक प्रथम और बालिका वर्ग में ज्योति प्रथम रही। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक ई. राजबहादुर सिंह, सर्व सेवा प्रमुख ज्ञान सिंह, कार्यक्रम संयोजक एड मुकेश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह, बालकृष्ण सिंह, सत्यनरायन, विरेन्द्र, सुबाष, चेतनरायन आदि रहे।

# जनपद में 18 अतिरिक्त क्रय केंद्र की स्वीकृति

**पहल**

**अब 80 केन्द्रों पर की जायेगी धान की खरीद**

**किसानों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा दी गयी स्वीकृति**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किसानों की सुविधा के लिए 18 नए धान क्रय केंद्र स्वीकृत किए। इसके पूर्व स्वीकृत 62 केंद्रों को सम्मिलित कर अब जनपद में कुल 80 धान क्रयकेंद्र संचालित होंगे।

पोर्टल पर जनपद में पंजीकृत सभी किसानों से 28 फरवरी तक उनकी सत्यापित उपज का सुगमतापूर्वक क्रय सुनिश्चित कराने के लिए केपीसीयू 12, यू0पी0एस0एस0 के 04, मंडी समिति का 01 और खाद्य विभाग का 01 नया क्रयकेंद्र जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया है। अब संस्थवार पी0एस0एफ0 के 32, खाद्य विभाग के 23, पीसी0यू0 के 12, यू0पी0एस0एस0 के 10, एफ0सी0आई0 के 02 और मंडी समिति का 01 सहित कुल 80 क्रयकेंद्र संचालित होंगे।

अब किसान अपनी सुविधानुसार इन क्रयकेंद्रों पर अपना धान विक्रय कर सकेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि, वे तत्काल इन केंद्रों पर सारी तैयारी पूर्ण कराकर खरीद प्रारंभ कराएं। किसान भाईयों से अपील है कि वे अपने पंजीकरण प्रपत्र और आधार कार्ड के साथ समीपस्थ केंद्रों पर जाकर, हस्ताक्षर सहित अपना विवरण दर्ज कराते हुए संपर्क क्रमांक प्राप्त कर लें। केंद्र प्रभारी द्वारा संस्था के जिला स्तरीय अधिकारी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा प्रमाणित रजिस्टर में ही किसानों का संपर्क विवरण दर्ज करते हुए उन्हें 29 अक्टूबर के आदेश में दिए गए निर्देशानुसार टोकन का वितरण और इसकी गूगल शीट पर प्रविष्टि अंकित की जायेगी।

जनपद में अभी तक लगभग 25 हजार किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है, जिसके सापेक्ष लगभग 15 हजार किसानों के पंजीकरण का सत्यापन संबंधित तहसीलों से हो चुका है। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/ जिला खरीद अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों को त्वरित गति से पंजीकरण सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी संस्था प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि केंद्र के संपर्क/टोकन रजिस्टर में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

# दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, आधे घंटे प्रभावित रहा रेल यातायात

मचा हड़कंप

### गार्ड की बोगी सहित चार बोगियों को छोड़ मालगाड़ी 2 किलोमीटर आगे निकल गई

जनसंदेश न्यूज

**करमा।** चोपन की तरफ से चुनार की ओर जा रही मालगाड़ी शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे करकी माइनर से आगे रेलवे स्टेशन खैराही के पहले खैराही मानव रहित गेट पर दो भागो में बंट गई।

इस दौरान आधा से अधिक बोगियों को लेकर इंजन एक किलोमीटर दूर खैराही स्टेशन पार करने के बाद भरूंहा गांव पहुंचा ही था कि गार्ड ने वाकी टाकी से चालक से मालगाड़ी रुकने का कारण पूछा। जब चालक को पता चला तो वह अवाक हो गया। सूचना के बाद चालक ने मालगाड़ी को बैक लाकर अलग हुई बोगियों को जोड़वाकर गंतव्य की ओर रवाना हो गया। चालक ने बताया कि गाड़ी तो चल रही है, परंतु गार्ड ने कहा कि मेरी बोगी तो खड़ी है।

जब चालक ने मालगाड़ी रोककर देखा तो चार बोगी सहित गार्ड की बोगी कट कर अलग हो गई थी। खैराही मानव रहित क्रासिंग पर बोगियों के खड़े होने से जाम लग गया। आस पास के लोगों की भीड़ जुट गई। फिर मालगाड़ी का चालक खैराही रेलवे स्टेशन मास्टर से लाइन क्लियर कराने के बाद वापस आकर अलग हुई बोगी को जोड़कर फिर गंतव्य को रवाना हुआ। लगभग 40 मिनट तक मालगाड़ी खड़ी रहने से गेट रास्ते से आने जाने वाले लोगों को फजीहत झेलनी पड़ी, वही रेलवे ट्रैक पर आवागमन पूरी तरह ठप रहा। संयोग अच्छा था कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ।



दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी



### क्या है स्टीम ब्लोइंग

**ओबरा।** स्टीम ब्लोइग किसी भी नई परियोजना में इस लिये किया जाता है कि ब्यायलर ट्यूब में सिलिका जमा नहीं होने पाये यदि सिलिका जमा हो जायेगी तो ब्यायलर ट्यूब में हीट टासंफर नही हो पायेगी। ट्यूब में सिलिका जमा होने की स्थिति में स्टीम का टम्प्रेचर कम हो जायेगा। जिससे टरबाईन की कार्य क्षमता पर विपरीत प्रभाव पडेगा और विद्युत उत्पादन भी प्रभावित हो जायेगा। इस लिये किसी भी परियोजना को स्टीम ब्लोंइग के दौर से गुजरना पड़ता है।

### क्या है कोल फायरिंग

**ओबरा।** किसी भी परियोजना के लिये कोल फायरिग किसी अग्नि परीक्षा से कम नही होती है। यह प्रक्रिया काफी जटिल होती है। इसे पूरा होते ही इकाई विद्युत उत्पादन के लिये तैयार हो जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान इकाई को पहले आयल फायरिंग कर इकाई को लाईटअप किया जाता है, इसके बाद कोल फायरिंग कर विद्युत उत्पादन शुरू किया जाता है।

# दुष्कर्म के दोषी को 15 वर्ष की कैद, 53 हजार रुपये जुर्माना

सजा

### दो वर्ष पूर्व ड्यूटी से घर लौट रही महिला के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने दो वर्ष पूर्व ड्यूटी से घर लौट रही महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए शुक्रवार को दोषसिद्ध पाकर दोषी सुमेश्वर को 15 वर्ष की कैद एवं 53 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि एक सितंबर 2020 को शाम 6 बजे जब उसकी बहु ड्यूटी करके घर वापस पैदल ही लौट रही थी तभी बीजपुर थाना क्षेत्र के पुनर्वास द्वितीय अम्बेडकर नगर डोड़हर गांव निवासी सुमेश्वर पुत्र स्वर्गीय बुधराम बाइक से आया और उसकी बहु से कहा कि बैठो चलो घर छोड़ देंगे। उसकी बात पर विश्वास करके बहु बाइक पर बैठ गई। उसके बाद बहु को लेकर जंगल के रास्ते ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी तरह से उसके चंगुल से भागकर बहु ने फोन करके घरवालों को सूचना दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सुमेश्वर को 15 वर्ष की कैद एवं 53 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

## संक्षेप

### एसडीएम ने क्रॉप कटिंग करा उपज का किया आकलन


क्रॉप कटिंग का निरीक्षण करते एसडीएम

**दुद्धी।** एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा ने खजुरी गांव में एक किसान की खेत में क्रॉप कटिंग कर धान की पैदावार का आकलन किया। एसडीएम ने बताया कि नाप जोख कर एक विश्वा खेत में हुए धान की उपज का आकलन किया जा रहा है, फिर उसी के हिसाब से किसानों के प्रति बीघा धान की फसल की पैदावार का आकलन कर लिया जाएगा। उसके बाद किसानों के धान की प्रति बीघा पैदावार की हिसाब से खरीद का निर्धारण भी किया जाएगा।

### क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही दुर्घटना को दावत




**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के वार्ड नं 5 में पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टूटे पुलिया से जाने वाले बाइक सवार आये दिन धोखा खाकर गिर रहे हैं और जिम्मेदार सुधि नहीं ले रहे हैं। रहवासी आसिफ राजन ने बताया कि किसी वाहन के गुजरने से पुलिया के स्लैब का एक हिस्सा दरक कर टूट गया है और उसमें सरिया की जाली दिखने लगी है, जो राहगीरों व आने जाने वालों के लिए खतरा उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत किये जाने की मांग उठाई है।

### कई थाना प्रभारियों के बदले कार्यक्षेत्र

**सोनभद्र।** जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने को पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कई थानों के प्रभारी निरीक्षकों एवं चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सदर कोतवाल रहे दिनेश प्रकाश पाण्डेय को पिपरी थाने का प्रभारी निरीक्षक का दायित्व दिया गया है तथा पुलिस अधीक्षक के पीआरओ रहे निरीक्षक बालमुकुंद मिश्रा रॉबर्ट्सगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बनाये गए। मनोज ठाकुर विंढमगंज थाना प्रभारी, मोहम्मद अरशद चेरुइ चौकी प्रभारी, विनोद सोनकर जुगैल थाना प्रभारी व जुगैल थानाध्यक्ष रहे आशीष पटेल लोढ़ी चौकी प्रभारी, चेरुइ चौकी प्रभारी रहे प्रमोद यादव को हिंदुआरी चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

### चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के झरईल टोला निवासी सत्यनारायण पुत्र राधेश्यान की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मुकदमें के आरोपी नंदलाल पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम झरईल टोला म्योरपुर व अयोध्या पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम मचबंधवा, बभनी को शुक्रवार को पुलिस ने झरइल टोला तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों पर आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दोनों अभियुक्तों के पास से दो विद्युत मोटर बरामद किया गया। टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय, रामइच्छा यादव, आदित्य पांडेय, प्रवेश चन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र यादव, अनिल कुमार शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षता मेला तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

**सोनभद्र।** डीएम ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर आईटीआई कालेज दुद्धी में 14 नवम्बर को आयोजित किये जाने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षता मेला के तैयारियों सम्बन्धी बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले में जो बच्चे आईटीआई पास कर चुके हैं, वे अप्रेटिंस में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित उद्योगों में अधिकतम 15 प्रतिशत तक शिशिक्षुओं को नियोजित कराया जाये। अन्य विभागीय कार्यालयों विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग का शिशिक्षु पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए मेले में प्रतिभाग कराने व शिशिक्षुओं को नियोजित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबन्धक से प्रतिष्ठानों की सूची प्राप्त कर नये प्रतिष्ठानों को शिशिक्षु पोर्टल पर पंजीकरण कराने, ग्रासिम इण्डस्ट्रीज एक वर्ष से रिक्त पड़े हुए शिशिक्षु सीटों को मेले में भरने, समस्त राजकीय आईटीआई के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को पंजीकरण शिशिक्षु पोर्टल पर कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। बैठक में जीएस यादव, राजधारी प्रसाद गौतम, सच्चिदानन्द सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# बनवासी समागम को लेकर तैयारियां तेज, जिला प्रशासन ने कसी कमर


सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

जाना हाल

### नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल सेवा कुंज आश्रम चपकी का लिया जायजा

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सेवा समर्पण संस्थान संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित सेवा कुंज आश्रम के बिरसा मुंडा वनवासी विद्यापीठ के प्रांगण में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस पर होने वाले बनवासी समागम कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए शासन ने कमर कस ली है। कार्यक्रम में राज्यपाल व मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डाक्टर देवेंद्र ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट नोडल ऑफिसर और उनके प्रधान सहायक सतीश चन्द्र शुक्ला सोनभद्र पहुँचे त्तपश्चात सर्किट हाउस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर आश्रम पहुँचे।

उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी संस्थान के सह संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश आनंद से ली। डॉक्टर देवेंद्र ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के जनजाति समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ जनजाति विकास विभाग, जिला प्रशासन तथा सेवा समर्पण संस्थान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के अवलोकन,वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत पट्टा वितरण कार्यक्रम, संगठन के वक्ताओं के वक्तव्य,जनजाति क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों, उद्यमिता क्षेत्र में कार्य करने वालों, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में अच्छा कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं व जनपद स्तरीय अधिकारियों को सम्मानित किए जाने तथा लोकार्पण व शिलान्यास संबंधित कार्यक्रम प्रस्तावित है।

निदेशक, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा 30 जनजाति समूह सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु चयनित किए गए, स्टेज परफारमेंस एरिया का चिन्हीकरण कर लिया गया है, प्रमुख सचिव डॉ हरिओम कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम में कराए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समस्त दायित्व संस्कृति विभाग का होगा। कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा जनजाति परिवेश पर आधारित रखी जाए। इस संबंध में एक प्रोटोटाइप तैयार कर लिया जाए जो उनके जीवन शैली को प्रदर्शित कर रहा हो।

भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का माल्यार्पण भी होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव के द्वारा निर्देशित किया गया है कि 13 जनपदों में से वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत स्वीकृत किए गए दावों के पट्टा धारकों में से चार चार प्रतिनिधियों को उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित कराया जाएगा। डॉ देवेंद्र ने बताया कि जनजाति समुदाय की जीवन शैली, कला, संस्कृति, वेशभूषा के चित्रात्मक प्रदर्शन हेतु कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन कराया जा रहा है जिसका विमोचन जनजाति गौरव दिवस पर ही होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर जनजाति समुदाय के लोगों द्वारा प्रतिभाग किए गए जनजातीय लघु फिल्म का प्रदर्शन कार्यक्रम भी सुनिश्चित किया गया है। सेवा समर्पण संस्थान के सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि प्रदेश के सभी विभाग सेवा समर्पण संस्थान सम्बद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के साथ समन्वय स्थापित कर यह कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। सेवा समर्पण संस्थान के सह मंत्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए शासन लगातार अपने प्रतिनिधि को कार्यक्रम स्थल पर भेज रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी ए के द्विवेदी भी पहुंचे थे। उक्त अवसर पर केंद्र प्रभारी कृष्ण गोपाल, अध्यक्ष जेसी विमल सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण खरवार,जिला संगठन मंत्री शिव प्रसाद समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चालान किया टीपर का, वसूली नोटिस थमाया पिकअप स्वामी को

खनन विभाग का कारनामा

### पिकअप स्वामी खनिज विभाग का लगा रहा चक्कर

**दुद्धी।** जिले के खनन विभाग का हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है, खनन विभाग के अधिकारियों ने बिना प्रपत्र बालू परिवहन कर रहे सिंदुरिया चेक पोस्ट पर एक ऐसे टीपर वाहन का ऑनलाइन चालान अप्रैल व मई माह में कर दिया, जिस पर बोलेरो पिकअप का नम्बर प्लेट लगा था। म्योरपुर थाने के सांगोबान्ध निवासी पिकअप के स्वामी सुरेश कुमार यादव के पास 25 -25 हजार के दो बार चालान की नोटिस रसीद पहुंची तो वह सन्न रह गया। नोटिस में यह कहा गया है कि आपके वाहन द्वारा बगैर प्रपत्र 7 घनमीटर बालू परिवहन किया जा रहा था। अब हैरान परेशान वाहन स्वामी खनिज विभाग का चक्कर लगा रहा है। पीड़ित सुरेश का कहना है कि जिस तारीख में चालान हुआ उस तारीख में मेरा वाहन मेरे घर पर खड़ा था और जिस वाहन का फोटो खनिज विभाग ने हमें दिया है, वह टीपर है। सुरेश ने बताया कि उसके पास बोलेरो पिकअप है, उसकी परच्युन की दुकान है। आरोप लगाया कि उसके वाहन का नम्बर प्लेट सिंदुरिया में टीपर चल रहा था और अवैध बालू परिवहन में चालान कट गया और वह नोटिस मेरे पास आ गयी। बताया कि दो बार खनिज ऑफिस गए। खान अधिकारी का कहना होता है कि आपका चालान लखनऊ तक चला गया है, जो कैंसिल होने में समय लगेगा।

### दोपहिया, तीनपहिया वाहनों का नम्बर प्लेट लगा बालू परिवहन कर रहे वाहन

दुद्धी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं की मानें तो जिले में सैकड़ों वाहन दो पहिया व तीन पहिया व कार का नम्बर प्लेट लगाकर गिट्टी व बालू का परिवहन का कर रहे हैं। नम्बर प्लेट तो ऐसा धुंधला रखते हैं कि चालान ना हो। अगर चालान हो भी जाये तो चालान उन दो पहिया, तीन पहिया व कार स्वामियों का हो जाये, जिनके वाहन पर्सनल उपयोग में किये जाते हैं।

## तमंचा व गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** स्थानीय पुलिस ने अंतरराज्यीय शातीर अपराधी को डेढ़ किलो गांजा एवं एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने उपनिरीक्षक राजेश यादव, कांस्टेबल संतोष कुमार, दिव्वेश कुमार के साथ शुक्रवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के शातिर अपराधी बलियानाला पुलिया नम्बर 10 के पास संदिग्ध हालात में खड़ा है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके झोले में रखा डेढ़ किलो गांजा एवं एक चाकू बरामद हुआ। उसने अपना नाम अशोक वंशल पुत्र रामदास वंशल निवासी गोल मार्केट चर्च स्कूल के पास जयंत, विन्ध्यनगर, सिंगरौली मध्यप्रदेश बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत उसका चालान कर दिया।

# बिजली कर्मचारी संघ ने किया गेट सभा, जताया आक्रोश

**ओबरा।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के बैनर तले शुक्रवार को तापीय परियोजना के मुख्य द्वार पर आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि टीएमडी 2 गुणे 200 मेगावाट ब ताप विद्युत गृह में कार्यरत छह संविदा श्रमिकों का गेट पास मे. मैनुअल इंजीनियरिंग के द्वारा बीते 13 मई से नहीं बनाया गया है। इसकी सूचना मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक प्रशासन, महाप्रबंधक (ब), अधी अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को देने के बाद भी आज तक गेट पास नही बनाया गया है। जिसकी संगठन घोर निन्दा करता है।

मांग किया कि एयरकंडीशनिंग में कार्यरत छह संविदा श्रमिकों का गेट पास तुरन्त बनवाया जाए। चेतावनी दिया कि गेट पास नही बनने की स्थिति में मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए संघ किसी भी प्रकार के आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संविदा श्रमिक 30 से 35 वर्षो से कार्यरत है। उन्हें कार्य से 60 वर्ष का हवाला देते हुए निकाल दिया गया है। इनके संपूर्ण कार्यावधि में समस्त प्रकार के देय भुगतान करने के उपरांत ही सेवानिवृत किया जाए। परियोजना के समस्त निविदाओं में एस्टीमेट के अनुसार श्रमिकों की पूर्ति, कार्मिकों का ईपीएफ कटौती भी सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्षता अजय कुमार सिंह एवं संचालन योगेन्द्र कुमार दूबे ने किया। सभा को योगेंद्र प्रसाद, प्रभात कुमार पांडेय, मधुकांत यादव, पंकज सिंह, राज कुमार पाठक, आनंद सिंह, प्रदीप कनौजिया, अभिषेक पांडेय, बचिया, उदित नारायण सिंह, बब्बन रजक, दिलीप चौहान आदि दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


गेट सभा के दौरान नारेबाजी करते संगठन के लोग

# यातायात माह : टीआई द्वारा बिना बताये बाइकों के चालान से आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/म्योरपुर।** अगर आप घर से बाहर बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट के निकल रहे हैं तो सावधान हो जाइए इन दिनों पुलिस द्वारा बिना बताए चालान करने की जन चर्चा जोरों पर है। ग्रामीणों की मानें तो वे घर से बाहर निकलते हैं तो कब उनका दो चक्का वाहन या छोटी गाड़ियों का चालान हो जाता है उन्हें पता ही नहीं चलता। बता दें कि गुरुवार को टीआई बभनी की ओर जा रहे थे इसी दौरान उनके द्वारा बिना बताए आधा दर्जन दो पहिया वाहनों का चालान कर दिया गया। पीड़ित वाहन स्वामी जब अपने घर शाम को पहुंचे तो मोबाइल पर एक हजार रुपये का चालान देख भौचक रह गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि कम से कम टीआई हमें बताएं तो कि वे क्या का चालान कर रहे हैं। घर से सब्जी लेने या कुछ गृहस्थी का सामान लेने या दवा लेने बाजार में जा रहे हैं तो बाइक का चालान कर दिया जा रहा है, ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस द्वारा हम लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। दबे सुर में ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि एनटीपीसी से ओवरलोड राखड़ लेकर प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में टेलर जाती है, उन्हें टीआई या पुलिसवालों को क्यों नहीं दिखायी दे रहा है, सिर्फ दो चक्के की गाड़ियां या छोटी फोर व्हीलर ही इन्हें क्यों दिखाई पड़ती है।

अगर कोई बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाया है तो मानो उसकी सामत आ गई। यहां तक कि यातायात माह में डग्गामार वाहन भी बेखौफ चल रहे हैं, लेकिन उनका चालान नही हो रहा है। थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने कहा कि मैं छुट्टी पर हूं, नवम्बर माह यातायात माह चल रहा है। सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे दुर्घटना कम हो। पुलिस बेवजह किसी को भी परेशान नहीं करती। अब टीआई ने क्यों चालान किया, उनसे संपर्क करने के बाद ही पता चल पायेगा।

नाराजगी

### बाजारों में सब्जी, खाद्य सामग्री लेने जाना हुआ मुश्किल

### 41 वाहनों का किया चालान

**दुद्धी।** कस्बा इंचार्ज संजय सिंह व हमराही श्रीकांत यादव के साथ कस्बे में 41 छोटे बड़े वाहनों का चालान किया, जिससे वाहन स्वामियों हड़कंप मच गया। वाहन चालक पुलिस की सघन जांच देख पतली गली पकड़ लिए। उन्होंने तीन सवारी, वाहनों के इन्सुरेंस फेल, अधूरे प्रपत्रों व क्षमता से अधिक सवारियों को ढो रहे वाहनों का चालान किया।

# रासलीला मंचन का हुआ शुभारंभ



**डाला।** रामलीला मैदान में दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा गुरुवार की रात्रि आठ बजे रासलीला मंचन की शुरूआत फीता काट कर-के व भगवान की आरती कर-के की गई। मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी कौशल ने बताया कि हर वर्ष यह आयोजन नगर मे शांति का संदेश लाता है, श्री कृष्ण लीला त्याग समर्पण, प्रेम, भाई चारा, सद्भाव का संगम है। कृष्ण लीला को अनुसरण करने से मन को शान्ति और सुख समृद्धी बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि चौकी प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि कृष्ण लीला आपको प्रेम और सद्भाव में रहना सिखाती है, ाी लीला को सच्चे मन से श्रवण व आत्मसात करने वालों के घर कभी विबाद नही हो सकता है। पुष्टि मार्गीय ब्रज रासलीला रामलीला संस्थान मंडल के ब्यास स्वामी राम शरण शर्मा ने बताया कि डाला में रासलीला मंचन करने के लिए 18 सदस्यीय टीम के साथ वृंदावन से आए हैं। शनिवार को कालीयानाथ नाथन की रासलीला होगी। इस मौके पर जोगेन्द्र सिंह ऊर्फ गुड्डू पटेल, ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश जैन, सुभाष पाल, सुधीर सिंह, राकेश जायसवाल, अनिकेत श्रीवास्तव, अवनीश पाण्डेय, अंशु पाण्डेय, गोविंद भारद्वाज समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# तहसील आंदोलन को पत्रकारों का समर्थन

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** ओबरा विधान सभा क्षेत्र में ओबरा तहसील भवन के स्थायी निर्माण को लेकर 11वें दिन भी धरना जारी रहा। शुक्रवार को मणि शंकर पाठक अध्यक्ष संविदा श्रमिक संघ व अधिवक्ता देवेंद्र जौहरी को माला पहनाकर सोनांचल बार एसोसिएशन के महामंत्री अनिल मिश्रा व अनिल चौधरी एडवोकेट ने धरने पर बैठाया। धरने के 11 वें दिन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सरंक्षक सतीश भाटिया व भोला दुबे तथा जिलाध्यक्ष महेश कुमार पांडे के नेतृत्व में पत्रकार पीडी राय, सुरेंद्र सिंह, रामप्यारे सिंह, हरिओम विश्वकर्मा, सैयद आरिफ मोहम्मद, शमशाद आलम, सौरभ गोस्वामी, चंद्रकांत, राकेश अग्रहरी, कन्हैया लाल, महेश पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, अध्यापक अनिल सिंह सहित कई अध्यापकों ने आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देकर एसडीएम से तहसील भवन का निर्माण ओबरा में कराये जाने की बात कही। स्थानीय विधायक की भूमिका को लेकर आक्रोशित है। कहा कि किसी विधायक की जिम्मेदारी होती है वह अपने क्षेत्र का विकास करे। बावजूद इसके स्थानीय विधायक अपने निजी स्वार्थों से वशीभूत होकर ओबरा विधानसभा से अन्यत्र तहसील भवन के स्थाई निर्माण हेतु प्रयासरत हैं। इस अवसर पर रमेश मिश्रा, रमाशंकर यादव, कपूर चंद पाण्डे, अर्जुन शर्मा, एस के जैन, संजय कुमार, पुष्पराज पांडेय, एस के चौबे, सुशील पाण्डेय, जय नाथ गिरी, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र नाथ जौहरी, मिथलेश तिवारी, रमेश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


आंदोलन में समर्थन पत्र देते पत्रकार

# अब शिकार नहीं, सत्ता का हिस्सेदार है मछुआ समाज: डा. संजय निषाद


चंदौली में कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद का माल्यार्पण कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

**चंदौली।** सूबे के कैबिनेट मंत्री मत्स्य डा. संजय निषाद शुक्रवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नूर पैलेस स्थित स्वागत एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं के मेहनत व उनके समर्पण को सराहा। साथ ही अपने समाज के वोट को एकत्रित व एकजुट करने का आह्वान किया। कहा कि जय भीम व जय समाजवाद के नारे लगाकर अपनी हिस्सेदारी को न गंवाएं। निषाद पार्टी के साथ आएं और झंडा उठाकर अपनी भागीदारी व हिस्सेदारी हासिल करें। उन्होंने कहा कि पहले निषाद समाज के लोग शिकार हुआ करते थे, लेकिन भाजपा के साथ सत्ता का गठजोड़ कर-के अपने हिस्सेदार बन गए हैं। पहली बार दिल्ली से मछुआ समाज के कल्याण के लिए 20 हजार करोड़ रुपये यूपी को मिले हैं, जिससे मछुआ समाज का कल्याण व विकास किया जाना है। यूपी में पहली बार मत्स्य विभाग को अलग विभाग का दर्जा मिला है। मत्स्य व्यवसाय से जुड़े गरीब व मध्यम वर्गीय मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था की गई है। यदि मछुआरों के पास अपनी नाव व जाल है तो वह इस योजना के तहत बिना किसी सिक्योरिटी के 1.60 लाख तक का क्रेडिट कार्ड लिमिट प्राप्त कर उससे लाभान्वित हो सकते हैं। कहा कि सीएम सम्पदा योजना समेत अन्य योजनाओं से मछुआ समाज की आर्थिक, सामाजिक स्थिति को बदलने का काम किया जा रहा है। चंदौली में 116 लोगों ने आवेदन किया हुआ है, जिसमें चार मछुआरों का क्रेडिट कार्ड जारी किया जा चुका है। हाल ही में मछुआ कल्याण कोष की स्थापना की गयी है, जिससे मछुआ समाज के कल्याणार्थ लाया गया है। कहा कि मंडल स्तर पर मछुआ समाज के होनहार बच्चों को आवासीय सुविधा मुहैया कराएगी, जहां उन्हें खिलाने, पढ़ाने व काबिल बनाने का काम होगा, ताकि वे आगे चलकर काबिल अफसर-कर्मचारी के साथ अच्छे इंसान बन सकें। कहा कि वोट के लिए समाज को बांटने का काम कई राजनीतिक दलों ने किया, लेकिन निषाद पार्टी के आने के बाद ही समाज को उसकी हिस्सेदारी व भागीदारी मिलनी शुरू हो गयी है। कहा कि हमारी पार्टी एनडीए की घटक दल है जिसका राजनीति को लेकर एक विशेष एजेंडा है। राजनीति कोई पेशा नहीं बल्कि सेवा भाव से किया जाना चाहिए। अंत में उन्होंने चंदौली जनपद को ऐतिहासिक करार दिया। साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर समाज के वोट को एकत्रित करने के लिए प्रेरित कर गए। इसके बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी डाकबंगले पर अधिकारियों संग बैठक की और मत्स्य विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन मंडी में बनने वाले मत्स्य मंडी का शिलान्यास करने की बात कही है। इस मौके पर सांसद प्रवीण निषाद, रामअवध, विकास कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में आयुष सुरक्षा किट का हुआ वितरण

**चहनियां।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामगढ़ में चिकित्साधिकारी डा. रजनीश यादव आयुष सुरक्षा कीट वितरित किया। इस कीट में च्यवनप्राश, अर्शुगनसनी, बटी काढ़ा का वितरण किया गया। जो व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करती है। भारत सरकार के संकल्प स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसते हुए आयुर्वेद और युनानी चिकित्सालयों के माध्यम से ग्रामीणों में स्वास्थ्य किट का वितरण करा रहा है। शुक्रवार को रामगढ़ स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्साधिकारी डाक्टर रजनीश यादव द्वारा 20 ग्रामीणों को स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस किट के माध्यम से जो इस समय संक्रमण बीमारी फैली है उसे नियन्त्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रोगों को नियन्त्रित करते हुए रोगियों को स्वस्थ रुप देने में इससे काफी मदद मिलती है। इस मौके पर डॉ रजनीश यादव चिकित्साधिकारी ने अपनी पूरी टीम के साथ गांव के लोगों में किट वितरित किया साथ ही लोगों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जल, संतुलित आहार का प्रयोग करते हुए योग व्यायाम करने के लिए जागरुक किया।

# अभद्रता करने वालों के खिलाफ पुलिस दर्ज करे मुकदमा: डा. राधेश्याम

**मांग**

### चिकित्सकों ने चेताया मांगों पर विचार नहीं तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल


एसपी आवास के बाहर मौजूद चंदौली के चिकित्सक।

**चंदौली।** बीते गुरुवार को जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में चिकित्सक संग अभद्रता व गाली गलौज के प्रकरण से चंदौली के चिकित्सकों में शुक्रवार को जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान चिकित्सकों ने 11 बजे के बाद ओपीडी सेवाएं ठप कर दी। इसके बाद बैठक कर अभद्रता करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही की रणनीति बनाई और अध्यक्ष डा. राधेश्याम व सेक्रेटरी डॉ संजय यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल एसपी कैंप कार्यालय में एसपी अंकुर अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान चिकित्सकों ने गुरुवार को इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के साथ ग्रामीणों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को अवगत कराया और तत्काल दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कहा कि अगर चिकित्सकों की मांगों पर जिला प्रशासन विचार नहीं किया तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को बाध्य होंगे। अध्यक्ष राधेश्याम ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय के ईएमओ डा. संजय कुमार के साथ ग्रामीणों द्वारा युवक की मौत के बाद दुर्व्यवहार किए जाने की घटना ठीक नहीं है। जो आरोप लगा रहे हैं वह पूरी तरह से निराधार है। कहा कि चिकित्सक और कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने दुर्भाग्य और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कृत्य किया है जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए। एसपी ने चिकित्सकों की शिकायत को संज्ञान में लिया और सभी चिकित्सकों को आश्वासन किया कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके तत्पश्चात चिकित्सक कोतवाली पहुंचकर आगे कार्रवाई में जुट गए। इस दौरान डा.आरके वर्मा, डा.जेपी सिंह, डा.अनिल सुमन, डा.एनके सिंह, डा.भावना कुमार, डा.संजय कुमार, डा.एके सिंह, डा.ज्ञानेंद्र गुप्ता, योगेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कलशयात्रा संग गायत्री महायज्ञ का हुआ आगाज



**सकलडीहा।** कलश शोभायात्रा के साथ क्षेत्र के सराय पकवान के हनुमान मंदिर प्रांगण में होने वाले तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम प्रधान दुर्गा प्रसाद पाण्डेय ने किया। कलश यात्रा सराय पकवान बरात घर से प्रारंभ होकर रतनपुरा, प्रयागपुर, साईं और धनिका होते हुए यज्ञस्थल पर पहुंची। शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली नायिका रीता त्रिपाठी ने कहा कि श्रीराम शर्मा आचार्य ने मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का लक्ष्य लेकर गायत्री परिवार की स्थापना की है और हम गायत्री परिजन इसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। तीनों दिन सायं काल छह से नौ बजे तक संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा होगी। 12 और 13 नवंबर को प्रातः प्रज्ञा योग व्यायाम, 08 से 12 बजे तक यज्ञाहुति व विविध संस्कार होंगे। तेरह को दोपहर बारह बजे से महाप्रसाद वितरण और सायंकाल दीपमहायज्ञ व टोली विदाई होगी। हरिशंकर मिश्र, राजेन्द्र शंकर मिश्र, अर्पण पाण्डेय, प्रदीप परिव्राजक, दीनदयाल पाण्डेय, रामराम मिश्र, संतोष,ज्ञानती देवी,सोनी रानी,माया, ममता आदि लोग उपस्थित रहे।

### छेड़खानी के आरोपी को तीन साल का कठोर कारावास

चंदौली। स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर छेड़खानी के आरोपी को 3 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं 5 हजार रुपया जुमार्ना लगाया। जुमार्ना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता पॉक्सो शमशेर बहादुर सिंह, अवधेश नारायण सिंह, रमाकांत उपाध्याय ने मुकदमे की पैरवी और तर्क प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि चकिया थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता का आरोप था कि विगत 5 मई 2017 की शाम 7 बजे 12 वर्षीय पुत्री अपने छोटे भाई के साथ शादी समारोह में गयी थी। वह रात करीब 9 बजे घर वापस लौट रही थी। इस बीच रास्ते में आरोपी ने पुत्री का जबरदस्ती मुंह दबा दिया। इसके बाद गलत नियत से लेकर भागने लगा। पुत्री के शोरगुल मचाने पर गांव के कुछ लोग जुट गए। यह देखकर अभियुक्त भाग निकला। इसके बाद पुत्री ने घर आकर आपबीती बताई। आरोपी ने पुनः 10 मई 2017 को बेटी को स्कूल जाते समय रास्ते में उसे लेकर भागने, शादी नहीं होने देने और माता पिता को जान से मारने की धमकी दी। इससे पीड़िता और परिवार को लोग भयभीत हो गए। काफी प्रयास के बाद इस मामले में 25 मई 2017 को चकिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसकी सुनवाई स्पेशल जज पॉक्सो की अदालत में की गई। न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त कमंडल को धारा-7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत 3 वर्ष की कठोर सजा का फैसला सुनाया। साथ ही 5 हजार रुपये जुमार्ना।लगाया। अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा से दण्डित किया है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का धूमधाम से मना स्थापना दिवस

**बबुरी।** यूनियन बैंक में बैंक का 104वां स्थापना दिवस धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी रहे। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारतवर्ष में 104 वर्षों से सेवा दे रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने, स्वतंत्रता से पूर्व और उसके पश्चात भारत के बैंकिंग परिदृश्य को नया आयाम देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह सम्पूर्ण भारत में समृद्धि लाते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस दौरान शाखा प्रबंधक विशाल सिंह, डा.शंभूनाथ गोंड, रामध्वजा सिंह, हुकुम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रिंस शुक्ला, रवि पाठक, विनय तिवारी, बसंत लाल गुप्ता, प्रितम माली आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीएमओ को सौंपा कर्मचारियों ने ज्ञापन

**चंदौली।** पंडित कमलापति त्रिपाठी अस्पताल के सभागार में शुक्रवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा गया। सीएमओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। अध्यक्ष व प्रभारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद पूर्वांचल आनंद मिश्रा ने कहा कि समस्त बकाया एरियर का भुगतान, दो व दस वर्ष की सेवा के उपरांत फार्मासिस्टों का वेतन निर्धारण ग्रेड पे और सेवा का स्थायीकरण किया जाए। मांगों का त्वरित निस्तारण नहीं किया गया तो कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे। कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, बृजेश सिंह, अजय सिंह, मनोज सेठ सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन जिला मंत्री पोरस राय ने किया।

# जिला अस्पताल में ओपीडी कार्य बंद रहने से मरीज परेशान


जिला अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप होने के बाद परेशान मरीज।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय मैं शुक्रवार को इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के साथ गुरुवार को ग्रामीणों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने से नाराज चिकित्सकों ने ओपीडी का बंद रखा। 11 बजे के बाद चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार कर बैठक की और आगे की रणनीति बनाई। पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को ओपीडी कार दोपहर में बंद होने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यही नहीं दूरदराज से आए मरीजों को बिना इलाज कराए ही बैरंग वापस लौटना पड़ा क्योंकि बृहस्पतिवार को इमरजेंसी चिकित्सक के साथ ग्रामीणों ने दुर्व्यवहार किया इससे चिकित्सकों ने नाराजगी जताई और 3 घंटे कार्य करके ओपीडी का बहिष्कार कर दिया और आगे की रणनीति बनाई इसके चलते मरीजों को भारी परेशानी हुई मरीजों का कहना है कि दूरदराज से आए हैं, लेकिन इलाज ना होने का कारण इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मरीजों ने बताया कि दोपहर बाद चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर दिया, जिससे दवा नहीं मिली और परेशानी बढ़ गई है। धनेजा गांव निवासी सरिता ने कहा कि सीटी स्कैन कराने के लिए सुबह से फार्म लेकर दौड़ रही हूं, लेकिन चिकित्सकों के अपने कक्ष में ना बैठने के कारण परेशानी बढ़ी हुई है। कहा कि चिकित्सकों के ना होने से परेशान होना पड़ रहा है और इलाज भी नहीं मिल पा रहा है। रोहाखी के गांव निवासी सरिता गुप्ता ने कहा जांच तो हो गई, लेकिन चिकित्सक के ना होने के कारण दवा नहीं मिल पा रही है इससे परेशानी बढ़ी है।

## सैकड़ों किसानों को नहीं मिल रहा सम्मान निधि का लाभ

**चंदौली।** तकनीकी दिक्कतों के चलते जिले के सैकड़ों किसान सरकार की ओर से मिलने वाली किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं ले पा रहे। सम्मान निधि का धन किसानों के बैंक खातों में नहीं पहुंच पा रहा। परेशान अन्नदाता कृषि विभाग के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। शुक्रवार को भी उप निदेशक कृषि कार्यालय में किसान लाइन लगाकर अपनी शिकायत दर्ज कराते नजर आए। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 2.49 लाख किसान पंजीकृत हैं। हालांकि 1.86 लाख किसानों को ही योजना का लाभ मिला। कारण, शेष किसानों के आवेदन मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। कुछ की ई-केवाईसी अटकी है तो कुछ किसानों का डेटा अभी सत्यापन प्रक्रिया में है। इसकी वजह से उनके खाते में 12वीं किस्त नहीं आई। परेशान किसान सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटने को विवश हैं। शुक्रवार को उप कृषि निदेशक कार्यालय में लाइन लगाए किसान व्यवस्था को कोसते नजर आए।

# खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने दिखाया दमखम


खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के साथ अतिथिगण।

**बबुरी।** स्थानीय मवैया गांव स्थित राइजिंग सन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का अच्छा होना भी अतिआवश्यक है। शिक्षा के दौरान खेल आयोजन बच्चों को स्वस्थ रखने तथा खेल की भावना को विकसित करने में सहायक होते हैं। इसके पश्चात शुरू हुए प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दौड़ कबड्डी खो-खो, लांग जंप, हाई जंप आदि में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजई छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक परवीन ने मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीनिवास राम, साहिल अली, एमडी शाह आलम, अंजुम आरा, शबीना शाहीन वारसी आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने बलुआ में लगे सामुदायिक जेटी का किया वर्चुअल उद्घाटन


बलुआ पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर लगे जेटी को गंगा सेवा समिति के लोगों द्वारा सजाया गया।

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर पर्यटन स्थल बनाने के क्रम में सांसद व केंद्रीय मंत्री के प्रयास से जेट्टी का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल किया। उद्घाटन से पूर्व अधिकारियों व पार्टी की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी घाट के स्वर्णिम विकास के लिए सामुदायिक जेट्टी का निर्माण शुरू हो चुका है। गुरुवार को सामुदायिक जेट्टी लगाने का कार्य गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा किया गया। शुक्रवार को जेट्टी का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया। किन्तु यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि पार्टी या फिर अधिकारीयो द्वारा उद्घाटन की कोई व्यवस्था नहीं किया गया था।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले के चारों मास्टर माइंड हुए हाजिर

**चंदौली।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले का मास्टर माइंड सहित चारों आरोपी शुक्रवार को स्पेशल जज पाक्सो की अदालत में हाजिर हुए। सभी आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय लाया गया था. विशेष न्यायाधीश पाक्सो राजेंद्र प्रसाद ने अगली तारीख मुकर्रर कर 19 नवंबर को पुनः कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है. इस तिथि को सभी आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र बनेगा. इसके बाद गवाही के लिए बुलाया जाएगा. साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट के तर्ज पर सुनवाई की जाएगी। विशेष अधिवक्ता पाक्सो शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बीते 16 अगस्त को सीबीआई की टीम ने नाबालिग बच्चों की अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर बेचने के मामले में चार आरोपितों के खिलाफ स्पेशल जज पास्को राजेंद्र प्रसाद की अदालत में चार्जशीट दाखिल किया था. इसमें पोर्नग्राफी का मास्टर माइंड बांदा निवासी रामभुवन और पटना निवासी रेल कर्मचारी अजीत कुमार के अलावा चंदौली के अजय कुमार गुप्ता व अविनाश कुमार को आरोपी बनाया गया था। इन चारों आरोपितों पर नाबालिग बच्चों को टॉफी देने व मोबाइल पर गेम खिलाने समेत अन्य चीजों का लालच देकर बच्चों का अश्लील वीडियो बनाकर विदेशों में बेचने का आरोप है। शुक्रवार को मामले का माइस्टर माइंड समेत चारों आरोपियों को पुनः कोर्ट में हाजिर किया गया।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन

**बोले योगेंद्रनाथ**

### डीडीयू नगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन


डीडीयू नगर में आयोजित यातायात कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व शिक्षक।

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज प.दीनदयाल उपाध्याय नगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सड़क सुरक्षा के विषय में कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर योगेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि गाड़ी चलाते वक्त हमें सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए हमारी थोड़ी सी सावधानी हमारी जिंदगी को बचाती है।

प्रोफेसर अरुण पांडेय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से हमें अपनी और दूसरों की भी जिंदगी बचाने से परिवार को निराश्रित होने से बचाया जा सकता है। हमें दो हमें दो पहिया चलाते वक्त हेलमेट, कार चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाकर ही चलाना चाहिए। प्रोफेसर राजीव ने कहा कि सड़क पर लाल बत्ती और हरी बत्ती के निदेर्शों का भली-भांति पालन करना चाहिए डा. मनोज ने कहा कि सड़क पर चलने वालों को सड़क नियमों की अवहेलना नहीं करनी चाहिए डॉक्टर विजय लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि हमें ओवरटेक से बचना चाहिए महबूब आलम ने कहा कि गाड़ी की गति को सड़क सुरक्षा के हिसाब से चलाना चाहिए और अपने वाहन के ब्रेक को हमेशा देख कर ही गाड़ी का इस्तेमाल करना चाहिए कार्यक्रम का संयोजन और संचालन कर रहे प्रोफेसर संजय पांडे ने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में लोगों को बताया और आए हुए अतिथियों का स्वागत किया इस कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सड़क सुरक्षा संबंधित पोस्टर सड़क सुरक्षा, क्विज और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा.भावना, डा.गुलजवीं, डा.सारिका, राहुल सिंह, सुजीत, रंजीत, सुनील सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने जमकर मचाया धमाल


महुअरकला स्थित पंडित लल्लन आर तिवारी महाविद्यालय में आयोजित फ्रेशर पार्टी में शामिल छात्र-छात्राएं।

**चहनियां।** पंडित लल्लन आर तिवारी महाविद्यालय में बीए व बीएससी प्रथम वर्ष के नये छात्र छात्राओं के स्वागत के लिए आयोजित होने वाली फ्रेशर पार्टी का आयोजन कालेज के बीए व बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने परम्परागत रूप से किया। फ्रेशर पार्टी में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब धमाल मचाया। फ्रेशर पार्टी की शुरूआत कालेज के प्रबंधक आनंद तिवारी सोनू व प्राचार्य डाक्टर डीसी पांडेय ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप प्रज्जवलित कर-के किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत व आधुनिक गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया।

प्रबन्धक आनन्द तिवारी सोनू ने कहा कि कोई विद्यालय चाहे कितना सुविधा सम्पन्न क्यों ना हो उसका असली शोभा उसके छात्र छात्रा है। इसलिए सभी छात्र छात्राओ को अनुशासित रहकर अपने जूनियर साथियों का सहयोग करते हुए उनके सुखद भविष्य के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक चेयरमैन लल्लन आर तिवारी का इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के स्वप्न को साकार करने की मशाल आप छात्र छात्रा ही हो। इसलिए आप सभी ध्यान से शिक्षण कार्य करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इस दौरान नदीश तिवारी, प्रदीप तिवारी, अवधेश तिवारी, विवेक मिश्रा, बिजेंद्र तिवारी सहित सभी शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण महिलाओं को मिली कानून की जानकारी

**सकलडीहा।** बहरवानी पंचायत भवन में शुक्रवार को अमर ज्योति सेवा केंद्र मनिहारा की ओर से ग्रामीण स्तरीय किशोरी एवं अभिभावक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास के विभिन्न गांवों से 125 महिलाओं व किशोरियों ने हिस्सा लिया। वही शिव शंकर यादव हेड कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल करुणा ने किशोरियों के सामने आने वाली चुनौतियों और उसके अधिकारों के संरक्षण तथा एफआईआर की प्रक्रिया संबंधित जानकारी दी। महिलाओं को थाना से संबंधित तथा किशोरियों के सशक्तिकरण और उनके मानव अधिकारों के प्रति मिशन शक्ति अभियान, बाल विवाह, दहेज, भ्रूण हत्या से संबंधित कानून की जानकारी दी गई। संस्था कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार ने लिंग भेदभाव, दहेज व अन्य सामाजिक मुद्दों के प्रति अभिभावकों को जागरुक कर सभी कुरीतियों को समाज से हटाने का आग्रह किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक ज्ञान प्रकाश, ग्राम प्रधान अमरनाथ खरवार, आशा कार्यकर्ता संजू राय, रिंकू, आरती, मंजू, मीरा देवी, संध्या यादव, आकाश मौर्या व सांभा सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्केबीज (खाज) से बचाव विषय पर चर्चा

**सेमिनार**

### नीमा की ओर से डीडीयू नगर में सेमिनार का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



डीडीयू नगर में आयोजित सेमिनार में उपस्थित अतिथिगण।

**डीडीयू नगर।** नीमा के सौजन्य से नगर में स्केबीज रोग पर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ केएन पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि डा.अनिल यादव एवं चौतन्य साह तथा डॉ वीके वर्मा रहे। चर्म रोग विशेषज्ञ डा.नेहा शाह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल त्वचा रोग के लगभग 300 मिलियन मामले सामने आते है। सारकोपटेस स्केबी एक आठ पैर वाला अत्यंत छोटा माइट होता है, जो एक प्रकार का कीट होता है। स्केबीज से संबंधित माइट एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक बहुत आसानी से फैल जाता है।

स्केबीज से बचने के लिए जीवनशैली और आहार में बदलाव लाना जरूरी होता है ताकि उसको पनपने या बढ़ने से रोका जा सके। कहा कि संक्रमित व्यक्ति के कपड़े, बिस्तर और उपयोग करने वाली सभी चीजों को अलग रखना चाहिए। संक्रमित मरीज के साथ किसी भी प्रकार के शारीरिक सम्पर्क से बचना चाहिए, क्योंकि यह बहुत ही जल्दी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल जाता है। उपचार के लिए शरीर पर दवा लगाने के बाद प्रयोग किए गए कपड़ों को दोबारा न पहनें। उपचार शुरू करने से पहले से सभी कपड़े, तौलिये और बिस्तरों को साबुन और गर्म पानी से साफ करें और तेज धूप में सुखाएं। जिन चीजों को धोया नहीं जा सकता है उनको ड्राइक्लिन करें। नीमा प्रदेश प्रवक्ता डा. ओपी सिंह ने कहा कि लौंग के तेल में एंटी-बैक्टिरीयल गुण होते है इसलिए यह स्केबीज के इलाज में फायदेमन्द होता है। लौंग के तेल में नारियल तेल मिलाकर दो-तीन हफ्ते तक नहाने से पहले त्वचा पर लगाने से स्केबीज से राहत मिलती है। नीम की पत्तियों और हल्दी को अच्छी प्रकार पीसकर लेप को प्रभावित स्थान पर लगाएं। इसके अलावा नीम का तेल भी इस्तेमाल कर सकते है। सेमिनार में डा. विवेक सिंह, डा.अजय गुप्ता, डा.ऋषि यादव, डा.आशा कश्यप, डा. मुमताज, डा.संतोष शर्मा, डा.हुजैफा, डा.रजत, डा.संदीप तिवारी, डा. मनोज आदि लोग थे। संचालन सचिव डा. एके सिंह व धन्यवाद ज्ञापन रोहित गुप्ता, अंकित मिश्र ने दिया।

# स्पोर्ट्स



ओल्ड ट्रेफर्ड में मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के बीच हुए मुकाबले में खेलते हुए लोग।

# न्यूजीलैंड दौरे पर द्रविड़ की जगह लक्ष्मण होंगे मुख्य कोच

## टी20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में मिली शर्मनाक हार के बाद बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए द्रविड़ को आराम दिया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी न्यूजीलैंड दौरे पर राहुल द्रविड़ की जगह पर वी वी एस लक्ष्मण मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए द्रविड़ को आराम दिया है। द्रविड़ पिछले साल एक साल से टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका में हैं। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा है। इसी को देखते हुए द्रविड़ की रणनीति पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। इस दौरे पर रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या टीम की कप्तानी करेंगे जबकि एकदिवसीय टीम की कमान शिखर धवन के पास रहेगी।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, ह्य टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के साथ जो सहयोगी स्टाफ मुख्य कोच राहुल द्रविड़, गेंदबाजी कोच पारस



म्हाब्रे और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ऑस्ट्रेलिया गये हैं वह अब स्वदेश लौट आयेंगे।

जिसके बाद उन्हें आराम दिया जाएगा। इसके बाद ये कोचिंग स्टाफ बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम के साथ जाएगा। न्यूजीलैंड दौरे पर टीम इंडिया के साथ लक्ष्मण के अलावा बल्लेबाजी कोच ऋषिकेश कानितकर और गेंदबाजी कोच सईराज बहुतुले कोचिंग स्टाफ में शामिल रहेंगे। लक्ष्मण इस समय बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में चेयरमैन के पद पर हैं। लक्ष्मण ने इससे पहले इसी साल भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और जिम्बाब्वे का भी दौरा किया था। इसके अलावा वह टी20 विश्व कप से पहले अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी टीम इंडिया के साथ थे। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे की शुरूआत टी20 सीरीज से करेगी। 3 मैचों की सीरीज का पहला टी20 मैच 18 नवंबर को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जाएगा। टी20 सीरीज के बाद भारतीय टीम 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए

भारतीय टीमः हार्दिक पंड्या (कप्तान), ऋषभ पंत (उप कप्तान), ईशान किशन, दीपक हुडा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीमः शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत (उप कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुडा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, शाहबाज अहमद, वॉशिंगटन सुंदर, उमरान मलिक, कुलदीप सेन, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और अर्शदीप सिंह।

### ऑस्ट्रेलिया से सीधे न्यूजीलैंड रवाना होंगे 12 खिलाड़ी , बाकी स्वदेश लौटेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्वकप में मिली हार के बाद अब न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होगी। वहीं भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी स्वदेश लौट जाएंगे। 15 सदस्यीय टीम के 4 खिलाड़ी स्टैंडबाय में भी रहे थे। अब इनमें से कप्तान रोहित शर्मा सहित 7 खिलाड़ी अलग-अलग ग्रुप में वापस लौटेंगे। इनके अलावा बाकी 12 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से ही सीधे न्यूजीलैंड रवाना हो जाएंगे। भारतीय टीम को अब न्यूजीलैंड दौरे पर तीन टी-20 और तीन एकदिवसय मैच खेलने हैं। इस दौरे पर टी20 सीरीज में कप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी गई है. जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत कुछ सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। भारतीय टीम प्रबंधन के अनुसार जिन भारतीय खिलाड़ियों को घर लौटना है, वह अलग-अलग ग्रुप में आज और कल भारत आ रहे हैं। वहीं कुछ खिलाड़ियों को आज का ही टिकट मिल गया है. जबकि बाकी को कल का टिकट मिला है. साथ ही जिन खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना गया है, वह सीधे न्यूजीलैंड ही रवाना होंगे। बता दें कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, दिनेश कार्तिक, आर अश्विन, अक्षर पटेल और मोहम्मद शमी को भारत लौटना है। बाकि खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर सीधे न्यूजीलैंड रवाना होंगे।

# भारतीय टीम पर बिफरे कपिल देव

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की हार से भारतीय फैन्स में आक्रोश है। दो साल के अंदर हुए दो टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ट्रॉफी जीतने में असमर्थ रही। इससे फैन्स काफी नाराज हैं। भारत को सेमीफाइनल में मिली हार के बाद पूर्व क्रिकेटर्स भी टीम इंडिया की आलोचना कर रहे हैं। इसी कड़ी में भारत को 1983 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव का भी बयान सामने आया है। कपिल देव ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा है कि जब कप्तान रोहित शर्मा ही बोल रहे कि उनकी टीम दबाव नहीं झेल पाई तो अब कहने के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इसका मतलब यही है कि टीम इंडिया अभी बड़े मैच खेलने के लिए तैयार ही नहीं है। कपिल ने कहा कि हमारे खिलाड़ी आईपीएल जैसे बड़े टूनामेंट खेलते हैं। वहां इससे भी ज्यादा दबाव दिखता है, लेकिन वहां तो वह अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहते हैं। इसके जवाब में




वहां मौजूद एक और पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन ने कहा कि अगर आईपीएल में ज्यादा दबाव है तो यह स्कैंडल है और हमें दोबारा से सिस्टम बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 168 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। हार के बाद कप्तान रोहित ने कहा था कि झे लगता है कि हमने अच्छा स्कोर बनाया था, लेकिन गेंद के साथ हमारा प्रदर्शन कुछ खास नहीं था। यह ऐसा विकेट नहीं था, जहां कोई टीम 16 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर सकती है। हम आज गेंद के साथ कमाल नहीं कर पाए। रोहित ने सेमीफाइनल मैच के दबाव पर बात करते हुए कहा- जब नॉकआउट मैचों की बात आती है, तो यहां दबाव को सोखना जरूरी हो जाता है। यह हर व्यक्ति पर निर्भर करता है। आप किसी को दबाव को संभालना नहीं सिखा सकते। जब ये लोग आईपीएल में प्लेऑफ खेलते हैं तो वहां भी काफी ज्यादा दबाव होता है और वे इसे संभालने में सक्षम हैं।

### टीम इंडिया की हार से नाराज गावस्कर का बड़ा बयान कुछ खिलाड़ियों के संन्यास की जताई आशंका

टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की हार से हर कोई स्तब्ध है। किसी को भी यकीन नहीं हो रहा कि इसी साल इंग्लैंड को उसी की जमीन पर हारकर आने वाली टीम इंडिया सेमीफाइनल में हार जाएगी। भारत को यह वर्ल्ड कप जीतने का फेवरेट माना जा रहा था। ऐसे में सेमीफाइनल से बाहर होकर भारत के आईसीसी ट्रॉफी को जीतने का सपना एकबार फिर अधूरा रह गया। टीम इंडिया 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी हार के बाद टीम की आलोचना की है। गावस्कर को लगता है कि इस विश्व कप के बाद भारत के टी20 सेटअप में कई अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। उनका मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी इस फॉर्मेट को छोड़ सकते हैं। गावस्कर का कहना है कि हार्दिक पांड्या अब टीम को लीड करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## सानिया और शोएब का हुआ कानूनी तलाक


**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक का कानूनी रूप से तलाक हो चुका है। यह दावा शोएब के एक करीबी दोस्त ने किया है। उसने कहा वह तलाक की पुष्टि कर रहा है। इसके आगे दोनों के बारे में बोलना मेरे लिए संभव नहीं है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय क्रिकेटर शोएब का मॉडल आयशा कमर के साथ अफेयर चल रहा है। इन दोनों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही हैं। उल्लेखनीय है हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सोनिया और शोएब की शादी हुई थी। सानिया शोएब की दूसरी पत्नी थी। दोनों का एक बेटा है। जिसका नाम इजहान है। लड़के का जन्म 2018 में हुआ था। अब शोएब, मॉडल आयशा के प्रेम जाल में फस गए हैं।

## फिल्मी खबरें

### संजय मिश्रा और नीना गुप्ता स्टारर 'वध' 9 दिसंबर को होगी रिलीज




**मुंबई।** जैसा कि 'वध' का टीजर पोस्टर आखिरकार रिलीज हो गया है, हम शानदार अभिनेता संजय मिश्रा और नीना गुप्ता को एक साथ स्क्रीन पर देख सकते हैं। जैसा कि फिल्म थ्रिलर ड्रामा की शैली को एक्सप्लोर करती है, टीजर पोस्टर इसे अच्छी तरह से जस्टिफाई करता है और फिल्म के बारे में एक पूरी नई बातचीत को बढ़ावा देता है। 'वध' राजीव बरनवाल और जसपाल सिंह संधू द्वारा लिखित और निर्देशित हैं। फिल्म का निर्माण जे स्टूडियोज और नेक्स्ट लेवल प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है। फिल्म को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और प्रस्तुत किया गया। ये फिल्म 9 दिसंबर 2022 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी ।

### 'द मिचेल्स वर्सेस द मशीन्स' कराएगा रोमांच की सवारी!




**इंदौर।** जरा सोचिए आप एक ऐसी दुनिया में हों, जहां हमारे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में जान आ जाए? एक ऐसी दुनिया, जहां फोन्स, लैपटॉप्स और बाकी गैजेट्स आपको कंट्रोल करने लगें, और इंसानियत को बचाने की आखिरी उम्मीद सिर्फ आप ही हों! जी हां, द मिचेल्स ऐसा ही एक अनोखा परिवार है, जो इस अभूतपूर्व स्थिति में फंस जाता है और दुनिया को बचाने के लिए वक्त से मुकाबला करता है। इस चिल्ड्रंस डे पर, एंड पिक्चर्स 14 नवंबर को सुबह 11 बजे बेहद सराही गई फिल्म 'द मिचेल्स वर्सेस द मशीन्स' के हिंदी टेलीविजन प्रीमियर के साथ अपने दर्शकों को एक रोमांचक सफर पर ले जाने के लिए तैयार है। 94वें अकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर के रूप में नामांकित और 49वें ऐनी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर का अवॉर्ड हासिल करने वाली यह एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म आपको गुदगुदाने और एक खुशनुमा एहसास कराने आ रही है। एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म 'द मिचेल्स वर्सेस द मशीन्स' आपको एक नन्हीं-सी प्यारी लड़की केटी मिचेल की कहानी दिखाता है जो अपने गौरवशाली पैरेंट्स, अपने छोटे भाई और अपने प्यारे कुत्ते के साथ एक रोड ट्रिप पर निकलती है। एक परिवार के रूप में एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने और साथ वक्त बिताने की उनकी योजना उस वक्त चौपट हो जाती है, जब दुनिया के सारे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में जान आ जाती है और वो सारे मिलकर विद्रोह छेड़ देते हैं। जहां अचानक मशीनें दुनिया को अपने काबू में कर लेती हैं और अफरा-तफरी मचा देती हैं, वहीं मिचेल परिवार इंसानियत की आखिरी उम्मीद बनकर इस धरती को बचाने के लिए सामने आता है। हास्य, साहसिक कारनामों और रोमांच से भरपूर 'द मिचेल्स वर्सेस द मशीन्स' दर्शकों, बच्चों और उनके परिवारों को एक धमाकेदार रोमांचक सफर पर ले जाएगी, जहां यह परिवार मिलकर दुनिया को बचाने और मशीन से लड़ने की कोशिश करता है।

# टांडाकला में पीपा पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चहनियां।** टांडाकला वाया कैथी गंगा घाट पर पीपा पांटून पुल के निर्माण में देरी होने पर ग्रामीणों ने प्रधान टाण्डाकला अमरेश मौर्य के नेतृत्व में प्रदर्शन कर विरोध जताया। जल्द निर्माण न होने पर ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। टांडाकला कैथी के बीच स्थित गंगा नदी पर बनने वाले पीपा पुल से दो जनपदों का जुड़ाव होता है। यही नहीं व्यापारिक और धार्मिक हितों का जुड़ाव होता है।

एक तरफ जहां टांडाकला, सोनबरसा, हरधन, जूड़ा, पूरा गणेश, पूरा विजयी, चकरा, रमदत्तपुर, हुसेपुर, मारूफपुर, सरौली सहित दर्जनों गांवों के लोगों को वाराणसी जाने में अन्य दिनों की अपेक्षा आधा दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे उनके व्यापारिक सामानों की आवक सुविधाजनक हो जाती है। साथ ही क्षेत्रीय लोगों के लिए श्रद्धा के केन्द्र कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव मंदिर का दर्शन पूजन करना सुलभ हो जाता है। किन्तु पीपा पुल निर्माण की अवधि आगामी 15 नवम्बर होने के बाद भी पुल निर्माण के लिए कोई कार्रवाई न होता देख क्षेत्रीय लोगों के सब्र का बांध टुटने लगा है। क्षेत्रीय लोगों में संजय सिंह, अजीत पांडेय, सन्तोष सिंह, पिन्टू मौर्य, हकडू खां, लाके तिवारी, छोटू प्रजापति ने ग्राम प्रधान अमरेश मौर्य पारस के नेतृत्व में प्रदर्शन करके पीपा पुल निर्माण के लिए जिलाधिकारी से की मुलाकत।



टांडाकला गंगा घाट पर प्रदर्शन करते क्षेत्रीय लोग।

# पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक बने दीनानाथ शर्मा

**चंदौली।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति चंदौली का संगठनात्मक चुनाव शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर में हुआ। इस दौरान चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया मंडल संयोजक यूपी सिंह की निगरानी में हुआ। इस मौके दीनानाथ शर्मा को संयोजक, केएन सिंह को सहसंयोजक, शिवमूरत यादव को कोषाध्यक्ष, कैलाशपति सिंह को सहसंयोजक प्रचार, नन्दलाल को सम्प्रेक्षक का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर मौजूद पेंशनर्स द्वारा नवगठित जिला इकाई के निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही संगठन हित में कार्य करने की आवश्यकता जताई गयी। इस अवसर पर मंडल संयोजक यूपी सिंह ने कहा कि संगठन में शक्ति है और संगठन से जुड़ने वाली एक-एक इकाई स्वतः शक्ति से जुड़ जाती है। लिहाजा संगठन के मजबूत स्तंभ की तरह एक-एक निर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य काम करे। संगठन की मजबूती के साथ पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान में सहूलियत होगी। इस अवसर पर एसपी विश्वकर्मा, अमर देवी, नगीना सिंह, रामा यादव, रामवृक्ष तिवारी, बजरंगी प्रसाद, रामसकल, जयराम यादव, हरिशंकर मिश्र, पंचम आदि उपस्थित रहे।



पेंशनर्स कल्याण समिति के चुनाव में उपस्थित चंदौली के पेंशनर्स।

## संक्षेप

### राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर कोल को जनजाति के दर्जे की मांग

**सोनभद्र।** आदिवासी वनवासी महासभा की अगुवाई में कोल समुदाय के सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र प्रेषित कर कोल को जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए हस्तक्षेप की अपील की है। प्रेस को जारी बयान में आदिवासी वनवासी महासभा ने कहा है कि कोल समुदाय की पहचान प्रदेश व देश भर में आदिवासी के बतौर है। कहा कि यह विडंबना ही है कि मध्य प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों में कोल जनजाति में शामिल है लेकिन उत्तर प्रदेश में इसे अनुसूचित जाति में शामिल किया गया है जोकि इस आदिवासी समुदाय के साथ घोर अन्याय है। इससे कोल समाज को तमाम संवैधानिक अधिकारों से भी वंचित है। आदिवासियों की अस्मिता और अस्तित्व ही खतरे में है। वनाधिकार कानून का क्रियान्वयन कर जंगल की पुश्तैनी जोतकोड़ की जमीनों पर मालिकाना हक प्रदान करने में सरकार की दिलचस्पी नहीं है। अगर सरकार वास्तव में आदिवासी हितों को लेकर जरा भी संवेदनशील है तो उत्तर प्रदेश में कोल समेत अनुसूचित जाति में मानी जानी वाली आदिवासी जातियों को जनजाति का तत्काल दर्जा दिया जाना चाहिए और जंगल की जमीनों पर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया जाये। पत्रक पर हस्ताक्षर करने वालों में कृपा शंकर पनिका, सेवा लाल कोल, सदानंद कोल, दया कोल, विक्रम कोल, सूरज कोल, अरविंद कोल, लक्ष्मण कोल, राजेन्द्र प्रसाद गोंड़, कमलेश कोल, स्वयंबर कोल समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### निकाय चुनाव को लेकर सपा की बैठक आज

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि पार्टी की नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक शनिवार को प्रातः 11 बजे से पार्टी कार्यालय पर आहूत की गई है। बैठक में पार्टी के पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, विधानसभा पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, जिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी समेत वरिष्ठ नेताओं की उपस्थित रहने की अपील किया है।

# जिला स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** अमरवीर इंटर कालेज के मैदान पर शुक्रवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय बेसिक शिक्षा परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खेल ध्वज फहरा कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गान व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के आयोजनों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताओं से नई-नई प्रतिभाएं उभरती हैं।

आगे चलकर ये प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करती हैं। इसलिए छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने कहा छात्र छात्राओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ना जरूरी है क्योंकि खेल का भी हमारे जीवन महवपूर्ण योगदान है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में धानापुर सहित कुल नौ ब्लाकों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।



खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

### प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर किसानों ने दी बधाई

**अहरौरा।** भारतीय किसान यूनियन में काफी दिनों से किसानों के लिए संघर्ष करते चले आ रहे प्रहलाद सिंह को उत्तर प्रदेश के महासचिव का दायित्व मिलते ही क्षेत्र के किसानों में व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा बधाई देने का ताता लगा रहा। उत्तर प्रदेश के महासचिव बनाए जाने के बाद प्रहलाद सिंह ने बताया कि हम लोग किसानों के लिए हमेशा संघर्ष करते चले आ रहे हैं। यही नहीं दिल्ली से लेकर अन्य राज्यों में भी हम लोग किसानों के लिए लड़ाई में हिस्सा लेते रहते हैं जो भी हमारे ऊपर पदाधिकारियों द्वारा दायित्व दिया गया है हम उसको बखूबी निभाने का काम करेंगे। बधाई देने वालों में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, छन्नू लाल सिंह, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर अवधेश सिंह, स्वामी दयाल सिंह, राजेश सिंह, सावित्री देवी, नंदलाल भारती लोग मौजूद रहे।

# कम ब्याज पर ग्राहकों को मिलेगा गोल्ड लोन

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया का 104वां स्थापना दिवस शुक्रवार को शाखा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।जिले की अग्रणी बैंकों में शुमार यूनियन बैंक का स्थापना दिवस खाताधारकों की उपस्थिति में शाखा प्रबंधक आंजनेय मोहंती ने केक काटकर मनाया। उन्होंने उपस्थित खाता धारकों से कहा कि आपके सहयोग से बैंक अपना स्थापना दिवस मना रहा है। आगे भी आप के सहयोग से इसी तरह कार्य करता रहेगा। बैंक व ग्राहक एक दूसरे के पुरक है। बैंक ने इस समय गोल्ड लोन की सुविधा शुरू की है। जहां खाताधारक अपना स्वर्ण आभूषण गिरवी रखकर जरुरत के अनुसार कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकता है। इनके अलावा 599 दिन के लिए 7 प्रतिशत की दर से फिक्स डिपॉजिट कर लाभ प्राप्त कर सकता। उन्नत मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन व्योम लांच किया है।जो पहले से ज्यादा सरल, सुविधाजनक है। इनके अलावा बैंक द्वारा प्रदान की जा रही अन्य सुविधाओं के बाबत जानकारी दिया।उप शाखा प्रबंधक अखिलेश राउ, आनंद कुमार पटेल,सतीश यादव,कोमल वर्मा, रणविजय, खाताधारक गौरव कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल, रमाकांत तिवारी, दुर्गेश तिवारी, कमलेश गुप्ता सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



यूबीआई शाखा शहाबगंज में स्थापना दिवस मनाते बैंक अफसर व ग्राहक

## डीएपी के साथ किसानों को दिया जा रहा है जबरन यूरिया लिक्विड


**खेतासराय।** डीएपी उर्वरक खाद लेने के लिए किसानों के सामने एक नई मुसीबत आ खड़ी हुई है। साधन सहकारी समितियों पर डीएपी लेने पर किसानों को अब एक बोरी डीएपी के साथ यूरिया का लिक्विड भी लेना पड़ेगा। समितियों पर डीएपी के साथ यूरिया का लिक्विड देने पर मध्यमवर्गीय किसान डीएपी लेने में असमर्थता जाहिर कर रहे हैं।

रबी की बुआई के लिए किसान डीएपी खाद को लेकर साधन सहकारी समितियों पर पहुंच रहे हैं। समितियों पर डीएपी के साथ उन्हें यूरिया का लिक्विड लेने को मजबूर किया जा रहा है। ऐसे में अधिकतर किसान पैसे के अभाव में डीएपी के साथ 240 रुपए का यूरिया लिक्विड नहीं ले पा रहे हैं। मजबूर होकर ऐसे किसानों को बगैर डीएपी लिए वापस लौटना पड़ रहा है। सीधा निवासी किसान जयराम बताते हैं कि फिलहाल यूरिया की जरूरत नहीं होने पर किसानों को डीएपी खाद के साथ यूरिया का लिक्विड जबरन थोपा जा रहा है। साधन सहकारी समिति शाहापुर के सचिव सुरेश कुमार का कहना है कि पीसीएफ इफको के अधिकारियों का आदेश है की डाई के साथ किसानों को यूरिया का लिक्विड दिया जाए। इसी कारण किसानों को डीएपी के साथ इफको नैनो यूरिया लिक्विड दिया जा रहा है।

# जर्मनी में उच्च गुणवत्ता सोलर सेल पर शोध करेंगे पीयू के डॉ. धीरेंद्र चौधरी

## पीयू वैज्ञानिक जर्मनी रवाना, कुलपति ने दी बधाई

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के वैकल्पिक उर्जा शोध केंद्र के वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र चौधरी को साइंस एण्ड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित एस.इ.आर.बी. इंटरनेशनल रिसर्च एक्सपीरियंस (एस.आई.आर.इ.) फेलोशिप प्राप्त हुआ है। इस फेलोशिप के अंतर्गत डॉ. चौधरी जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोन में तीन माह के लिए उच्च दक्षता के सोलर सेल बनाने के लिए शोध करेंगे।



डॉ. धीरेंद्र चौधरी ने बताया कि यह फेलोशिप उन्हें जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोन विश्वप्रतिष्ठित वैज्ञानिक व इंस्टीट्यूट ऑफ इनॉर्गेनिक केमिस्ट्री के निदेशक प्रो. संजय माथुर के साथ लेड रहित सिंगल क्रिस्टल थीन फिल्म का प्रयोग कर उच्च दक्षता के सोलर सेल बनाने के लिए प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के सोलर सेल के विकसित होने से बाजार में बहुत ही कम खर्च के फ्लैक्सिबल सोलर सेल प्राप्त हो सकेंगे। जिन्हें पोर्टेबल पावर सप्लाई के रूप में भी विभिन्न कार्यों जैसे इलेक्ट्रिक कारों व बिल्डिंग इंटीग्रेसन और आईओटी डिवाइसेज आदि के लिए प्रयोग में लाया जा सकेगा। साथ ही साथ ये डिवाइसेस पूर्णरूप से इको इको फ्रैंडली होंगी जिससे इनके प्रयोग से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा।

डॉ. चौधरी इससे पहले आई.आई.एस. इ.आर. कोलकाता व आई.आई.टी. कानपुर में उच्च दक्षता के फ्लैक्सिबल सोलर सेल बनाने हेतु कार्य कर चुके है तथा वर्तमान में डॉ. चौधरी सात विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्राप्त प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने डॉ. धीरेंद्र कुमार चौधरी को बधाई दी तथा यह उम्मीद जताई की भविष्य में रज्जू भैया संस्थान विज्ञान क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय को विश्व पटल पर स्थापित करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राम नारायण, प्रो. सुरजीत यादव, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. काजल डे, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अमित वत्स, डॉ. आशुतोष सिंह समेत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

## अंतर महाविद्यालयीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 12 को

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 12 नवंबर (शनिवार) को क्षेत्र के आचार्य बलदेव पीजी कालेज कोपा, पतरहीं में आयोजित है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश कुमार पाठक अध्यक्ष खेलकूद परिषद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय होंगे। यह जानकारी कालेज के प्रबंधक और उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल यादव (मैनेजमेंट गुरु) ने दी। उन्होंने खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता में उपस्थित होकर सफल बनाने व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# साक्षात्कार का लिफाफा खुला 3 सह आचार्य व आचार्य नियुक्त

जनसंदेश न्यूज

बैठक

### कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला

### नौ मृतक आश्रित की नियुक्ती पर परिषद की मंजूरी

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कार्यपरिषद की ऑनलाइन ऑफलाइन बैठक की गई। जिसमें आचार्य एवं सह आचार्य के नियुक्ति का लिफाफा खोला गया और उन्हें इसके अलावा 8 मृतक पाल्यो को भी नौकरी पर मंजूरी मिली ।

कार्यपरिषद की बैठक कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य की अध्यक्षता में हुई और जिसमें आधा दर्जन से अधिक एजेंडो पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया। जिसमें विगत विभिन्न विभाग में तीन आचार्य, सह आचार्य की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार कराया गया था। जिसका लिफाफा कार्यपरिषद की बैठक में खोला गया ।तीन विभागों में आचार्य एव सह आचार्य की नियुक्ति की गई जिसमे प्रो मिथिलेश सिंह, डा विक्रांत भदेजा,डा संन्तोष कुमार का नाम शामिल है ।इसके अलावा मृतक पाल्य नियुक्त पत्रावली पर भी विचार किया गया। जिसमें 9 मृतक पाल्यो के लेकर विचार विमर्श के बाद उनकी योग्यता के आधार पर नियुक्ति करने की सहमति बनी। जिसमें आशीष श्रीवास्तव, शशांक सिंह ,संदीप सिंह, प्रमोद कुमार, सूर्य प्रकाश पाल, राहुल पांडे, पार्वती देवी ,दीक्षा मिश्रा, मनीष कुमार का नाम शामिल है। मृतक पाल्यो को नियुक्ति के लिए पूर्व महामंत्री डा स्वतंत्र कुमार ने प्रयास पर सफलता मिली।

खबर लगते ही कर्मचारियों में खुशी का माहौल बन गया। पूर्व महामंत्री ने कर्मचारी संघ की ओर से कुलपति व परिषद को कर्मचारी हित में निर्णय लेने पर बधाई दी। कार्यपरिषद परिषद की बैठक का संचालन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इसके अलावा वित्त अधिकारी संजय कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो अविनाश पार्थिडेकर ,डॉ ओपी चौधरी शामिल रहे।

## असहाय की मदद करना हम सब का कर्तव्य : शेख मोहम्मद



**जौनपुर।** नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज अफलेपुर मल्हनी में स्काउट गाइड पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीएड विभाग द्वारा समापन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने किया मुख्य अतिथि शेख मोहम्मद सफी पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी जम्मू कश्मीर एवंम विशिष्ट अतिथि फिरदौस अहद स्काउट गाइड कमिश्नर जम्मू कश्मीर रहे आए हुए अतिथियों का बुक एवं पुष्प देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान में स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा स्काउट गाइड में अनुशासित एवं सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्य अतिथि मोहम्मद शफी ने कहा की स्काउट गाइड के नियमों का हमें पालन करना चाहिए जिससे हमारा सर्वांगीण विकास हो सकता है।विशिष्ट अतिथि फिरदौस अहद ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड हमें अनुशासन के साथ-साथ समाज में असहाय की सहायता के लिए हमेशा तैयार रखती है। अंत में सम्मानित अतिथियों को बुके एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. जुल्फेकार खान अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया किया गया जिसमें बीएड विभाग के प्रवक्ता सिकन्दर यादव, श्याम प्रकाश, प्रिया सिंह, ट्रेनर अजय चौहान, नीतीश प्रजापति, साबिर खान, प्रशांत एवं छात्राएं उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।

# शौचालय में पानी ना देख भड़के चेयरमैन, लगाई फटकार

निरीक्षण

### स्ट्रीट लाइट, सीलिंग फैन और कुर्सियां लगवाने का दिया निर्देश

### रेलवे बोर्ड यात्री सेवा समिति के चेयरमैन ने स्टेशन का किया निरीक्षण

**मुंगराबादशाहपुर।** रेलवे यात्री सेवा समिति (पीएससी) के चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न ने शुक्रवार को चार सदस्य टीम के साथ मुंगराबादशाहपुर स्टेशन का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी ली। शौचालय में पानी न देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई। प्लेटफार्म पर 12 स्टील लाइट, 15 पंखे, सीलिंग फैन व चेयर लगाने के निर्देश दिए। यात्रियो को ठोकर से गिरकर चोट ना लगे जिसके लिए प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर एक सप्ताह के भीतर गड्ढा मुक्त कर समतल करने का अधिकारियों को आदेश किया। निरीक्षण के दौरान यात्रियों से बातचीत कर असुविधा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यात्रियों के बैठने के लिए उन्होंने 80 सीट (कुर्सियां) लगवाने का निर्देश दिया। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी के उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल काजू, विहिप नेता,शीतला प्रसाद मिश्रा, सपा नेता शैलेंद्र साहू व उमा शंकर चौरसिया ने प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, आर ओ पानी, स्टेशन पर लाइट व्यवस्था, सुरक्षा के लिए जीआरपी की व्यवस्था, प्लेटफार्म को ठीक कराने प्रतीक्षालय शेड में पंखे की व्यवस्था व अन्य समस्याओं को लेकर चेयरमैन को ज्ञापन दिया। चेयरमैंन रमेश चंद्र रतन ने लोगो को आश्वासन दिया आपकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड यात्री सेवा समिति के सदस्यों में मिस बेबी चंकी, रामकिशुन, यतेंद्र सिंह व प्रमोद सिंह, एडीआरएम लाल चौधरी, सीनियर डीसीएम प्रतीक श्रीवास्तव, स्टेशन मास्टर आरबी राम, वाली निरीक्षण नीरज सोमवंशी तथा जीआरपी सीओ, इस्पेक्टर सहित रेलवे के आला अधिकारी मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते चेयरमैन

## संक्षेप

### राज्यमंत्री जनता से भेंट करेंगे आज

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद यादव 12 नवंबर को 9 से 11 बजे तक जनसंपर्क कार्यालय में जनता से भेंट करेंगे। 11.30 बजे मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज प्रांगण में महिला एवं पुरुष साफ्टबाल क्रिकेट चैंपियनशिप 2022-23 का उद्घाटन करेंगे। 1 बजे ग्राम सभा वडनपुर में पंचायत भवन एवं खेल मैदान का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। 13 नवंबर को 9 बजे से 11.40 बजे तक जनसंपर्क कार्यालय में जनता से भेंट, 12 बजे ग्रामीण स्टेडियम वनपुरवा जमालपुर जौनपुर में अंतर विद्यालय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेंगे। 14 नवंबर को 10 बजे गजराज सिंह इंटर कॉलेज जमुनिया सुईथाकला जौनपुर में 44वें जनपद स्तरीय परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे।

### सांसद ने प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

**जौनपुर।** सांसद मछलीशहर बी.पी.सरोज द्वारा कृषि विभाग के परिसर में स्थित पीएमजीएसवाई के केन्द्रीय प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए प्रयोगशाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया तथा प्रयोगशाला प्रांगण में ही ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित समारोह में पीएमजीएसवाई-3 के अन्तर्गत निर्मित 24 मार्गो जिसकी लम्बाई 151.570 किमी है का लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सांसद के साथ आये हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ साथ पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता डीके शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी ममता यादव एवं पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता अनिरूद्ध कुमार यादव, अवर अभियंतागण व कार्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।



प्रयोगशाला का उद्घाटन करते सांसद

### राष्ट्रीय स्तर क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन आज

**जौनपुर।** 13वीं सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज ग्राउंड में 12 से 15 नवंबर तक होगा जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से पुरुष एवं महिला टीमें प्रतिभाग करेंगी। आज जम्मू कश्मीर, राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली एवं अनेकों राज्यों की दर्जनों टीमें प्रतिभाग करने के लिए मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्रांगण में आ चुकी हैं। चैंपियनशिप का उद्घाटन 10 बजे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल मंत्री गिरीश चंद यादव होंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अब्दुल कादिर खान ने दी है।

### धक्का मारकर भाग रही स्कार्पियो को छात्रों ने घेर कर क्षतिग्रस्त किया

राहगीर व पीयू छात्र समेत तीन घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी बाजार के पास जौनपुर शाहगंज मार्ग पर दो युवकों को धक्का मार कर भाग रही काली स्कॉर्पियो को विश्वविद्यालय के पास छात्र के वाहन पर धक्का मार दिया। जिससे गुस्साए छात्रों ने स्कार्पियो सवार को पीट कर वाहन को छतिग्रस्त कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पिओ व आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार काली स्कॉर्पियो लपरी बाजार के पास दो युवकों को धक्का मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में जौनपुर शहर की ओर आ रही थी ।उसी दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय मुक्त गेट के पास छात्र शिवम सिंह बाइक से कहीं जा रहा था। स्कार्पियो ने उसे भी धक्का मार दिया। जिस पर छात्र ने नाराजगी जताते हुए स्कार्पियो सवारो को बुरा भला कहा। इस पर स्कॉर्पियो सवारों ने उसे पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर की ओर खदेड़ लिया ।शिवम को पकड़कर व पीटने लगे। जिस पर गुस्साए विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्कॉर्पियो को घेरकर मुख्य गेट पर पकड़ लिया और उसमें सवारों को पीट दिया और इसके अलावा स्कॉर्पियो को छतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो व दो आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने चली गई ।उधर छात्रों ने गुस्सा जाहिर करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पीड़ित छात्र शिवम सिंह ने आरोपियो के खिलाफ तहरीर दिया।

# सड़क हादसों में बाइक सवार युवक की मौत, छह लोग घायल

**जौनपुर।** अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में बाइक सवार युवक की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। इनमें से एक को हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल भेज दिया गया।

हादसा

### बदलापुर के दाऊदपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आया युवक

### गौराबादशाहपुर के चोरसंड में दो ऑटो रिक्शा में हुई सीधी टक्कर

बदलापुर कस्बा निवासी 35 वर्षीय जावेद अख्तर शुक्रवार की दोपहर बाइक से कुचौहां गांव में दावत में शामिल होने जा रहे थे। बदलापुर-शाहगंज मार्ग स्थित दाउदपुर गांव के पास पीछे से अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। बाइक समेत छिटककर गिरने से जावेद अख्तर के सिर में गहरी चोट आई। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। मृत युवक के घर कोहराम मचा हुआ है।

एक अन्य हादसा जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर गौराबादशाहपुर के चोरसंड गांव के पास गुरुवार की देर रात हुआ। ऑटोरिक्शा सवारी लादकर आजमगढ़ की तरफ जा रहा था। चोरसंड गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा से आमने-सामने टक्कर हो गई। ऑटो रिक्शा पलट गया। उसमें सवार साजन निवासी गांव छतरपुर, सुशीला देवी निवासी आजमगढ़, दूधनाथ निवासी पिपरी जिला सोनभद्र, संजय कुमार निवासी बिथार गौराबादशाहपुर, माला निवासी निवासी सराई, आजमगढ़ व पूजा निवासी नयनसंड गौराबादशाहपुर घायल हो गईं। मौके पर जुटे लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड भेजा। डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद साजन को जिला अस्पताल भेज दिया।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम अखईपुर निवासी दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र स्व. शिव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि उक्त दुष्कर्मी पर आईटी एक्ट समेत अन्य कई संवेदनशील धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। वही अभियुक्त फरार चल रहा था। जिसे प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने अपने हमराहियों के साथ शुक्रवार को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे घर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## एम्बुलेंस में सफलता पूर्वक ईएमटी ने कराया प्रसव जच्चा बच्चा सुरक्षित

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के धमार्पुर बाजार में 108 एम्बुलेंस के ईएमटी ने एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के प्रेमापुर गांव निवासी रवि कुमार की पत्नी सोनी देवी को शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। सोनी देवी के परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल कर के अस्पताल के जाने के लिए सूचना दिया। 108 एम्बुलेन्स सोनी को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमार्पुर के लिए निकली।

एम्बुलेंस जैसे ही धमार्पुर बाजार के बहोरा के पूरा के पास पहुचा तभी सोनी को प्रसव पीड़ा तेज हो गया। इस दौरान ईएमटी सर्वेश कुमार निषाद व आशा पुष्पा तिवारी ने सोनी की डिलीवरी एम्बुलेंस में ही करवाया। डिलिवरी के बाद ईएमटी सर्वेश कुमार निषाद ने नवजात को पीएचसी ले जाकर उपचार कराने के बाद घर भेज दिया। जच्चा और बच्चा दोनो स्वस्थ है।

# जिला अस्पताल से भागा अपराधी धराया

दुस्साहस

### गुरुवार की दोपहर चकमा देकर पुलिस कस्टडी से हुआ था फरार

### कोतवाली पुलिस ने आधी रात भंडारी से पकड़ा

**जौनपुर।** जिला चिकित्सालय से गुरुवार की दोपहर पुलिस को चकमा देकर फरार हुए दुष्कर्म व मारने-पीटने के आरोपित अपराधी को आधी रात कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। इसके बाद महकमे ने राहत की सांस ली। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया।

पड़ोसी जिले प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना के मरगूपुर निवासी सुरेश खरवार उर्फ शुभम के विरुद्ध सिंगरामऊ थाना में क्षेत्र की एक लड़की ने मारने-पीटने व दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को बदलापुर पुलिस ने वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। गुरुवार को एक्स-रे कराने के लिए बदलापुर थाने के कांस्टेबल देवेश कुमार यादव व होमगार्ड दशरथ राम आरोपित सुरेश खरवार को जिला कारागार से लेकर जिला अस्पताल ले गए थे। अस्पताल परिसर से दोपहर करीब 12 बजे सुरेश खरवार सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर चारदीवारी फांदकर भाग गया था। पुलिस महकमे में खलबली मच गई। जनपद के साथ ही प्रतापगढ़ जिले की पुलिस भी उसकी तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश देने लगीं।

देवेश कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली में फरार अपराधी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर (क्राइम) अशोक यादव पुलिस टीम के साथ सुरेश खरवार की तलाश में जुट गए। आधी रात पुलिस टीम ने सुरेश उर्फ शुभम खरवार को भंडारी स्टेशन से पकड़ लिया। वह कहीं भागने की फिराक में था। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित का चालान कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## न्यायालय के आदेश पर आठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुड़ाव गांव निवासी चन्द्रबली यादव पुत्र उमाशंकर यादव ने एसीजेएम थर्ड के यहां प्रार्थना.पत्र दिया कि 26 सितम्बर की सुबह करीब नौ बजे मेरे पट्टीदार बासदेव यादवए लोलारक नाथए सन्तलाल यादवए दीपक यादवए खुशबूए सुषमाए उपमा यादवए क्षमा यादव द्वारा आबादी की जमीन पर मेरे मड़हे में भैंस बांधने लगे। मना करने पर उपरोक्त लोग एक राय होकर मुझे तथा मेरे परिवार वालों को घर में घुसकर गाली गलौच देते हुए लात.घूंसों व लाठी.डण्डों से मारा पीटा तथा घर का सारा सामान तोड़ डाला। घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने लगे और मना करने पर मंगल.सूत्र छीन लिया व जान से मारने की धमकी दी। संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना.पत्र दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उपरोक्तगण के खिलाफ धारा 147, 323, 452, 504, 427, 392, 506 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की मनायी जयंती



जयंती पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**करंजाकला।** सहकारी पीजी कॉलेज मिहरावा में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के देश में शिक्षामंत्री के पद पर रहते हुए साक्षरता दर के सम्बन्ध में उनके योगदान को बताया। डॉ अरविन्द सिंह ने कहा कि मौलाना किस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के परिवर्तन हो रहें हैं और समय के साथ पाठयक्रम, शिक्षक एवं विद्यार्थियों में विशेष परिवर्तन होने चाहिये।

महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रोफेसर पुष्पा सिंह ने छात्रों को देश में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को समझाया। संचालन डॉ शैलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोद मुक्त राजे, संयोजक अमृत महोत्सवद्धए डॉ राज बहादुर यादव, डा रणधीर कुमार एनसीसीएएनओ, डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी रोवर्स रेंजर्स, डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ विकास सिंह, डॉ नीरज सिंह, डॉ रविकांत सिंह, डॉ शिव कुमार यादव, डॉ शिव प्रताप सिंह, डॉ नितेश यादव, डॉ तारकेश्वर सिंह, डॉ राघवेंद्र कुमार, डॉ मनोज कुमार सोनकर डॉ संजय कुमार शर्मा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## चोरी की पांच साइकिलें बरामद

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने एक चोर को पांच साइकिलों सहित उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। बताया गया कि कोतवाली में नियुक्त उपनिरीक्षक सैयद हसन जफर रिजवी को जरिए मुखबिर सूचना मिली थी कि नगर में आए दिन हो रही ताबड़तोड़ साइकिल चोरी के पीछे सिकरारा थाना अंतर्गत ग्राम अलीशापुर के शिवम सोनी का हांथ है। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने ग्राम अलीसापुर में उसके घर छापा मारा तो वहां उसके घर के भीतर रखी चोरी की पांच के साइकिलें बरामद हो गई। उनमें से एक हरकुलिस साइकिल थी जिसे उसने तीन दिन पहले स्थानीय डॉक्टर तेज बहादुर सेवा अस्पताल के सामने से चुराया था, जिसमें सीसीटीवी कैमरे में चुराते समय उसकी हरकत रिकॉर्ड हो गई थी। रिकॉर्डिंग के आधार पर अस्पताल के चिकित्सक मैं अपने स्तर से उसकी छानबीन करा कर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने अभियुक्त शिवम सोनी पुत्र पप्पू सोनी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# कांग्रेस दमदारी से लड़ेगी निकाय चुनाव : बृजलाल

चुनाव

### संगठन की गतिविधियों का जायजा लेने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

**मुंगराबादशाहपुर।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों एवं संगठन की गतिविधियों का जायजा लेने हेतु विधानसभा के कार्यकताओं का नब्ज टटोला।

प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का तरहठी मोड़ पर पूर्व प्रत्याशी डा.प्रमोद के सिंह, सुजानगंज ब्लाक अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह व नगर अध्यक्ष हाजी सहजादे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्षों, न्याय पंचायत अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव करीब है। जिसमे कांग्रेस जाति धर्म के बंधन को तोड़ते हुए सभी को साथ लेकर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर जनता में दिखने लगा है। आने वाला समय कांग्रेस का है। पूरे प्रदेश में डेंगू का कहर व्याप्त है प्रदेश सरकार आँखे बंद किए बैठी है। डा. प्रमोद के सिंह ने कहा कि आज जनता महंगाई एवं बेरोजगारी का दंश झेलने को विवश हैं।

राहुल गांधी द्वारा जो भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही हैं उसका उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनने व भविष्य में दूर करने के लिए है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मूल उद्देश्य को लोगों में घर-घर पहुंचाने तथा एकजुट होकर युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारियों में लगने की आवश्यकता है। क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी को हरा सकती है। इस अवसर पर मल्हनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश मिश्र मंगला, एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर, ललित चौरसिया, आनंद सिंह, मनोज गौतम, राहुल यादव, अभिषेक, आशु उपाध्याय, संत लाल पटेल, नीरज सरोज, कृपा शंकर पटेल, अशोक पटेल, लल्लन दुबे, राजेश तिवारी आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते लोग

# नगरीय निकायों में कराये जाने वाले विकास कार्यों की सचिव ने की समीक्षा

**बैठक**

### जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर जल निकासी कराये जाने की समुचित व्यवस्था कराये जाने का निर्देश



नगरीय निकायों में कराये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा करते सचिव

**ज्ञानपुर।** नगर विकास विभाग के सचिव अनिल कुमार शुक्रवार को जनपद के दौरे पर रहें। जनपद भ्रमण के दौरान नगर विकास के सचिव अनिल कुमार ने नगर निकाय द्वारा संचालित नगर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न नगर निकायों में कराये जाने वाले कार्यों एवं अन्य नगरीय विकास कार्यों के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।नगर भ्रमण के दौरान सचिव नगर विकास ने नगर पालिका गोपीगंज में वेंडिंग जोन व नगर पंचायत ज्ञानपुर के वार्ड नंबर एक सहित कई वार्डों व क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जल निकासी व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। आवश्यकतानुसार पम्पसेट आदि का प्रयोग भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि जल भराव वाले स्थानों पर नियमित रूप से एन्टी लारवा का छिड़काव भी कराया जाय। सचिव नगर विकास ने कहा कि नगर के समस्त क्षेत्रों में जलापूर्ति के शुद्धता की जांच हेतु जल के नमूने एकत्र कर उनका ओटी टेस्ट तथा वायरोलॉजिकल, बैक्टीरियोलॉजिकल एवं केमिकल एनालिसिस कराया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, जलनिगम अर्बन के जीएम ए सी दुबे, अधिशासी अभियंता गंगा प्रदूषण संजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## अपना दल एस विधानसभा की बैठक संपन्न

**भदोही।** अपना दल एस के बैनर तले विधानसभा की मासिक बैठक घमहापुर में हरिलाल पाल के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि रहे अपना दल एस के प्रदेश सचिव अनुसूचित मंच गुलाब चंद सरोज ने डॉ भीम राव अम्बेडकर जी एवं पार्टी संस्थापक स्व. डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक प्रारम्भ की। संचालन कर रहे अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने अपने विचार रखते हुए सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश व मार्गदर्शन करते हुए नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह लग जाने व कमर कस लेने की बात कही। ताकि चुनाव में सफलता के नए आयाम हासिल हो सके। क्योकि शीर्ष नेतृत्व का दिशा निर्देश मिलने पर कोई कमी न रह जाये। इस लिए पूरी ताकत से चुनाव की तैयारियों में लग जाईये और संगठन की सभी इकाईयों को दुरुस्त समय से कर ले ताकि कोई कमी न रहे चुनाव तैयारियों में। इस अवसर पर कपिल देव बिंद, लल्लू राठौर, कमला शंकर गौड़, राजमणि यादव, प्रदीप पाल, मनोज प्रजापति, बेचूलाल पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीओ ज्ञानपुर, ग्राम प्रधान सहित 31 पर मुकदमा

**कार्रवाई**

### कोर्ट से स्टे की जमीन पर रास्ता बनवाने का आरोप

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के जोधापुर गांव में न्यायालय से जमीन पर स्थगन आदेश होने के बाद भी जबरदस्ती रास्ता बनवाने के मामलें में न्यायालय के आदेश पर पर सीओ ज्ञानपुर (तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुरियावां), आधा दर्जन पुलिस के जवानों, ग्राम प्रधान, ग्यारह मनरेगा मजदूरों समेत 31 लोगों के खिलाफ गुरुवार को सुरियावां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुरियावां पुलिस मामलें की जाँच कर रही हैं।

थाना क्षेत्र के जोधापुर गांव निवासी कमरुद्दीन ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां प्रार्थना पत्र 156(3) के तहत गत माह दिया था। कहा था कि सिविल जज जूडि भदोही के न्यायालय में मुकदमा 1312 दीवानी 2021 में कमरुद्दीन बनाम रमाशंकर 23.11.2021 को दाखिल किया था। जिसमें कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश पारित किया था। जिसकी जानकारी रमाशंकर व सुरियावां थाने की पुलिस को थी। बावजूद इसके 26 नवंबर 2021 को ग्राम प्रधान श्रीराम यादव, बलवंता यादव, रमाशंकर शर्मा, राम केवल शर्मा, कुश शर्मा, रोहित शर्मा एक राय होकर आए जबरदस्ती जमीन पर कब्जा करना चाहा।विरोध करने पर गालियां देने के साथ ही घर में घुसकर पांच हजार रुपये के सामान को नुकसान पहुंचा दिया। उसी दिन सुरियावां थाने में घटना की सूचना व स्टे की कापी दी, लेकिन न्याय नहीं मिला। ऐसे में न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। वादी ने कहा कि प्रधान, प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पांडेय (वर्तमान में सीओ ज्ञानपुर) जवानों व मनरेगा मजदूरों की फौज उतार कर 19 दिसंबर 2021 को मेरी जमीन पर बिछी पुरानी ईंटों को उखाड़ कर मेरे मकान के पश्चिमी तरफ ईंट बिछाकर सीमेंट से घुलवा कर जबरदस्ती रास्ता बनवा दिया गया। ऐसा न करने की बात कहने पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाने में आईपीसी की धाराओं 147, 148, 149, 323, 504, 506, 386, 120 बी, 166, 34, 452, 427 के तहत रमाशंकर शर्मा, राम केवल शर्मा, कृष्ण मुरारी, श्रीराम यादव, कुश शर्मा निवासी जोधापुर। इसके अलावा सुरियावां थाने में तैनात रहे परशुराम यादव उपनिरीक्षक, आशुतोष पांडेय, प्रदीप सरोज, मुनेश कुमार कांस्टेबल, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पांडेय, कांस्टेबल घनश्याम पांडेय, मनीष, 11 मनरेगा मजदूर नाम व पता अज्ञात, अमित, प्रमोद, संतोष, जलेबा देवी, श्याम नारायण यादव, बृजराज यादव, सरोजा देवी निवासी जोधापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरियावां राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की कार्यवाही चल रही हैं।

## इनोवा में कंटेनर ने पीछे से मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल

**भदोही।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के गेराई स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर इनोवा में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रयागराज के नई झूसी निवासी मोहम्मद हनीफ 55 वर्ष, दिलशाद 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद ईशा, इरफान 25 वर्ष पुत्र मोहम्मद ईशा, हसीना बेगम 50 वर्ष पत्नी मोहम्मद ईशा, आयशा 30 वर्ष, हीना 35 वर्ष, तथा वारिस 19 वर्ष पुत्र इलियास निवासी जलालपुर भदोही इनोवा कार से झूंसी से भदोही वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होने परिवार के साथ जा रहे थे। वह जैसे ही गेराई राष्ट्रीय राजमार्ग के कट पर मुड़ने लगे उसी दौरान प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार कंटेनर पीछे से इनोवा में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान इनोवा का पीछा का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और इनोवा में बैठे पीछे के लोग जहां गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं आगे की सीट पर बैठे लोग मामूली रूप से घायल हुए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से इरफान को रेफर कर दिया गया। वही कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में ले ली।

# शिविर में 200 बच्चियों को आत्म रक्षा का सिखाया गुर

**भदोही।** प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चियों को स्व निर्भर होकर निडर होकर समाज की कुरीतियों से लड़ने का मंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार ने कहा की जिले में 15000 बच्चियों को आत्म रक्षा हेतु प्रोत्साहित करके भदोही को महिला नेतृत्व की मिशाल बनाना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर मशहूर गायक राजेश परदेशी ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी अपने संगीत के माध्यम से दिया। यातायात माह में जिले के ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत ने सभी छात्रों को हेलमेट और सिटबेल्ट के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. एसपी गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य डा. आलोक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियन आदर्श शुक्ला, नेशनल डांसर सुमित गुप्ता, योगाचार्य ऋषभ दुबे, दिनेश यादव, उमेश गुप्ता, पंकज जायसवाल आदि सभी शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।




## व्यापारियों ने जेब्रा के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सहयोग देने का लिया निर्णय

**चंदवक।** जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में 18 दिसंबर को मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्रांगण में होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्षए जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह के निर्देश पर व्यापार मंडल चंदवक की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष त्रिलोकी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आये जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि संस्था हर तीसरे साल पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराती है। व्यापारीगण गरीब जोड़ो को मिलाने में पूर्ण सहयोग करें। चंदवक व्यापार मंडल के संरक्षक डा अजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब तबके के बेटे बेटी की शादी संस्था अपने खर्च पर करता है। वास्तव में सराहनीय व पुण्य का कार्य है। बैठक में सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिये व्यापारियों ने अपना भरपूर समर्थन व सहयोग देने का निर्णय लिया। साथ ही पैसों के अभाव में कुछ गरीब की बेटियों व बेटों की जो शादियां नहीं हो पा रही है।

# नगर में डेंगू व वायरल फीवर के मरीज बढ़े, पालिका बेखबर

**बोले आरिफ सिद्दीकी**

### पूर्व सपा जिलाध्यक्ष का आरोप, रोकथाम के लिए नहीं उठाएं गए उचित कदम

**भदोही।** नगर के सभी मोहल्लों सहित नई बाजार और उसके आस-पास के गांवों में बहुत ही तेजी के साथ डेंगू व वायरल फीवर अपने पांव को पसार चुका है। लेकिन इसके बावजूद भी मलेरिया विभाग द्वारा इसकी रोकथाम के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाए गए। अगर शुरूआती दौर में ही जहां-जहां पर पानी लगा हुआ था। वहां-वहां पर विभाग द्वारा छिड़काव किया गया होता तो शायद यह नौबत नहीं आती। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी शुक्रवार को नगर के पचभैया मोहल्ले में स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इसमें बीमारी का प्रकोप इतना है कि लाखों की संख्या में लोग इसकी चपेट में आ गए हैं। एक ही घर के 10-10 की संख्या में लोग पीड़ित होकर विभिन्न निजी अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। जहां पर इलाज के नाम पर उनका लाखों रुपए खर्च हो जा रहे हैं।



श्री सिद्दीकी ने कहा कि मलेरिया विभाग की तरह नगर पालिका परिषद का भी हाल हो गया। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार कुंभकरण की तरह सो रहे हैं। नगर में न तो फागिंग कराई जा रही है और न ही छिड़काव कराया जा रहा। जबकि नगर के सभी नाले और नालियों की साफ-सफाई के साथ छिड़काव कराएं जाने की जरूरत थी। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को बीमारी के रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दें ताकि और लोग भी इसकी चपेट में न आ सकें।

### मूल्यांकन परीक्षा 30 को

**ज्ञानपुर।** संख्यात्मक ज्ञान के साथ पठन में निपुणता के लिए राष्ट्रीय पहल पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर को किया गया है। उक्त परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों बौद्धिक ज्ञान की क्षमता को देखना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि आयोजित उक्त परीक्षा से छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और व आने वाले भविष्य में सभी परीक्षाओं में अच्छा अंक लाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। निपुण मूल्यांकन परीक्षा अब उच्च स्तरीय परीक्षा के आधार पर होगा। सभी बच्चे ओएमआर शीट पर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों को प्रश्न पत्र दिया जाएगा और छात्र प्रश्नों का उत्तर ओएमआर शीट पर भरेंगे।

## संक्षेप

### यूपीएससी में चयनित डॉ श्रृष्टि वर्मा के आगमन पर स्वागत



**सुजानगंज।** क्षेत्र के बेलवार में यूपीएससी में चयन होने पर अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी बनकर गाँव में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जानकारी के अनुसार बेलवार निवासी डा श्रृष्टि वर्मा ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी में चयनित होकर चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुई। उत्तर प्रदेश के जनपद मिर्जापुर में अतिरिक्त चिकित्साधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभालेगी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान डॉण वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर दिन-रात एक डरावना तनाव था यदि मैं हंसती नहीं तो मर जाती बहुत हंसी आती है मुझे उन लोगों पर जो मुझे मुझसे ज्यादा जानते थे। खेलकर पाने का मजा ही कुछ और है रोकर मुस्कुराने का मजा ही कुछ और है हार तो जिंदगी का हिस्सा है हारने के बाद जीतने का मजा ही कुछ और है। हम उन हालातों से गुजरे जहां सुनने वाला हिम्मत छोड़ देता है और दिखने वाला दम। ऐसे हालातों से गुजरते हुए आज इसका पूरा श्रेय हमारे नानीए माता पिता और हमारी हृदय प्रिय मित्र डॉक्टर सुमन और डॉक्टर प्रियंका को जाता है।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय एक मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला प्रशिक्षण वर्ग मछलीशहर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यकताओं को अपने अंदर नवीन ऊर्जा का संचार करके पार्टी कार्यों तथा नीतियों को किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रहलाद यादव, जिला महामंत्री सुदर्शन सिंह, रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला मंत्री विकास सिंह रमेश सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### नूर मोहम्मद ने ताइक्वांडो की प्रतियोगिता में जीता सोना

**जफराबाद।** वसीरपुर गांव के निवासी नूर मोहम्मद 11 वर्ष ने गोवा में आयोजित जूनियर वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। उसके शुक्रवार को घर वापस आने पर लोगों ने जमकर स्वागत किया। उक्त गांव निवासी मोहम्मद आसिफ का पुत्र नूर मोहम्मद कक्षा छह में पढ़ता है। बचपन से ही खेलकूद तथा ताइक्वांडो में रुचि रही। वह प्रांतीय स्तर की कई प्रतियोगिता में मेडल जीत चुका है। गोवा में आयोजित जूनियर वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, असम, हरियाणा, पंजाब आदि प्रदेश के लगभग 90 बच्चे उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लिए। जनपद से कोच संजीव साहू के साथ नूर मोहम्मद भी अन्य कई बच्चों के साथ गया गया था। घर वापस आते ही गांव के प्रतिष्ठित लोगों ने उसे माला पहनाकर स्वागत किया। उसने अपने सफलता का श्रेय अपने पिता मोहम्मद आसिफ तथा कोच को दिया।

### उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की उपस्थिति में लोक अदालत आज

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के तत्वाधान में न्यायमूर्ति शमीम अहमद उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रशासनिक न्यायाधीश की उपस्थिति में जनपद न्यायाधीश विजेंद्र कुमार शैलेश के कुशल मार्गदर्शन में आज जनपद न्यायालय परिसर ज्ञानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें विशेष रुप से बैंक के लंबित मामले, अतिरिक्त आपराधिक संबंधी बाद एन आई एक्ट की धारा 138 के बाद बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, प्रतिकर वाद, राजस्व चकबंदी, श्रम स्टैंड पारिवारिक वाद अन्य मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# भरत मिलाप के संवाद को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** महराजगंज ब्लॉक के कंधी गाव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी राम कथा के कथा वाचक काशी से आये मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्रा ने राम भरत मिलाप की कथा सुनाते हुए कहा कि भरत ननिहाल से आकर अपने पिता का अंतिम संस्कार कर अयोध्या से गुरु वशिष्ठ को साथ लेकर तीनों माताओं के साथ वन के लिए प्रस्थान किया। आगे निशाद राज से भेंट हुई तब ज्ञात हुआ कि भारद्वाज ऋषि के आश्रम में राम पधारे थे। ऐसा जानकर भरत ने मुनि को प्रणाम कर प्रभु श्रीराम का कुशलछेम पूछा। तब पता चला कि प्रभु चित्रकुट में कुटी बनाकर निवास कर रहे हैं। तब भरत की यात्रा चित्रकुट के लिए प्रस्थान हुई। देवताओं ने भरत की सेवा कर भक्तों का मान बढ़ाया। आगे जब श्रीराम ने भरत को देखा तो मन ही मन प्रसन्न हुए। राम और भरत का मिलन देखकर देवताएं भी पुष्प वृष्टि करने लगे। सीता ने अपनी सासू माताओं को प्रणाम कर पिता जनक से मिली। उसके बाद वशिष्ठ के चरणों की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उधर भरत अयोध्या जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। राम ने बताया भरत पिता के वैकुंठ जाने पर प्रजा की रक्षार्थ आप हमारी चरण पादुकाओं को अयोध्या की राजगद्दी पर स्थापित करें। ऐसा वचन सुन भरत को संतोष हुआ। आगे पादुका सिर पर धारण कर अयोध्या पुनरू वापस आ गए और नंदी गांव में कुश का आसन बिछाकर 14 वर्ष अयोध्या के प्रजा की सेवा कर अपनी रामभक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। इसलिए संतों ने कहा है कि बड़ा भाई हो तो श्रीराम जैसे और छोटा भाई हो तो भरत जैसे। इस अवसर पर हरिशंकर शुक्ल, अतुल मिश्र, श्याम जी मिश्र, महेन्द्र पांडेय, जितेंद तिवारी, संजय तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा सुन भाव विभोर हो गए। आयोजक श्याम जी मिश्र ने लोगो का आभार व्यक्त किया।



रामकथा सुनाते डॉ मदन मोहन मिश्रा

## ओवरलोड में 15 वाहनों का चालान, पांच लाख जुर्माना




**भदोही।** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार चल रहा है। शुक्रवार को औराई से धौरहरा बार्डर तक खनन अधिकारी के नेतृत्व में चले अभियान में 15 वाहनों का चालान किया गया, साथ ही पाँच लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया गया। जबकि एक मामला न्यायालय में दर्ज हो गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अनवरत अभियान चल रहा है। औराई से लेकर भदोही बॉर्डर और जौनपुर बॉर्डर के बीच निगरानी रखी जा रही है। जिससे कोई भी ओवरलोड वाहन बचकर नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान वाहन चालक इधर-उधर भागते नजर आए यह अभियान चलता रहेगा।

# शो पीस बनी हुई है सोलर लाइट

**सुइथाकला।** चार दिन की चाँदनी, फिर अंधेरी रात। कुछ इसी तर्ज पर क्षेत्र का रामनगर बाजार तिराहा अपनी किस्मत को कोस रहा है। बाजार वासियों की माँग पर तिराहे पर लगी सोलर लाइट महीनों से अपने उद्देश्य में विफल होकर महज शोपीस बना पड़ा हुआ है। लोगों की मानें तो सालों पहले सांसद कोटे से लगा उक्त सोलर लाइट लगने के कुछ ही समय तक तिराहे को जगमगाता रहा। उसके बाद से आलम यह हुआ कि तिराहावासियों और सफर पर आने और जाने वालों को फिर से अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोग भयजदा दिखायी पड़ते हैं। लोगों का मानना है कि भले ही सरकार वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा के प्रति सजग है और मात्र सोलर लाइट पर ही अरबों खरबों रुपए लगा चुकी, पर देखरेख के अभाव में सोलर लाइट कई जगहों पर महज एक शो पीस बनकर पड़ा हुआ है। ऐसे में सरकार उक्त समस्या के प्रति क्या कदम उठाती है यह भविष्य ही बता पाएगा।



## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जौहरपुर गांव में गुरुवार की रात पिकअप के धक्के से एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि जौहरपुर गांव निवासी विकास यादव 20 वर्ष खेत से काम कर साइकिल से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होगा। घायलावस्था में निजी अस्पताल गोपीगंज भर्ती कराया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# वित्तीय सशक्तिकरण व अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका

## वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव का पोस्टमास्टर जनरल ने किया शुभारंभ, खुले 2500 खाते

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** डाक विभाग अब सिर्फ पत्र ही नहीं पहुँचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बचतए बीमाए आधारए पासपोर्टए कॉमन सर्विस सेंटरए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंकए गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने जौनपुर में आयोजित श्वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सवश का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।

बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो श्आत्मनिर्भर भारतश की संकल्पना भी साकार होगी। पोस्टमास्टर जनरल ने सीईएलसी प्रतियोगिता के विजेता निशा चौधरीए ब्रांच पोस्टमास्टर उदपुर घेलहवाए बदलापुरए अमित कुमार ब्रांच पोस्टमास्टर मिरशादपुरए बदलापुर और बिपिनए ब्रांच पोस्टमास्टर गजेंद्रपुरए खुटहन को आईपीपीबी की तरफ से स्कूटी देकर उत्साहवर्धन किया। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि आमजन में डाकघर की बचत योजनाएँ बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहींए बल्कि घर बैठे ही सभी अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के द्वारा जीवित प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि वर्तमान में कुल 6.97 लाख डाकघर बचत खाते व 1.54 लाख आईपीपीबी खाते हैंए वहीं 63 हजार से ज्यादा बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते संचालित हैं। जौनपुर में अब तक 11 गाँवों को फाइव स्टार विलेजए 77 गाँवों को संपूर्ण बीमा ग्राम व 173गाँवों को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया गया है। मण्डल के डाक अधीक्षक पीसी तिवारी ने मंडल में विभिन्न डाक सेवाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार द्वारा लक्ष्य प्राप्ति के प्रति पोस्टमास्टर जनरल को आश्वस्त किया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 39 हजार बचत खातेए 5 हजार बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाते व 10 हजार से ज्यादा आईपीपीबी खाते खोले गए। 66 हजार लोगों को घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से २३ करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। 13 हजार लोगों ने डाकघर के माध्यम से नया आधार बनवाया या अपडेट किया। 3.600 लोगों ने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट केंद्र में पासपोर्ट बनवाया। इस अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक अशोक सिंह, अजय कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक शशिकांत कन्नौजिया, प्रवीण कुमार, परिवाद निरीक्षक श्रीकांत पाल, पोस्टमास्टर जौनपुर प्रधान डाकघर आनन्द शुक्ला, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक मैनेजर साक्षी सिन्हा, जनसंपर्क निरीक्षक मोहित राम यादव, रवि रंजन, विक्रांत सिंह, सोनी यादव, हर्षिता सिंह सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# तीनों तहसीलों में एसडीएम के नेतृत्व में गठित की गई टीम

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** खेतों में पराली जलाने की रोकथाम के लिए शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील स्तर पर उड़नदस्ता टीम गठित किया हैं।एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम ग्राम प्रधानों व लेखपालों की सूचना पर से खेतों में पराली जलाने की रोकथाम करेंगी।

डीएम के निर्देश पर ज्ञानपुर तहसील में एसडीएम को दस्ता प्रभारी, पुलिस विभाग से सीओ ज्ञानपुर व कृषि विभाग से ज्ञानपुर, डीघ, अभोली के एडीओ पंचायत कृषि को उड़नदस्ता टीम की जिम्मेदारी सौंपी है। औराई तहसील में उपजिलाधिकारी को दस्ता प्रभारी, सीओ को पुलिस विभाग से व भदोही व औराई के सहायक विकास अधिकारी कृषि को टीम में शामिल किया है। ज्ञानपुर तहसील में एसडीएम को दस्ता प्रभारी, पुलिस विभाग से क्षेत्राधिकारी को सुरियावां, भदोही व अभोली के सहायक विकास अधिकारी कृषि को उड़नदस्ता टीम की जिम्मेदारी दी हैं। जिलाधिकारी गौरंग राठी ने उड़नदस्ता टीम को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी स्थिति में धान पराली एवं अन्य कृषि अपशिष्ट न जलाये जायें, इस रोकने के लिए प्रत्येक तहसील एवं विकास खण्ड के समस्त लेखपाल एवं ग्राम प्रधानों को सम्मिलित करते हुए एक वाट्सअप ग्रुप बनाया जाये, यदि उन क्षेत्रों में कहीं भी फसल अवशेष जलाये जाने की घटना होती है तो संबंधित लेखपाल एवं ग्राम प्रधान वाट्सअप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से सबंधित तहसील स्तर पर गठित उडनदस्ते को तत्काल इसकी सूचना देंगे।

**सख्ती**

### खेतों में पराली जलाने की रोकथाम के लिए डीएम ने गठित की उड़नदस्ता टीम



# कैनवास पर बखूबी उतरा मोदी का सियासी सफर

## चित्रकार अकबर साहब ने खूबसूरती से उकेरी है प्रधानमंत्री मोदी के फर्श से अर्श तक पहुंचने तक की यात्रा



### सीएम योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित पेंटिंग प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

### : 'उज्ज्वला', 'स्पिरिचुअलिज़्म', 'नोटबंदी', 'मुद्रा योजना', 'पॉज़िटिव थिंकिंग' आदि चित्र हैं बेहद प्रभावशाली



सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित सात दिनी पेंटिंग प्रदर्शनी का शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुभारंभ किया। मोदी के फर्श से अर्श तक के सफर में पीएम बनने के बाद कुछ समय पहले तक लिए गये कई ऐसे फैसलों और योजनाओं को चित्रकार अकबर साहब ने कैनवास पर उतारा है जिनसे न सिर्फ भारत की जनता का मनोबल बढ़ा है और वह लाभांवित हो रही है बल्कि वैश्विक स्तर पर मोदी की ओर से की गयी विभिन्न पहल को पूरी दुनिया देख रही है। सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री श्री सोनोवाल समेत सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दुबई में बसे भारतीय चित्रकार अकबर साहब ने इन चित्रों में मोदी के गुजरात से लेकर प्रधानमंत्री और विश्व नेता को बनने की अब तक की यात्रा को पेंटिंग्स के माध्यम से बड़ी ही खूबसूरती के साथ उकेरा है। आयोजन का उद्देश्य है कि भारतीयों को उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। चित्रों में से कई पेंटिंग मोदी के जीवन से जुड़ी हुई हैं तो कई उनकी ओर से देश और विश्वस्तर पर की गयी पहल व प्रयासों को दर्शा रही है। बनारस के सांसद नरेंद्र मोदी पर आधारित ऑयल एवं एक्रेलिक कलर के प्रयोग से तैयार इन पेंटिंग्स का डिस्प्ले 'भारतमाता' से शुरू होकर सकारात्मक सोच को प्रेरित करते चित्र 'पॉजिटिव थिंकिंग' पर जाकर ठहरती है। प्रदर्शनी में पेश किये गये चित्रों के आरंभिक क्रम से चलें तो 35वीं पेंटिंग्स 'स्पिरिचुअलिज़्म' भी कलाकार की प्रभावशाली कृति है। इसमें दुनियाभर में लोकप्रिय होते 'योग' को ग्लोब आकार में विश्व को दर्शाते हुए उसके ऊपर पद्मासन मुद्रा में बैठे एक व्यक्ति का चित्र और कलर कॉम्बिनेशन दर्शकों को ठहरने के लिए बाध्य करता है। भले ही देश के प्रत्येक नागरिक की जुबान पर उज्वला योजना हो लेकिन प्रदर्शनी में 'उज्वला' शीर्षक से पेश की गयी पेंटिंग बड़ी की खूबसूरती से पूरी कहानी बयां कर देती है। इस चित्र में हॉस्पिटल में मरीज को एक स्टैंड पर बॉटल लटकाकर दी जाने वाली सेलाइन के स्टैंड उकेरते हुए उसमें एक घरेलू गैस सिलेंडर को उल्टा लटका दिया गया है। सिलेंडर के वॉल्व के सिरे पर सीरिंज आदि के जरिये गैस की सप्लाई गरीब परिवारों के घरों में भेजे जाने का दृश्य कई मायनों में काफी दमदार असर छोड़ रहा है। वहीं 'कनेक्टिंग विथ द वर्ल्ड' चित्र भारत के आधुनिकीकरण की योजना की दिशा में नरेंद्री मोदी तमाम देशों के साथ बेहतर संबंध बनाने के प्रयास को उकेरा गया है। इसमें अन्य देशों को प्रतीक रूप से पांसे की तरह दिखाया गया है। अन्य पेंटिंग 'कॉन्फ्लिक्ट' में सिंधु जल समझौते के बावजूद पाकिस्तान द्वारा 2016 में किये गये हमले के बाद समझौते पर दोबारा विचार करते हुए मोदी का कथन पेश करने की कोशिश हुई। जिसमें मोदी ने कहा था कि 'खून और पानी का बहाव एकसाथ नहीं हो सकता'। इस चित्र में दो विचारों को पर्वतों के बीच बहती नदी का रंग लाल और सफेद दिखाने के बजाय कोई और विकल्प प्रस्तुत करने की जरूरत थी। वहीं, 'नोटबंदी', 'स्वच्छ भारत', 'खादी', 'ब्लैक डेमन', 'पीपल्स लीडर', 'सेकेंड चांस', 'कनेक्टिंग इंडिया', तीन तलाक पर प्रतिबंध में बाद मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की जीत पर आधारित 'आजादी', एक राष्ट्रीय बाजार के उद्भव पर 'पॉज़िटिव थिंकिंग', 'मुद्रा योजना', देश की एकता व शांति बनाए रखने के विचार को दर्शाती 'हार्मनी', 2014 में लालकिले से स्वच्छ भारत के संकल्प पर 'रियलाइज़िंग', 'मेक इन इंडिया' वगैरह बेहद प्रभावशाली चित्र हैं। आयोजन में दिल्ली के निकट नागला फतेला में 70 साल बाद पहुंची बिजली और उसके बाद सोलर लाइट को 'नाऊ एंड देन' में अच्छे ढंग से दिखाया गया है। इसी प्रकार 'टारगेट' में भारत द्वारा किये गया सर्जिकल स्ट्राइक, 'पीस नॉट वायलेंस' में देश के लिए पर्याप्त सेना की जरूरत, 'रेस्पेक्ट लाइफ' में सभी जीवों का आदर, गुजरात दंगों को लेकर उस दौर में आलोचनाओं के झंझावातों के दौरान मोदी की शांतचित्तता और संतुलन को 'ट्रुथ प्रेवेल्स' में पेश किया है। वहीं, गुजरात के वडनगर से साधारण घर-परिवार से उठकर प्रधानमंत्री बनने तक मोदी की दृढ़ता को 'डेयर टू ड्रीम' के जरिये प्रभाशाली ढंग से अकबर साहब ने प्रस्तुत किया। ऐसे ही कई और चित्र प्रशंसनीय हैं।

## 2014 में बनाया 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का चित्र!

रुद्राक्ष में पीएम मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पेंटिंग्स प्रदर्शनी में पेश चित्रों को कलाकार अकबर साहब ने अलग-अलग वक्त पर चित्रित किया है। एक बिंदु भ्रमित करने वाला है। अधिकांश चित्रों में चित्रकार अकबर ने पेंटिंग निर्माण का वर्ष भी लिखा है। उनमें गुजरात में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशालकाय मूर्ति की पेंटिंग 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' 2014 में चित्रित किये जाने की बात कही गयी है। प्रदर्शनी के अधिकतर चित्रों में दिये गये उल्लेख के मुताबिक तमाम चित्र 2014 से लेकर 2017 के बीच उकेरे हुए बताए गये हैं। वहीं, यह प्रदर्शनी यदि किसी आर्ट गैलरी में लगती को उसका प्रभाव और अधिक हो सकता था।







## विद्यार्थी बोले प्रेरक आयोजन

पेंटिंग प्रदर्शनी में उद्घाटन के बाद सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चों ने भी प्रदर्शनी देखी। छात्रा आमना ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हमें सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करती है। छात्रा श्रद्धा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी की मजबूती के साथ पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर दिलाया है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में आमलोगों को नजदीक से बताते के लिए यह पेंटिंग प्रदर्शनी सराहनीय है। छात्र राजेश कुमार ने कहा कि हम मोदी के फैन हैं। छात्र अखिलेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रदर्शनी में डिस्प्ले किये गये चित्रों कलाकार ने बेहद गंभीरता के साथ उकेरा है। वहीं, बीएचयू में म्यूजिकोलॉजी के छात्र अंशुमन माथुर कहते हैं कि पेंटिंग के जरिये प्रधानमंत्री की पर्सनाल्टी को पेश करना किसी चुनौती से कम नहीं और चित्रकार ने यह जिम्मेदारी बखूबी निभायी है।


---



आखिर आ गया फैसला

# कैसे रिहा हो गये राजीव के हत्यारे

चेन्नई। एक असाधारण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे छह अभियुक्तों को जेल से रिहा कर दिया। शीर्ष अदालत ने नलिनी और आरपी रविचंद्रन समेत सभी दोषियों की रिहाई का आदेश दे दिया। कोर्ट का आदेश आने के एक घंटे बाद ही उम्र कैद की सजा काट रहे सभी अभियुक्तों को रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बी वी नागरत्न की बेंच ने कहा कि इन लोगों के केस में भी एक अभियुक्त एजी पेरारिवलन के मामले में दिया गया फैसला लागू होगा।







## सोनिया ने दोषी नलिनी को किया था क्षमा

राजीव गांधी हत्याकांड में जब नलिनी को गिरफ़्तार किया गया, तब वो गर्भवती थीं। उसकी प्रेग्नेंसी को दो महीने हो गए थे। नलिनी श्रीहरन को आत्मघाती दस्ते का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। नलिनी को पहले तीन अन्य दोषियों के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सोनिया गांधी की अपील के बाद नलिनी की सजा को घटाकर उम्र कैद में तब्दील कर दिया गया था। सोनिया ने कहा था कि नलिनी की गलती की सजा एक मासूम बच्चे को कैसे मिल सकती है, जो अब तक दुनिया में आया ही नहीं है। राजीव गांधी हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट ने 26 दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि मई 1999 में सुप्रीम कोर्ट ने 19 लोगों को बरी कर दिया था। बचे हुए सात में से चार अभियुक्तों (नलिनी, मुरुगन उर्फ श्रीहरन, संथन और पेरारिवलन) को मृत्युदंड सुनाया गया और बाकी (रविचंद्रन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार) को उम्र कैद की सजा मिली। चारों की दया याचिका पर तमिलनाडु के राज्यपाल ने नलिनी की मौत की सजा तो उम्र कैद में तब्दील कर दी। बाकी अभियुक्तों की दया याचिका 2011 में राष्ट्रपति ने ठुकरा दी थी। स्मरणीय है कि 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी रैली के दौरान धनु नाम की लिट्टे की एक आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। एलटीटीई की महिला चरमपंथी धनु ने राजीव को फूलों का हार पहनाने के बाद उनके पैर छूए और झुकते हुए कमर पर बंधे विस्फोटकों में ब्लास्ट कर दिया। राजीव और हमलावर धनु समेत 16 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 45 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पत्रकार नीना बताती हैं कि मुझे सुमन दुबे (राजीव गांधी के मीडिया सलाहकार) से बातें करते हुए दो मिनट भी नहीं हुए थे कि मेरी आंखों के सामने बम फटा। मैं आमतौर पर सफेद कपड़े नहीं पहनती। उस दिन जल्दी-जल्दी में एक सफेद साड़ी पहन ली। बम फटते ही मैंने अपनी साड़ी की तरफ देखा। वो पूरी तरह से काली हो गई थी और उस पर मांस के टुकड़े और खून के छींटे पड़े हुए थे। ये एक चमत्कार था कि मैं बच गई। मेरे आगे खड़े सभी लोग उस धमाके में मारे गए थे। नीना बताती हैं, बम के धमाके से पहले पट-पट-पट की पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी थी। फिर एक बड़ा-सा हुश हुआ और जोर के धमाके के साथ बम फटा। जब मैं आगे बढ़ी तो मैंने देखा लोगों के कपड़ों में आग लगी हुई थी, लोग चीख रहे थे और चारों तरफ भगदड़ मची हुई थी। हमें पता नहीं था कि राजीव गांधी जीवित हैं या नहीं। श्रीपेरंबदूर में उस भयंकर धमाके के समय तमिलनाडु कांग्रेस के तीनों चोटी के नेता जीके मूपनार, जयंती नटराजन और राममूर्ति मौजूद थे। केस की जांच के लिए सीआरपीएफ के आईजी डॉक्टर डीआर कार्तिकेयन के नेतृत्व में एक विशेष जाँच दल का गठन किया। कुछ ही महीनों में इस हत्या के आरोप में एलटीटीई के सात सदस्यों को गिरफ़्तार किया गया। मुख्य अभियुक्त शिवरासन और उसके साथियों ने गिरफ़्तार होने से पहले साइनाइड खा लिया।

## लिट्टे ने रची थी साज़िश

दरअसल राजीव गांधी ने श्रीलंका में लिट्टे विद्रोहियों को काबू करने के लिए भारतीय सैनिक भेजे थे. शांति सेना के नाम से भारत की सेना भेजने के इस फैसले से लिट्टे नाराज था। 1991 में जब लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार पर निकले राजीव गांधी चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर पहुंचे तो वहां लिट्टे ने राजीव पर हमला करने का प्लान बनाया और इसे अमली जामा पहनाया। केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए बनाई गई स्पेशल जांच एजेंसी को भंग कर दिया। यह मल्टी डिसीप्लीनरी मॉनिटरिंग एजेंसी राजीव गांधी की हत्या के पीछे किसी बड़ी साज़िश की जांच के लिए बनाई गई थी। इसे 1998 में जैन आयोग की सिफारिश पर बनाया गया था। इस मामले में अब विदेशी साज़िश की जांच सीबीआई करेगी।

### उम्र कैद की सजा रिहाई में कैसे बदली

### संविधान के किस अनुच्छेद का हवाला देकर जजों ने दिया फैसला

## क्या है पेरारिवलन का मामला



इस साल 18 मई को कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए गए असाधारण शक्तियों का हवाला देकर पेरारिवलन को रिहा कर दिया था। पेरारिवलन राजीव गांधी हत्याकांड में 30 साल उम्र कैद की सजा काट चुके थे। जबकि श्रीहरन, रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, एजी पेरारिवलन और रॉबर्ट पायस और जयकुमार को उम्र कैद की सजा दी गई थी और ये 23 साल जेल में बिता चुके हैं। बेंच ने इन लोगों को रिहाई के आदेश देते हुए कहा कि दोषियों ने 30 साल जेल में बिताए हैं। इस दौरान उन्होंने अपना समय पढ़ाई में लगाया और डिग्रियां हासिल कीं। सभी अभियुक्त खुद को समय से पहले रिहा करने की मांग को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई लड़ते रहे थे। तमिलनाडु सरकार ने भी इन्हें समय से पूर्व रिहा करने के लिए गवर्नर से सिफारिश की थी। हालांकि गवर्नर ने इस सिफारिश को मानने से इनकार करते हुए राष्ट्रपति को फाइल भेज दी थी। बाकी अभियुक्तों ने ए.जी. पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिहा करने के आदेश का हवाला देकर रिहाई की मांग की थी। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट में जून में नलिनी और रविचंद्रन ने रिट याचिका दायर कर तमिलनाडु सरकार से रिहाई का निर्देश देने की मांग थी। इसमें कहा गया था कि उनकी रिहाई के लिए सितंबर 2018 में कैबिनेट ने जो सिफारिश की थी, उस पर गवर्नर की मंजूरी के बगैर अमल हो।

---

# मैं कोई आतंकवादी नहीं-नलिनी

**पहली प्रतिक्रिया**

### रिहाई के बाद बोली- पिछले 32 साल संघर्ष के रहे

जनसंदेश न्यूज

**चेन्नई।** जेल से रिहा होने के बाद नलिनी ने एक टीवी चैनल से बात की। उन्होंने कहा- मैं आतंकवादी नहीं हूं। मैं पिछले 32 साल से जेल में बंद थी और ये मेरे लिए संघर्ष वाले समय रहे हैं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करती हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया। विश्वास रखने के लिए मैं तमिलनाडु के लोगों और सभी वकीलों को धन्यवाद देती हूं। राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा किए जाने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है- मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। नियुक्त किए गए राज्यपाल को चुनी हुई सरकार के फैसले को नहीं बदलना चाहिए।

## श्रीलंका, यूके सहित 24 देशों से मांगा था ब्योरा

एमडीएमए पुलिस उप महानिरीक्षक यानी डीआईजी रैंक के अफसर की अगुआई में काम कर रही थी। इसने हत्या से जुड़े लोगों के बैंकिंग लेनदेन और कनेक्शन्स की जानकारी हासिल करने के लिए श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम और मलेशिया जैसे देशों को 24 लेटर भेजे थे। एजेंसी को इनमें से 20 से ज्यादा के जवाब भी मिल चुके थे। माना जा रहा है कि इस केस में ज्यूडिशियल या दूसरे कानूनी पहलुओं को भी अब सीबीआई ही देखेगी।

## हत्याकांड की स्पेशल जांच एजेंसी हो चुकी है भंग

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए बनाई गई स्पेशल जांच एजेंसी को भंग कर दिया है। यह मल्टी डिसीप्लीनरी मॉनिटरिंग एजेंसी राजीव गांधी की हत्या के पीछे किसी बड़ी साजिश की जांच के लिए बनाई गई थी। इसे 1998 में जैन आयोग की सिफारिश पर बनाया गया था। यह स्पेशल एजेंसी पिछले 24 साल से सीबीआई के तहत काम कर रही थी। इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अफसर शामिल थे। एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था। इस मामले में आगे की जांच सीबीआई की एक अलग यूनिट करेगी। राजीव गांधी की हत्या तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में 21 मई 1991 को हुई थी। उन पर लिट्टे कार्यकर्ता धनु ने आत्मघाती हमला किया था। केस की जांच के लिए गठित जैन आयोग ने 1998 में हत्या के पीछे विदेशी साजिश की जांच के लिए स्पेशल एजेंसी बनाने की सिफारिश की थी। शुरूआत में दो साल के लिए बनी एजेंसी को अब तक हर साल एक्सटेंशन दिया जा रहा था, लेकिन यह केस से जुड़ी कोई बड़ी कामयाबी हासिल करने में नाकाम रही।

